a mechanism would be established and a committee will be constituted. The Chairperson will nominate the committee. Thereafter we will start. The mandate of the Committee was to address the concerns of the Left Parties on the impact of the Hyde Act, impact of 123 Agreement and the impact on both, India's independent foreign policy and our three-stage civil nuclear programme, which we had accepted long ago. These concerns of the Left Parties will be addressed by this committee. Thereafter, the findings of the committee will be taken into account before the operationalisation of the civil nuclear cooperation. Please remember these are the words which were used. The text was drafted by myself and one of the important Left leaders. As he is a Member of the other House, I am not mentioning his name. Both of us read it jointly. The operative part was that after we finalize the findings of the committee, the findings would be submitted to the Chairperson of the UPA. It is because this mechanism was established by the UPA Chairperson. Sir, it was not a Parliamentary Committee appointed by you, [R40]it was not a Government Committee appointed by the Prime Minister. It was a political mechanism appointed by the Chairperson, UPA. Therefore, it was our responsibility to submit the findings of the Committee to the UPA Chairperson and thereafter it was the responsibility of the Government to take this into account before operationalisation of the Cooperation Agreement.

We had nine meetings. In the first six meetings we addressed their concerns which have been elaborated and even published in the document which Shri Salim was showing to us. Many of those notes and correspondences are reproduced there. After that some problem arose in November, 2007. We told them, look IAEA is an organisation which has been established by India itself. India is one of the founding members of IAEA. Out of 35 Governors, India is one of the 10 permanent Governors. It is known as the Board of Governors of the IAEA and it has 10 permanent Governors. So, it is our own organisation. They were expressing concerns on three major issues. Firstly, how IAEA can assure un-interrupted fuel supply? Secondly, is the Government sure that the IAEA is going to recognise the Government's Separation Plan and strategic programmes? Thirdly, is the Government sure that if there be a disruption in the fuel supply, can the Government get some remedy from IAEA? We said that all these concerns will be adequately addressed once we finalise this document. Then again, with the intervention of the Chairperson, UPA it was decided that we would go to the IAEA and after it is initialled – initialled what? It is not the document, but the agreed text, to freeze the text, the language of the text, not acceptance. These are done by the negotiators who are the employees of the Principal. Here Principal is the Government of India and the Principal is the IAEA. Questions have been raised as to why we have not given the text when the text was finalised. It was not given. We explained the reasons to them not once but in three meetings. It was said that we will give the outcome. We will explain them the substantive provisions. We could not give the text because in various countries there are various methods of treating documents. In our country, we say confidential is something that is a secret document; a privileged document; a classified document, a restricted document. IAEA uses the phrase restricted and de-restricted. The IAEA officials said that they cannot bind any sovereign country with their documents. They bind themselves. It is the understanding. It is commonsense that when they are binding themselves, our Government has to. That is why the Chairperson of the UPA appointed on behalf of the UPA all Ministers as members because she knew that when we shall have to share the information, some of the information are to be based on classified document. Therefore, we told them that we shall have to wait and when it is circulated as an agenda for the approval of the Board of Governors, the text will be available. We have made the text available. The moment this arrangement collapsed, then all of you are aware as to what happened and I need not mention that. Please remember that, before rushing into conclusions that there are time differences between India and Geneva, between Geneva and the USA.

MD. SALIM : The times of those are ahead of us.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: When Shri Karat read out his letter to me, the last line of it read that time has come to withdraw support and thereafter he announced that they were going to the hon. President to submit the list. [R41]

The Indian time was 12.30 but the time in Vienna was 9 a.m....(*Interruptions*) I am not going into that. Whatever has happened has happened subsequent to that but not before that. So, there is no question of betrayal in any way. Whatever has happened has happened after that.

MD. SALIM : So, the document was not classified.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: The document was classified by ourselves. We did it. We did it ...(*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जब सारी दुनिया को पता चल गया, तब डिक्लासीफाई कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप जब भाषण देंगे, तब बोलिएगा।

â€¦(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: That is the normal practice. Prof. Malhotra, you are too senior and I am not going into the merits of it. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Unless he yields, I cannot allow you.

...(*Interruptions*)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: It is a fact that even for an important agreement like the Indo-Soviet Friendship Treaty of 1970,

Parliament came to know of it after it was announced that an agreement had been signed. I am not going into the merits of the constitutional provisions. But from 26th January, 1950, till today, this is the position. Mr. Advani had the opportunity to see it as the Home Minister, as Deputy Prime Minister, when he appointed a Commission to have a relook at the constitutional provisions. I do not know why it did not occur to him at that point of time to give this particular provision to the Commission which was appointed, which was presided over by a retired Chief Justice of the Supreme Court. It appears to me a lacuna. Why this belated wisdom?

SHRI L.K. ADVANI : Because of this experience....(*Interruptions*)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Most respectfully I would like to submit that even before that, the Leader of Opposition had a similar agitation on the WTO agreement. After that, he came to power. Even before that, he had various reservations and he was one of the important leaders in the other House who formed coalition with the then CPI(M) leader in that House to frustrate that Bill and after that, you know that we lost in Geneva. Subsequently, with our support, the same deal, with only some cosmetic changes, you had to pass when you were in the Government. Most respectfully, I would like to submit, if I would be in the Parliament, I would see what type of great new deal you will bring for this country. Let us wait for the future. I am not going into that. ...(*Interruptions*)

Mr. Speaker, Sir, I would not take much time of the House. But I would like to point out certain other substantive issues which have been stated very eloquently. Firstly, why you are going in for this civil nuclear cooperation? What great facilities we will get out of it? Today, we are having our total power generation capacity at about 1,45,000 megawatt. I need not explain why power is needed Power is needed for everything. Everybody knows it. The point is, whatever we are saying like power will be available, etc. is true or whether it is fiction. Today our installed capacity is 1,44, 56[U42]5 megawatts.

What are the projections for the future? I am not talking of remote future. I am talking of near future, that is 2030, just 23 years from right now. By 2030, the energy deficit alone would be 1,50,000 megawatts. If we go a little longer, that is by 2050, our energy deficit would be 4,12,000 megawatts. When these figures are worked out, we take into account thermal power, coal, petrol and diesel, hydel power, and non-conventional energy sources like wind, solar, etc. Even after their fullest exploitation, that would be the deficit.

If we take the nuclear power on board, as per some studies, if we start the work on that today or if we initiate action now, to produce 40,000 megawatts of energy in the period of eight years from 2012 to 2020, we will be able to reduce the energy deficit from 4,12,000 megawatts to only 7,000 megawatts in 2050. â€¦ (*Interruptions*)

In 2030, that means within 22 years, we will be able to reduce it by 1,00,000 megawatts against the deficit of 1,50,000 megawatts. 1,00,000 megawatts will be made up and only 50,000 megawatts will remain.

Now, let us go back a little bit to see what had happened in one of the advanced countries. Charles de Gaulle was the President of France in 1948. After the devastation of Second World War, the visionary leader thought that if he wants to build up France, it will require nuclear energy. He started the work in 1948. But there was strong anti-nuclear energy lobby and there was a lot of resistance in France itself. Charles de Gaulle did not continue for long time. But they went on working despite the strong anti-nuclear energy lobby. The first oil crisis came in 1973. From 1974 they started building up their nuclear energy programme. Today, from 1974, within 34 years, 79 per cent of their energy comes from nuclear. People are asking why America is not doing it; why Russia is not going in a big way for nuclear energy. It is not for me to answer. It is for them to answer that. But one simple reason comes to my mind. They are floating on oil. Primary sources of energy in those countries are much more than what it is in India. Primary source of energy in our country is much less. Take, for instance, coal. If we have to derive energy from coal, by 2050 we shall have to import 1.6 billion tonnes of coal[MSOffice43].

14.00 hrs.

All the capacities of the ports today will be totally utilised to load and unload coal. Therefore, we shall have to build up the capacities of the ports also. This is one factor.

The second factor is hydel resources. Our hydel resources are located in such places at the initial stage that even if we have massive plantation programme at the initial stage, massive destructions of woods would be needed which will be strongly resisted by the environmentalists. Leave these factors. What is happening in Uttarakashi? Efforts to build hydel power plant is getting resistance from the environmentalists. All of us are fully aware. Our Government felt, their Government felt and it is not just suddenly felt. We are here for the last four years. Before four years, they were in power for six years. Uranium mining in Jadugoda or uranium mining in Meghalaya was not that simple.

To score a debating point, you can say it. But if they refuse to accept it, what pinch they felt when they wore that shoe, only God can help them and I cannot help. But here we are feeling the pinch. That is why we want it. I must congratulate the hon. Prime Minister that he has taken a visionary approach to have the Civil Nuclear Cooperation Agreement. Pandit Jawaharlal Nehru started this programme in 1948. Eminent scientists starting from Homi Bhabha to Vikram Sarabhai and we had the company of that great Scientist, Dr. Raja Rammana, I had the privilege of working with him in the Rajya Sabha. All of them made significant contributions. That is why, today, our scientists and engineers can do this miracle. It is not merely getting the energy. This cooperation will open the door of 30 years' isolation – from 1974 till date –of our nuclear technology. I would not use the word `apartheid' but sometimes strong words are being used. That is going to be broken and that is the advantage.

Why should we go to NSG? It is because unless we go to NSG, our friends in Russia, our friends in France and even our friends in other countries cannot agree to have this. The NSG and IAEA clearance are the two clearances that can be described in common man's language as passport and visa. Whether I travel or not it depends on me. But if I do not have a passport, I cannot even apply for the visa. If I do not have the visa, I cannot enter into that country. These are the passport and visas. Please let us

have these passport and visas. Then, we will decide whether we will travel or not and if we travel, what would be our destination of the travel. If you want to decide that, no, you will be denying, it is for the collective wisdom of the Members of the Parliament, those who are representing 70 crore voters. They will take the decision, not me, not merely my words. I can just place my case. I can place my case on behalf of the Government. You are the ultimate masters and you have to decide whether you will accept it or not. But this much I can tell, most respectfully that whatever judgement you give, we will accept it with due respect to you. But before the judgement, in delivering the judgement, I would surely like to plead my case to convince the hon. judges of this highest court of the public opinion. Therefore, please have the patience. What would be the position if the motion is rejected?[a44]

The Government will go. Anyway, the Government will have to seek the mandate, as the Leader of the Opposition has said, after six months or seven months or eight months if it survives. If it does not survive, it does not survive. But what would be the impact of it? This is a pointed question to my Left friends. You may debate with me. You may challenge me. But search your heart and ask yourselves this question. Do you feel this is the issue on which the Government should be brought down - a Government which has been able to maintain a nine per cent GDP growth over a period of four years? I have some figures with me....(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): What about inflation? This is not the only issue....(*Interruptions*)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : I am talking of the 9 per cent GDP growth....(*Interruptions*) This Government takes credit for that....(*Interruptions*) Gentlemen, till the other day, you were taking this credit. I would not like to quote. Umpteen number of times, you have stated that you are pressurizing the Government to pass the NREGA, the Right to Information Act. ...(*Interruptions*) You have taken the credit saying that you have pressurized the Government to give rights to the tribal people in respect of their forest land though factually it is not correct. ...(*Interruptions*) After all, you shall have to keep in mind that many of all these initiatives were taken by the UPA....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This is not the way to do it. Shri Basu Deb Acharia, you have other speakers from your party who will speak. When you speak, you raise this point. This is not right.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not record anything.

*(Interruptions) â€¦ **

SHRI PRANAB MUKHERJEE: But the broad point which I am trying to make is that it is a dangerous thing to bring down the Government. I will not take much time. Please have your patience....(*Interruptions*) I will take just one minute. I am not yielding....(*Interruptions*)

Most respectfully, I would like to submit one thing by quoting one of my good friends Shri Hannan Mollah. He said this the other day. What should I do? He said:

"If the BJP is in the train, do you expect me to jump from the running train?"

* Not recorded

Most respectfully, I say this. Do not jump from the running train. You will get injured. I do not want my good friend to get injured. I would simply advise you to please wait. Let the next station come. You change the train. You have the same destination. There is no harm if you reach your destination a little later. Please do

not identify yourself with those forces which destroyed the Babri Masjid....(*Interruptions*) Please do not make the mistake of 1977 and 1988....(*Interruptions*)

Please do not forget it....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The other interruptions should not be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

SHRI PRANAB MUKHERJEE: In 1988, you said that the BJP is not untouchable. ...(*Interruptions*) Having photographed with Shri Atal Bihari Vajpayee, you said this....(*Interruptions*) A photograph was published on 2nd July reporting the meeting of 1st July when you said: "The BJP is not untouchable." You said that you would defeat the Congress; you would work with the BJP. ...(*Interruptions*) Consequently, the BJP increased its strength from 2 to 89 and thereafter to 119. From then onwards, the BJP has moved from strength to strength. ...(*Interruptions*)

In 1988, you gave respectability to BJP. In 1992, the Babri Masjid was destroyed. ...(*Interruptions*) Do not allow them to destroy Parliament, to destroy Parliamentary democracy and to destroy human rights....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Salim, what is going on here? This is not fair. You cannot do it. You should have patience.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Please do not miss the train. By adopting the anti-Congress posture, do not travel with them. Please remember that your companion is a bad companion, not a credible companion.

With these words, I conclude.

* Not recorded

MR. SPEAKER: I call the next speaker – Prof. Ram Gopal Yadav.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please allow the hon. leaders to make their views clear.

...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA (PANSKURA): Mr. Speaker, Sir, may I suggest one thing? Let us have a Lunch recess.

SHRI BASU DEB ACHARIA : We can have it for half-an-hour.

MR. SPEAKER: Are you agreeable? Very well, the House will sit at 3 p.m. again.

The House stands adjourned to meet at 3 p.m.

14.09 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.[R45]

15.02 hrs. hrs.

The Lok Sabha reassembled after lunch

at Two Minutes past Fifteen of the Clock

(Mr. Speaker in the Chair)

MOTION OF CONFIDENCE IN THE COUNCIL

OF MINISTERS – Contd.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल): अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि इस एतिहासिक चर्चा में भाग लेने के लिए आपने मुझे अनुमति दी और आपको इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि आप पूरे अपने अनुभव और योग्यता के साथ इस सदन की अध्यक्षता कर रहे हैं। मैंने नेता, प्रतिपक्ष आदरणीय आडवाणी जी को सुना, भाई सलीम को सुना और प्रणव दा को सुना। आइंस्टीन की रिलेटिविटी की थ्योरी का प्रतिपादन किया था तो लोगों को आश्चर्य हुआ था कि सारी चीजें सापेक्ष कैसे हो सकती हैं? Nothing is absolute. Nothing is absolutely true. Everything is relative. और कॉमन व्यक्ति को रिलेटिविटी का सिद्धांत समझाते हुए एक जगह उदाहरण दिया था। Time is relative और यह कहा था: If you are sitting beside a furnace, five minutes will appear to be equal to five hours, but if you are sitting beside a beautiful woman, five hours will appear to be equal to five minutes. [r46] यहां पर जो बातें कही जा रही हैं, उन्हे सारा देश सुन और देख रहा है। यह सापेक्ष पूरी तरह से सच नहीं है। जो व्यक्ति जिस ऐंगल से देखता है, उसे वही ऐंगल दिखाई देता है। एक प्रसिद्ध फिलॉसफर कृष्णामूर्ति हुये हैं जिन्होंने एक जगह लिखा है कि जब बादल गरजते हैं तो गौरैया डरकर अपने घोंसले में छुप जाती है जबकि मोर नाचने लगता है। एक को बहुत अच्छा लगता है तो दूसरे को खराब लगता है। आज हम जिस मसले पर यहां वाद-विवाद कर रहे हैं, उसका समर्थन देश की बहुत बड़ी जनता कर रही है जबकि कुछ थोड़े से लोग ही उसका विरोध कर रहे हैं। कुछ राजनैतिक व्यक्ति निजी कारणों या निहित स्वार्थों से उसका विरोध कर रहे हैं। देश व्यक्ति की राजनीति या राजनैतिक दलों से बड़ा होता है, यह हमें मानकर चलना चाहिये। जब देश की प्रतिष्ठा, उसके मान-सम्मान का सवाल हो, जो देश का नेतृत्व कर रहे हैं, दो चीजों का हमेशा ध्यान रखा जाता है। जब हम देश की जनता के बीच में जाते हैं तो यह कहते हैं कि किसी को समर्थन देने के लिये यह देखना चाहिये कि नेता की नीति और नीयत कैसी है? अध्यक्ष महोदय, जब इस सदन में इस विषय पर चर्चा हुई थी तो उस समय भी मैंने कहा था कि मुझे माननीय प्रधानमंत्री जी की नीयत, उनकी ईमानदारी और देश के प्रति इनकी निष्ठा के संबंध में रत्तीभर भी संदेह नहीं है और वही बात कहने के लिये और मैं उनके विश्वास मत का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं।

अध्यक्ष जी, सदन में माननीय आडवाणी जी और श्री मोहम्मद सलीम जी ने कुछ बातें कही हैं। उनकी बातों को मद्देनजर रखते हुये मैं कुछ पहले कहना चाहूंगा और अपनी बात मैं बाद में कहूंगा। माननीय आडवाणी जी देश के बहुत बड़े नेता हैं जिन्हें बहुत जल्दी है कि ये कब प्रधानमंत्री बनें? "He is leader in hurry " उन्होंने एक शब्द "कोऑलीशन धर्म " का प्रयोग किया था। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि जब गुजरात में दंगे हुये थे, जब निर्दोष लोगों का नर-संहार किया गया था, मुसलमानों का एक तरह से कत्लेआम किया गया था तो माननीय अटल जी ने एक शब्द का प्रयोग किया था कि मोदी ने राजधर्म का पालन नहीं किया है। अटल जी राजधर्म की और आडवाणी जी हमारे प्रधानमंत्री जी को कोऑलीशन धर्म की सलाह दे रहे हैं। यह सोचना चाहिये कि उन्होंने कब किसी धर्म का निर्वहन किया? एक बात उन्होंने कही कि क्या पार्लियामेंट इरैलवैंट हो

गयी है? हमारे कांस्टीट्युशन में कहीं इसकी व्यवस्था नहीं है। अगर कोई इंटरनैशनल ट्रीटी करता है तो पार्लियामेंट इसका रैटिफिकेशन करेगी। मैं प्रधानमंत्री की और उनकी डैमोक्रेटिक प्रिंट की तारीफ करना चाहूंगा और उन्हें बधाई देना चाहूंगा कि इस बारे में चर्चा होने के बाद भी और इस कदम को उठाने के बाद उन्होंने अपनी तरफ से आकर सदन में विश्वास के मत का प्रस्ताव पेश किया है। क्या यह पार्लियामेंट की रैलेवेंसी शो नहीं करता? इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है?[s47] मजबूरी कोई नहीं, मजबूरी आपकी हो सकती है, आप भी नहीं चाहते। आप मजबूरी की बात कर रहे हैं, मैं आपको दिखा रहा हूं कि आपके नेता ने "सामना" में क्या लिखा है, उसमें लिखा है - "डील विरोधी लेफ्ट, चीन का गुलाम।" उन्होंने कहा कि ये पहले रूस और सोवियत युनियन के इशारे पर नाचा करते थे और अब चीन के इशारे पर नाचते हैं। सामना में सम्पादकीय है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं सौर साहब से कह रहा था कि नेता कुछ कहते हैं और आप कुछ करते हैं। आप अगर डील को देश समर्थक मानते हों तो आप इसके पक्ष में वोट कीजिए। मैंने शुरु में ही कहा कि देश बड़ा होता है, व्यक्ति या राजनैतिक दल बड़ा नहीं होता। ...(व्यवधान) आप मुझे डिस्टर्ब मत कीजिए। आडवाणी जी ने कहा कि यह सही है कि जब विश्वास मत पर चर्चा हो रही हो तो इन टोटेलटी चर्चा होती है, लेकिन यहां एक विशेष मुद्दे को लेकर सैशन बुलाया गया है और लोग उसी पर केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि इस संधि के बाद पहले पोखरान वन हुआ था, जिसे स्वर्गीय इंदिरा जी ने किया था। उसके बाद पोखरान टू हुआ और अब पोखरान तीन कभी नहीं हो सकता। मैं यह जानना चाहता हूं कि जब देश पांच विस्फोट कर चुका है, जिसमें एक थर्मो न्युक्लियर एक्सप्लोजन भी है तो टेस्ट की जरूरत क्या है? टेस्ट तब किया जाता है जब हमें संदेह हो कि हमारा काम ठीक है या नहीं। जब टेस्ट होकर सब कुछ ठीक हो गया, क्या अमेरिका, रूस और चीन रोज़ाना टेस्ट कर रहे हैं? ...(व्यवधान) ये रोज़ाना टेस्ट नहीं कर रहे हैं। जब पिछली बार किया था, उसका भी मुझे मालूम है कि कब किया था। जब हम इस पोजिशन में हैं...(व्यवधान)

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): It has done 45 times...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: All right. He has given the information.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : जब हम इस पोजिशन में हैं कि हम बना सकते हैं तो हमें जरूरत क्या है और जब जरूरत पड़ेगी तो कहीं रोक नहीं। अगर कहीं नेशनल इंटरस्ट में देश की एकता, अखंडता एवं सप्रभुता पर खतरा होता है तो इस डील में कहां पाबंदी है कि हम यह कदम नहीं उठा सकते, कोई पाबंदी नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, मैं अन्य बातों पर नहीं जाऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि यह सही है कि हिन्दुस्तान ने नॉन प्रोलीफ्रेशन ट्रीटी पर कभी समझौता नहीं किया, सीटीबीटी पर दस्तखत नहीं किए। इस सब के बाद भी मुझे प्रधान मंत्री जी की तारीफ करनी होगी कि यह एक अपवाद है कि एनपीटी और सीटीबीटी पर दस्तखत न करने के बाद भी एनएफसी ग्रुप में एंटर करने का मौका हमें इस एग्रीमेंट के बाद मिल रहा है। It is an exceptional case. इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी और सरकार को बधाई देना चाहता हूं। माननीय आडवाणी जी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा बहुत खराब है।[s48]

यह सही है, लेकिन मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने तमाम जगह विस्फोटों की बात कही, लेकिन वे यह भूल गए कि जब वे देश के गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री थे, तब इस देश की पार्लियामेंट पर हमला हुआ, लाल किले पर हमला हुआ और कश्मीर की विधान सभा पर हमला हुआ। देश की पार्लियामेंट पर तो तब हमला हुआ, जब देश के प्रधान मंत्री ने, मुम्बई में दो दिन पहले कहा कि पार्लियामेंट पर हमला हो सकता है। जब देश के प्रधान मंत्री कहते हैं कि पार्लियामेंट पर हमला हो सकता है और दो दिन बाद हमला हो जाता है। The then Home Minister could not stop it. वह आदमी अब यह कहे कि देश में बहुत जगह विस्फोट हुए, कहां तक उचित है। हम सब ह्यूमन बीइंग्स हैं। देश को सर्वोपरि समझते हुए, इन सारी बातों से ऊपर उठते हुए, यदि ये बड़ी सोच रखते हैं, तो उन्हें अपना दिल भी बड़ा रखकर ये बातें करनी चाहिए।

आप भी और आप भी, आडवाणी जी का नाम तो लाल कृष्ण है। लाल और लाल मिल गए। कभी-कभी दो माइनस मिलकर पॉजीटिव हो जाते हैं, यह मत कीजिए। माइनस और माइनस, प्लस। इस पूकार की इनसे कभी उम्मीद नहीं की जा सकती है। जिन लोगों ने इस पार्टी को बनाया था, ...(व्यवधान)

श्री रूपचंद पाल (हुगली) : कुछ दिन पहले इन लोगों ने जो हाउस में बताया था, उसकी भी तो चर्चा कर दीजिए। ...(व्यवधान)

प्रो. राम गोपाल यादव : मैं तो इस पर इस हाउस में पहले भी बोल चुका हूं। उस पर अब भी मैं आने वाला हूं। आप मुझे धैर्य पूर्वक सुनिए। अभी तो मैं आडवाणी जी की बात पर बोल रहा था। मैंने अभी अपनी बात शुरू ही नहीं की है। मैं तो अभी तक आडवाणी जी की ही बात पर बोल रहा था।

अध्यक्ष महोदय : छोड़िए-छोड़िए। लाल कोई खराब नहीं है, अच्छा ही है।

प्रो. राम गोपाल यादव : नेता विपक्ष ने अभी अमरनाथ के बारे में बात कही, लेकिन इसका दूसरा पक्ष नहीं बताया। जब इनके लोग, जम्मू में उपद्रव कर रहे थे, बन्द किए हुए थे, अमरनाथ जाने और आने वाले यात्री जब बीच में फंसे हुए थे, उनके भूखों मरने की नौबत आ गई और सर्दी में उन्हें बहुत विषम स्थितियों का सामना जब करना पड़ रहा था, तब कश्मीर में, अमरनाथ की यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले गांवों के मुस्लिमस ने लंगर खोल दिए। उनके खाने की व्यवस्था की। उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो, इसका इंतजाम करके उन्होंने एक अभूतपूर्व काम किया।

डॉ. राम लखन सिंह (भिण्ड) : डॉ. राम गोपाल जी, अमरनाथ की यात्रा के दौरान रास्ते में तो कोई गांव पड़ता ही नहीं है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या हो रहा है।

प्रो. राम गोपाल यादव : आप बैठ जाइए। आपने शायद टेलीविजन पर नहीं देखा कि किस प्रकार से मुस्लिम लोगों ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों के लिए लंगर और कपड़ों का इंतजाम किया। आप जालौन के रहने वाले हो और ...(व्यवधान) आपको वहां जाने के बाद भी, तीर्थ यात्रियों और शिव भक्तों की दिक्कतों का अहसास नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : हो गया। अब आप बोलिए।

प्रो. राम गोपाल यादव : कुछ बातें इस प्रकार की आडवाणी जी कह रहे थे। वे देश के बड़े नेता हैं। मैं उनकी यहां कोई आलोचना नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं कुछ तथ्यात्मक बातें रख रहा हूं।

श्री मोहम्मद सलीम साहब ने कई बातें कहीं। एक तो देश की सप्रभुता की बात कही। 1 अगस्त, 2007 का जो एग्रीमेंट टैस्ट इंटरनैट पर आया था, उसमें स्पष्ट रूप से न्यूक्लीयर इनर्जी से संबंधित समझौता है। उसकी पूस्तावना में ही यह स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि - 'Wishing to develop such cooperation on the basis of mutual respect for sovereignty, non-interference in each other's internal affairs, equality, mutual benefit, reciprocity and with due respect for each other's nuclear programmes.' जिस एग्रीमेंट की पूस्तावना में बराबरी की बात कही गई हो, एक दूसरे की सॉवरेंटी का सम्मान करने की बात कही गई हो, उसे यह कहा जाए कि इसका कोई लीगल वजन नहीं है, यह उचित नहीं है। [r49] हमारे संविधान की पूस्तावना की इंटरपीटिशन करते हुए जस्टिस सहवार सन्ना ने बेसिक स्ट्रक्चर की बात कही, वह प्रीएम्बल को लेकर कही। प्रीएम्बल बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें सब सार होता है। प्रीएम्बल में जब एक-दूसरे की सप्रभुता के सम्मान की बात कहीं, बराबरी की बात कही, तो फिर कहां हम सैकेण्ड रेट पार्टनर हो गए।...(व्यवधान)

श्री रूपचंद पाल : क्या आप एक मिनट के लिए शिल्ड करेंगे?...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: He is not yielding. Shri Rupchabnd Pal, you will have other Members to speak. He is not yielding.

...(*Interruptions*)

प्रो. राम गोपाल यादव : इसके अलावा 6 बेसिक प्रिन्सीपल्स की बात सलीम साहब ने कही। 6 बेसिक प्रिन्सीपल की बात हम लोगों ने पढ़ी है। हम यह भी जानते हैं कि पंचशील के सिद्धांत की बात कब और किस मुल्क के बीच में हुई थी? जब पंचशील का उल्लंघन हुआ और वर्ष 1962 में चीन ने देश पर आक्रमण किया, उस समय आप लोग क्या कर रहे थे? उसका नतीजा भी आपने देखा। उसके बाद आपकी पार्टी टूट गई। आप जिनके साथ बैठ रहे हैं, उनके साथ बैठने से फिर खतरा पैदा हो सकता है। दूर दृष्टि रखिएगा और दृढ़ इच्छा शक्ति रखिएगा।...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : हम उनके साथ बैठे नहीं हैं और न ही बैठेंगे।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : बहुत हो गया, उनकी भी सुनिए।

प्रो. राम गोपाल यादव : सलीम साहब ने वीमन इम्पावरमेंट की बात भी कही। महिलाओं के सशक्तिकरण की जब बात की जाती है, तब हम कहते हैं कि पिछड़े वर्ग की महिलाओं को भी उनका हिस्सा मिलना चाहिए तब आप चुप क्यों हो जाते हैं? आप संविधान की व्यवस्था के अनुसार कहां आरक्षण दे रहे हैं? आपने बंगाल में आज तक ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया है।...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : जितना ओबीसी का होना चाहिए, उतना बंगाल में है। जितना प्रतिशत होना चाहिए, उतना है।...(व्यवधान)

प्रो. राम गोपाल यादव : आप मुस्लिम महिलाओं, पिछड़ी महिलाओं को कहां आरक्षण दे रहे हैं।...(व्यवधान) हम आरक्षण का कोई विरोध नहीं कर रहे हैं। हम इसका इस रूप में विरोध कर रहे हैं।...(व्यवधान) आप ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं को महिलाओं में नहीं समझते हैं। जिनकी आबादी 80 फीसदी है, आप उनको कुछ नहीं समझते हैं।

महोदय, एग्रीमेंट और एनर्जी के बारे में बहुत सारी बात हुई है और यह सही है कि न्यूक्लियर एनर्जी से जो उत्पादन बढ़ेगा, उसमें समय लगेगा। लेकिन क्या यह सही नहीं है कि कोयले का भण्डार केवल 30 साल का ही बचा है।...(व्यवधान) जिस रफ्तार से डिमाण्ड बढ़ रही है, उस रफ्तार से 30 साल के लिए है।...(व्यवधान) वह तब है, जब आपकी डिमाण्ड न बढ़े।

MR. SPEAKER: This is not right. Senior Members should not interrupt unless the Member who is speaking yields. [r50]यील्ड करने से कर सकते हैं। जब आपका टाइम आएगा तो आप करैक्ट करिये।

प्रो. राम गोपाल यादव : और जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हमारे ग्लेशियर्स पिघल रहे हैं, आगे चलकर हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर में भी दिक्कत हो सकती है तो एक स्थिति हम क्यों चाहते हैं? ...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : न्यू डिस्कवरी, नया है। ...(व्यवधान)

प्रो. राम गोपाल यादव : न्यू डिस्कवरी नहीं है, नया नहीं है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Prof. Yadav, please address the Chair.

प्रो. राम गोपाल यादव : आचार्य जी रनिंग कमेंट्री कर रहे हैं। आप करते रहिये।

श्री रूपचंद पाल : आप उल्टा कह रहे हैं, आपको जो कुछ बताया था, उसके उल्टा चल रहे हैं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Prof. Yadav, please address the Chair.

प्रो. राम गोपाल यादव : मैं बता रहा हूं, आप समझ रहे हैं। रूपचन्द पाल जी, आप सुनते रहिये। आपने चार साल जैसी सरकार चलाई, उसमें जो कमियां हैं तो उसके लिए आप कम दोषी नहीं हैं। आपने जैसा चाहा, वैसी सरकार चली। आप इस सीमा तक गए कि प्रधानमंत्री एक कदम ऐसा नहीं उठा सकते, क्या आप प्रधानमंत्री को बंधुआ बना देंगे। आपके एक व्यक्ति की ईगो देश से बड़ी हो गई, एक व्यक्ति के ईगो की वजह से देश में चुनाव हों, पांच हजार करोड़ रुपया केवल इलैक्शन कमीशन का खर्च हो और 50 हजार करोड़ रुपया सारे एम.पीज़. का हो, 9 महीने पहले इन एम.पीज़. को बेकार में वहां चुनाव में जाना पड़े। अगर आपकी बात न मानी जाये तो विथड्रा करते हैं, वरना सारी कमी कांग्रेस की है और अच्छाई अगर इस दौरान गवर्नमेंट ने कुछ की तो आपकी है।

लैफ्ट शब्द की जो उत्पति है, उसको आपने सही सिद्ध कर दिया है। फ्रेंच रिवोल्यूशन के बाद जो डायस के लैफ्ट में बैठा, उसको लैफ्ट कहा गया, क्योंकि वह विरोध करता था। संयोग से वह विरोध में था तो लैफ्टिस्ट शब्द तब से निकला है। अब आप यहां इनके साथ आकर बैठ जायें तो सही मायने में लैफ्टिस्ट हो जाएंगे।...(व्यवधान)

श्री रूपचंद पाल : आप तो राइट में बैठ गये।

प्रो. राम गोपाल यादव : मैं तो सैण्टर में हूं, मैं तो मध्यमार्गी हूं, पहले भी था और अब भी हूं।

मैं आपके माध्यम से अपने मित्रों से यह कहना चाहता हूं कि अभी क्योंकि, हमारे अपने रिसोर्सेज़ अपने देश में यूरेनियम इतना कम है कि हमारे रिएक्टर पूरी कैपेसिटी से नहीं चल सकते और जो थोरियम है, उस पर आधारित रिएक्टर के बनने में, ऑपरेट होने में अभी 15-20 साल लगेंगे और जिस दिन थोरियम बेस्ट न्यूक्लियर रिएक्टर हमारे पास होगा, फिर हमें न न्यूक्लियर सप्लाई ग्रुप से यूरेनियम किसी से लेना है, हम दूसरों को दे सकते हैं, हमें लेना नहीं है। फ्यूचर में 20 साल बाद आपकी इनर्जी की गारण्टी होगी। अभी रोज दिक्कत होती है, डीजल के दाम बढ़ गये, पैट्रोल के दाम बढ़ गये, क्योंकि इण्टरनेशनल मार्केट में बढ़ गये, यहां महंगाई हो बढ़ी। महंगाई बढ़ाने के लिए केन्द्र तो जिम्मेदार है ही, लेकिन राज्य सरकारें भी जिम्मेदार हैं। वैट लगाने से भी दो परसेंट महंगाई बढ़ी और वैट की जो कमेटी बनी, उसके अध्यक्ष कौन थे, बताइये? पश्चिम बंगाल के जिम्मेदार मंत्री उत्तर प्रदेश में 2-2 बार गये कि वैट लगाइये, वरना यह कर देंगे। चिदम्बरम साहब भी गये और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री असीम दासगुप्ता भी गये। ऐसा नहीं है, जो नरेगा का पैसा राज्यों में जा रहा है, वह किस तरह से खर्च किया जा रहा है, जो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम है, जिसका पैसा यहां से जाता है, वह टोटली कोलैप्स्ड हो गया तो क्या राज्य सरकारें जिम्मेदार नहीं हैं? महंगाई के लिए पूरी तरह से सिंगल आउट करना ठीक नहीं है। महंगाई बढ़ी है, उसे रोकना चाहिए। इसके लिए हमने आन्दोलन किया और आगे भी करते रहेंगे, लेकिन जिस इश्यू को लेकर यह बात हो रही है, जिस इश्यू को लेकर सरकार को गिराने की बात हो रही है और यह कहा जा रहा है कि हम ऐसा नहीं होने देंगे,[R51] हम डील नहीं होने देंगे। मुझे समझ नहीं आता है। ये कतई विरोध नहीं कर रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी भी जानते हैं कि आडवाणी जी विरोध नहीं कर रहे हैं। उनको सिर्फ तकलीफ यह है कि वह दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं। ...(व्यवधान) मैं किसी पर व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाना चाहता हूं। एक साथ दोनों लोग आ गए। प्रधानमंत्री पद के दो दावेदार हो गए। अब समस्या यह है कि आडवाणी जी यह मानेंगे या नहीं मानेंगे या जिनको ये प्रपोज कर रहे हैं, उनको आडवाणी जी मानेंगे या नहीं मानेंगे। ...(व्यवधान) This is the problem. ...(व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : हमने किसी को प्रपोज नहीं किया है।

प्रो. राम गोपाल यादव : प्रपोज किया है। आपने तो इस सीमा तक प्रपोज किया ...(व्यवधान) आप हार्स ट्रेडिंग की बात कह रहे हैं। समाजवादी पार्टी को जैसे तोड़ सकते हैं, तोड़िए। किसने कहा? It is on record. ...(व्यवधान) आप बताइए। आप राजनीति में शुचिता की बात करते हैं, पवित्रता की बात करते हैं और एक व्यक्ति का ईगो सैटिस्फाई होगा इसके लिए ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Ahmad, what is going on?

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या हो रहा है?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is going on here?

...(*Interruptions*)

15.32 hrs.

At this stage Shri Akbar Ahmad Dumpy and some other

Hon'ble Members came and stood on the floor near the Table.

MR. SPEAKER: This is very unfortunate. आप लोग जाइए, सीट पर बैठिए।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am requesting you. This is very, very unfortunate.

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम देखेंगे।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यहां क्या हो रहा है?

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Then, I will adjourn the House.

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम देखेंगे।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बोलने नहीं देते।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned till 3.45 p.m.

15.32 Â½ hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Forty-Five Minutes

past Fifteen of the Clock.

15.45 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at Forty-Five Minutes

past Fifteen of the Clock.

(Mr. Speaker *in the Chair*)

MOTION OF CONFIDENCE IN THE COUNCIL

OF MINISTERS – Contd.

MR. SPEAKER : Hon. Members, before I call Prof. Ram Gopal Yadav, I am again appealing to all sections of the House to please allow this debate to continue in a manner which people expect us to do. Please try to avoid continuous interruptions. I will give opportunity to every section. If you want to controvert anything, you will have opportunity. Let us conduct ourselves in a befitting manner. This is, again and again, my appeal to all our distinguished Members here. Please follow that. I will certainly request that no Member should behave in a manner which causes any feeling of hurt or any other feeling in another Member.

I will look into the matter which has been complained of. If I find anything not proper I will take suitable action.

Prof. Ram Gopal Yadav to continue.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, मैं यह नहीं समझ सका कि किस बात को लेकर किसी को विरोध हो सकता है। मेरा 16 साल का पार्लियामैंट्री कैरियर है। ऐसी नौबत कभी नहीं आई जब मैंने कोई ऐसी बात कही हो जो असंसदीय हो या किसी पर डायरैक्ट लांछन लगाने वाली हो। लेकिन इसके बाद भी इस तरह की बात होती है। चर्चा चल रही थी। एक माननीय सदस्य बोलता है तो दूसरा इंटरप्ट करता है, ऐसा हो जाता है। जब किसी के मन की बात नहीं होती तो वह इंटरप्ट करता है। मैं अपने साथियों से कहना चाहूंगा कि यदि कोई सदस्य इंटरप्ट करे तो आप कुछ मत कहिए। मैं अब कोई लम्बी बात नहीं कहूंगा। मेरे मन को इस बात से जरूर ठेस पहुंची है कि जब हम बोल रहे थे तब अनावश्यक रूप से इस तरह की बातें हुई।

अध्यक्ष महोदय : थैंक्यू।

प्रो. राम गोपाल यादव : महोदय, मैं अंत में यह कहना चाहूंगा कि इस सदन का कार्यकाल केवल नौ या दस महीने है यानी 21 मई, 2009 तक है। ऐसा समय कभी नहीं आया जब किसी सरकार को कार्यकाल के अंतिम दिनों में विश्वास मत या अविश्वास मत का सामना करना पड़ा हो। यह सरकार के प्रति विश्वास, अविश्वास वाली बात नहीं है, मुझे लगता है कि यह सदन के प्रति है, क्योंकि यदि सरकार नहीं रहती है, जिसकी कोई संभावना नहीं है, सरकार वोट ऑफ कॉनफिडेंस में जीतेगी ही, यदि सरकार नहीं रहती है तो मंत्री रहेंगे लेकिन एमपीज नहीं रहेंगे और हर चुनाव के बाद यह रेशियो बढ़ता जाता है कि जब-जब नई पार्लियामेंट का गठन होता है तो जो पुराने आउट-गोइंग एमपीज होते हैं, उनमें से पहले 50 प्रतिशत और अब 60 प्रतिशत तक हारने लगे हैं और हो सकता है कि अबकि बार 65 प्रतिशत तक सदस्य सदन का मुंह न देखें। इसलिए मैं आप सबसे अपील करता हूं कि कटुता भुलाकर, जिन पर कोई पाबंदी नहीं है, न कोई दबाव रखता है, कुछ नहीं रखता है, ऐबस्टेन कीजिए। यह बात मैं खास तौर से लैफ्ट वालों से कहूंगा। अगर बीजेपी के साथ बैठ जाते थे तो आपकी आंखें लाल हो जाती थीं और अब बीजेपी के साथ वोट करने का मन बना रहे हैं। आप अपनी अंतरात्मा को टटोलिए, ऐबस्टेन कीजिए और इस विश्वास प्रस्ताव का समर्थन डायरैक्ट या इनडायरैक्ट वे में कीजिएगा।

आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

[N52]

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, आज इस सर्वोच्च सदन में माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा मंत्रिपरिषद में विश्वास मत का जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, उसके समर्थन में मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। अभी परमाणु करार पर कई माननीय सदस्यों ने, जिनमें विपक्ष के नेता, पक्ष के नेता माननीय प्रणव मुखर्जी, प्रो. राम गोपाल यादव और मोहम्मद सलीम जी ने अपनी बात रखी है। आज तक संसदीय इतिहास में चाहे अंतर्राष्ट्रीय करार हो या राष्ट्रीय करार हो, इतनी बार बहस होते नहीं देखी। मैं इस लोक सभा में पांच बार से संसद सदस्य हूं, मैंने ऐसा होते हुए कभी नहीं देखा।

15.51 hrs.

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

इसलिए संसदीय लोकतंत्र में, जनतांत्रिक प्रक्रियाओं को सरकार से जितना बन पड़ा, उतना उन्होंने निर्वहन करने का काम किया है। यह इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम हुआ है जबकि संविधान में किसी भी एक्ट के तहत इस पर रोक लगने की कोई बात नहीं है। यह करार किया जा सकता है, इस बारे में केन्द्र सरकार को अधिकार है। लेकिन केन्द्र सरकार ने अपने अधिकार रहते हुए भी संसद को विश्वास में लेने की कोशिश की। संसद में आम चर्चा चलाकर, संसद में बहस चलाकर आम सहमति बनाने का अथक प्रयास इस सरकार ने किया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि पूरी संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस पर तीन-तीन बार चर्चा हुई। इस चर्चा के बाद भी इस राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय करार पर जो सहमति और असहमति व्यक्त की जा रही है, मैं समझता हूं कि उसमें हमें कुछ चीज दिखाई दे रही है, क्योंकि इसमें देश के भीतर की ताकत तो है ही, कहीं देश के बाहर की ताकत न लगी हो। जनतंत्र में हम किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहते, लेकिन हमें लगता है कि कहीं अंतर्राष्ट्रीय ताकत भी इस खेल में लगी न हो कि भारत को यदि परमाणु ऊर्जा प्राप्त हो जायेगी, भारत यदि परमाणु सम्पन्न राष्ट्र हो जायेगा, तो उससे उनको कहीं भविष्य में चिंता न हो जाये। ऐसा हमें लगता है, क्योंकि हम देख रहे थे कि एक बड़े नेता हैं, जो बड़े उछलते हैं कि परमाणु करार राष्ट्र हित के खिलाफ है। मैं इसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता, क्योंकि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष कल बोलेंगे। लेकिन यदि मैं इन पर चर्चा करूं तो आश्चर्य होगा। इनको यह भी याद रखना चाहिए कि करार पर किसी पूकार का बदलाव लाने के लिए श्री बरक ओबामा जी इच्छुक नहीं हैं। अमेरिका में जार्ज डब्ल्यू बुश की जगह पर आने वाले जो राष्ट्रपति हैं, वह भी कहते हैं कि कोई परिवर्तन नहीं होगा। इसलिए उनको समझना चाहिए कि देश बहुत बड़ा है। अब संसद तो है ही। हम चुने हुए संसद सदस्य हैं। इस समय 541 संसद सदस्य हैं जबकि 545 की संख्या है। लेकिन इस देश के बाहर भी आम जनता है, जो सबसे बड़ी संसद है, जो लोक संसद है। इसका भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि बिजली से ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, बिजली से रोटी का सवाल भी जुड़ा हुआ है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ऊर्जा से रोटी का सवाल जुड़ा हुआ है। परमाणु करार राष्ट्र हित के खिलाफ है, इस तरह का बयान आता है। जो भाषण हुए हैं, खासकर हमारे मित्र सलीम साहब का, उनके साथ हमारा बहुत अच्छा रिश्ता है। उन्होंने शब्द का इस्तेमाल न करके बड़ी सावधानी पूर्वक अपनी बात रखी है। क्योंकि वे संसद में अपनी बात रखने में काफी सक्षम हैं, कलात्मक और अच्छे वक्ता हैं। लेकिन इसका भाव यही था कि यह जो करार है, वह राष्ट्र विरोधी है। क्या कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष, कोई देश का राष्ट्र ...(व्यवधान) मैं आप पर पूहार नहीं कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि करार राष्ट्र विरोधी है। आपके कहने का तर्क इतना था कि महंगाई का सवाल था, रोजगार का सवाल था, असंगठित मजदूर के हित समेत कई सवाल थे। =_~Ã‰_ÂªÃ‰ÃªÃ* आपने फिर ग्रोथ रेट का सवाल उठाया। आप जो कह रहे हैं, उसकी पूरी भूमिका में यही था कि यह जो करार हो रहा है, वह राष्ट्र विरोधी करार है। मैं आपसे निवेदन पूर्वक कहना चाहता हूं, क्योंकि उपाध्यक्ष महोदय, किसी राष्ट्राध्यक्ष पर आज तक किसी भी संसद में, मेरा जितना अनुभव है, मैं कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री की नीयत पर शंका करना कहीं से भी मुनासिब नहीं है। [MSOffice53]

हमारे विचारों में अंतर हो सकता है, मतभेद हो सकता है, दृष्टिकोण में अंतर हो सकता है, करार करने के तौर-तरीकों में अंतर हो सकता है, यह डिबेटेबल प्वाइंट है, इस पर राष्ट्रीय बहस हो सकती है, लेकिन किसी भी देश के प्रधानमंत्री की नीयत पर संदेह नहीं की जा सकती है। चाहे हाइड्रोइलेक्ट्रिक का सवाल हो, पवन ऊर्जा की बात हो, यूरेनियम की बात हो, उस पर बहस हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश का सबसे बड़ा नेता होता है, उसकी नीयत पर शंका करना मुनासिब नहीं है, ईमानदारी नहीं है। हमारी सोच में अंतर हो सकता है, बुद्धि में अंतर हो सकता है, सोच और विचार अलग-अलग हो सकते हैं, लोकतंत्र में विचारों का आदान-प्रदान हो सकता है, लेकिन नीयत पर शंका करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यह स्थिति आज देश के सामने आई है। न्युक्लियर डील पर चर्चा करते हुए माननीय सदस्य ने डीलर और लीडर की बात कही है। डीलर का अनुभव हम लोगों को कम ही है, हम लोगों को लीडर का अनुभव है, हम लोग पोलिटिकल आदमी हैं। डीलर तो वह होता है कि उससे जनता पांच किलो चीनी मांगती है तो पांच किलो चीनी दे देता है, दो किलो गेहूं मांगा तो दो किलो गेहूं दे दिया। लेकिन लीडर ब्लैक और दूसरी बात नहीं करता है, वह जिस बात में राष्ट्रीय होता है, उसमें आवाम और दूसरी चीजों की चिंता न करते हुए केवल राष्ट्र हित की चिंता करता है, वह डील की चिंता नहीं करता है। यह करार है, एग्रीमेंट है, कोई डील नहीं है। यह दो लोकतांत्रिक राष्ट्रों के बीच करार है, एग्रीमेंट है। इसीलिए शंका करना कहीं से उचित नहीं है। आज टेक्नोलॉजी का आधुनिकीकरण एवं एडवांसमेंट करना समय की मांग है। आज पूरी दुनिया में कोई भी देश, जो हमारे जैसे उन्नतशील विकासशील देश हैं, विकसित देश बनना चाहते हैं, उनके लिए यह समय की मांग है कि अपनी टेक्नोलॉजी का आधुनिकीकरण, रिफाइनमेंट और एडवांसमेंट करें। आज पूरी दुनिया में आठ देश न्युक्लियर वेपन्स के मामले में पावर वाले देश माने जाते हैं, उनमें हिंदुस्तान और पाकिस्तान भी हैं, लेकिन उसमें रहते हुए भी कुछ देश में इस रूप में रिकग्नाइज नहीं कर रहे हैं। पूरे विश्व में हमें यह रिकग्निशन नहीं मिला है कि हम न्युक्लियर वेपन्स वाले देश हैं। हमारे पास आत्मरक्षा के लिए न्युक्लियर वेपन्स हैं, हम एटम बम बना सकते हैं, लेकिन आज की जरूरत बिजली घर बनाने की है, पावर हाउस बनाने की है। हमें एटॉमिक पावर स्टेशन चाहिए जहां बिजली का उत्पादन हो सके। आने वाले तीस-चालीस सालों में हमारे देश में चार लाख 20 हजार मेगावाट बिजली की जरूरत होगी। मैं इसकी डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में हमारे देश की जो बिजली की आवश्यकता होगी, उसको पूरा करने के लिए यह करार जरूरी है। आज वर्ष 1945 की स्थिति नहीं है, उस समय जो सिनैरियो था, जब जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर बमबारी हुई थी, वह सिनैरियो अब चेंज हो गया है और पूरे विश्व का ध्यान अब अधिक से अधिक बिजली उत्पादन पर है। आज परिस्थितियां बदली हुई हैं, इसीलिए आज चाहे न्युक्लियर कोआपरेशन की बात हो या एनर्जी सिक्योरिटी की बात हो, यह परमाणु करार जरूरी है। हमारे कुछ साथियों ने हाइड एक्ट की चर्चा की है।[R54]

16.00 hrs.[R55]

वह हाइड एक्ट अमेरिका के लिए है और वह कोई छिपा हुआ एक्ट नहीं है, फिर आप क्यों चिंता करते हैं। यह एक्ट तो अमेरिका पर लागू होगा। आपको भी पूरा अधिकार है कि आप अपने देश के लिए हाइड एक्ट बनाएं। इसके लिए हम सब स्वतंत्र हैं, हम वह बना सकते हैं। हमें परमाणु के मामले में अपने घरेलू कानून बनाने का अधिकार है। इस सर्वोच्च संस्था संसद को अधिकार है कि वह अपने लिए ऐसा एक्ट बनाए। इसलिए इसमें परेशानी की बात कोई नहीं है। यह हाइड एक्ट अमेरिका के लिए है, हमारे लिए नहीं है। इस बारे में कई बार माननीय प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री जी ने सफाई दी है। इस सदन में भी तीन बार इस विषय पर चर्चा हुई है और उन्होंने अपनी बात यहां भी रखी थी। राम गोपाल जी ने ठीक कहा था कि अब तीसरा पोखरण नहीं होगा। लेकिन हमें जो भी परमाण परीक्षण करना होगा, उसे करने का हमें अधिकार है, यह हमारी सप्रभता है। हमारी

स्वतंत्र विदेश नीति है, उस पर कोई आंच नहीं आ सकती। यह हमारी धरोहर है। इसलिए 123 करार पर जो शंकाएं उठाई जा रही हैं, वे सही नहीं हैं।

बदलते हुए समय में विश्व का जो विज्ञान जगत है, उसमें हम ऑब्जर्वर नहीं, पार्टनर बनना चाहते हैं। भारत केवल ऑब्जर्वर नहीं होगा, पार्टनर होगा और हम किसी भी न्यूक्लियर करार में पार्टनर होंगे, यह हमारी सबसे बड़ी एचीवमेंट होगी।

मैं ज्यादा नहीं कहकर एक-दो बातें और कहना चाहूंगा। इस करार पर राजनीति की भी काफी चर्चा हुई है। जो लोग इस करार के खिलाफ वोट देने का मन बना रहे हैं, क्या वे एक हैं, यह मैं उनसे पूछना चाहता हूं? आप लोग दिल से कहें, क्योंकि जब से केन्द्र में मायावती बहन की हलचल शुरू हुई है, आडवाणी जी सदमे में हैं कि यह क्या हो रहा है। अगर यह सरकार नहीं रहेगी तो फिर मायावती जी प्रधान मंत्री बन जाएंगी, यह सोच कर ही आडवाणी जी सदमे में हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ये लोग एक नहीं हैं। बीजेपी के मीडिया के जो लोग हैं, वे लड़ाई कराने में लगे हुए हैं। इनका जो मीडिया प्रभाग है, वह आरजेडी में फूट देखने लगा है। मैं कहना चाहता हूं कि हमारी पार्टी एक है, चट्टान की तरह मजबूत है। इनके मीडिया वालों ने पटना में और फिर दिल्ली में खबर फैला दी कि हमारी पार्टी में इस मामले को लेकर असंतोष है, जो कि सही नहीं है।

ये लोग हॉर्स ट्रेडिंग की बात कर रहे हैं। उसकी पैदाइश कब शुरू हुई थी, आया राम, गया राम कब शुरू हुआ था, यह एक दिन की बात नहीं है, बहुत पुरानी बात है। आप जो राष्ट्रीय करार पर बोल रहे हैं...(व्यवधान) माफ करना, आपका भगवा रंग है और इनका लाल रंग है। लाल रंग और भगवा का कभी संगम नहीं हुआ है और न कभी हो सकता है, यह बिल्कुल अननैचुरल मेल है। यह मेल केवल 22 तारीख तक के लिए है और तब तक के लिए ही इनमें गठबंधन हुआ है।

श्री बसुदेव आचार्य : यह कभी नहीं हो सकता।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : आचार्य जी भी कह रहे हैं कि इनका मेल कभी नहीं हो सकता। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप भगवा वाली गाड़ी को लाल झंडा दिखाकर उतर जाएं और इनका साथ न दें।

विपक्ष के नेता सांप्रदायिकता की चर्चा कर रहे थे। उन्होंने तीर्थ स्थलों की चर्चा की। वह अमरनाथ और अयोध्या की चर्चा कर रहे थे।

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद): आतंकवाद की भी चर्चा कर रहे थे।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या कट्टरपंथी होना और देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप को नुकसान पहुंचाना आतंकवाद नहीं है? हम एक धर्म निरपेक्ष राज्य में रहते हैं और यहां पर हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सब स्वतंत्र रूप से और एकता से रह सकते हैं। [R56]

[r57]

इस एकता को तोड़ने का काम जो होता है क्या वह आतंकवादी गतिविधि नहीं है? ...(व्यवधान) मैं यह मानता हूं कि कट्टरपंथी विचारधारा भी आतंकवाद का पर्याय है। ...(व्यवधान) बाबरी-मस्जिद को किसने गिराया था? ये लोग उस समय क्षमा मांग रहे थे लेकिन फिर उसी रास्ते पर जा रहे हैं। आप लोगों ने तीर्थ-यात्रा की चर्चा की है इसलिए मैं भी तीर्थ-यात्रा की चर्चा करना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी का टाइम 32 मिनट है, आपके और लोग भी बोलने वाले हैं, इसलिए आप खुद ही देख लें।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं अपनी बात एक-दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं अनुशासन को मानने वाला सदस्य हूं। ये लोग कैसे तीर्थयात्री हैं, इसे जरा समझिये। देश और विदेश के लोग हर साल गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करते हैं। कामा और दीग तहसील राजस्थान के अंदर पड़ती है। राजस्थान की दीप मिनिस्टर कौन हैं मैं उनका नाम लेना नहीं चाहता हूं। ...(व्यवधान) वहां पर अवैध खनन हो रहा है...(व्यवधान) हमने 57 सांसदों से हस्ताक्षर करवाये थे। ...(व्यवधान) हम सारे लोग माननीय प्रधान मंत्री जी से मिले थे और उनसे कहा था कि देश की धरोहर को बचाइये। ये लोग राम और कृष्ण में भेद कर रहे हैं। ...(व्यवधान) वहां खनन माफिया से पैसा लेकर खनन करवा रहे हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइये।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अगर आप मुझे बोलने नहीं देंगे तो मैं भी आपको बोलने नहीं दूंगा। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : ये लोग सेतु-समुद्रम को तोड़ने की चिंता करते हैं लेकिन डायनामाइट लगवाकर कृष्ण-स्थली को तोड़ रहे हैं। राधा मंदिर है, वहां गोवर्धन पर्वत है, गोवर्धन पर्वत को तोड़ रहे हैं। ...(व्यवधान) वहां जो किसानों की सरसों की खेती है वह बर्बाद हो रही है। ...(व्यवधान) वहां डायनामाइट लगाकर उस जगह को बर्बाद किया जा रहा है। ...(व्यवधान) ये सेतु-समुद्रम की बात करते हैं। ...(व्यवधान) राम और कृष्ण की चिंता नहीं करते हैं, राम और कृष्ण में भेद नहीं चलेगा। वहां करोड़ों लोगों की आस्था है। राधा-कृष्ण की भूमि को डायनामाइट लगाकर तोड़ रहे हैं।...(व्यवधान)

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर): ये गलत आरोप लगा रहे हैं। अगर वहां की जानकारी चाहिये तो मुझे बोलिये, मैं वहां से आती हूं। राजस्थान के संदर्भ में इनके द्वारा लगाया गया आरोप गलत है।...(व्यवधान)

* Not recorded

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : राधा-कृष्ण की जन्मभूमि को डायनामाइट लगाकर तोड़ा जा रहा है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ *[r58]

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : महोदय, बीजेपी की बात, चरित्र और चेहरा सभी कुछ दोहरा है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : उपाध्यक्ष महोदय, गोवर्धन पर्वत को डाइनामाइट लगा कर तोड़ रहे हैं और ये लोग यहां धर्म की बात कह रहे हैं।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I said, nothing is going on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : बीजेपी की सरकार डाइनामाइट लगा कर गोवर्धन पर्वत को तोड़ रही है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Without my permission, no speech should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया नई सदस्य हैं। ये क्या बोल रही हैं? अभी इन्हें सदन की कार्यवाही को समझने में समय लगेगा।...(व्यवधान)। वहां राधे कृष्ण के मंदिर को डाइनामाइट लगा कर तोड़ रहे हैं। राजस्थान में इनकी सरकार है और ये धर्म की बात कह रहे हैं।...(व्यवधान) इनकी चाल, चरित्र और चेहरा सब दिखाई दे रहा है। इनका धर्म से कोई मतलब नहीं है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I said, nothing is going on record.

*(Interruptions) â€¦ **

* Not recorded

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I would see the records. Whatever is objectionable and unparliamentary, I would expunge the same.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : उपाध्यक्ष महोदय, कुछ भी अनपार्लियामेंटेरी नहीं है। मैं पार्लियामेंटेरी सिस्टम जानता हूं।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already said – if anything is objectionable, I will expunge them.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने कोई अनपार्लियामेंटेरी शब्द यूज़ नहीं किया है।

श्री लालू प्रसाद : हमारे दल के नेता जब बोलने के लिए खड़े होते हैं और जब सच्चाई को सबके सामने रखते हैं...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री लालू प्रसाद : आप हमारी बात सुनिए। हम लोग महाभारत करने के लिए तैयार हैं। यहीं महाभारत शुरू हो जाएगा।...(व्यवधान)

महोदय, आप इन्हें बैठाइए।...(व्यवधान)। मैं क्यों नहीं बोलूंगा। मैं एमपी से मिनिस्टर बना हूं और आप मुझे बोलने नहीं देंगे।...(व्यवधान)[R59]

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

* Not recorded

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ram Kripal Yadav, please go to your seat.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record. Please go to your seat.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record. Please sit down.

*(Interruptions) â€¦**

उपाध्यक्ष महोदयः मंत्री जी इंटरवीन कर सकते हैं।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदयः पहले माननीय सदस्यों को बैठने दिया जाए।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदयः रिकॉर्ड में कुछ नहीं जा रहा है। आप बैठ जाएं।

...(व्यवधान) *

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record.

*(Interruptions) â€¦ **

---

* Not recorded

उपाध्यक्ष महोदयः रिकॉर्ड में कुछ नहीं जा रहा है।

...(व्यवधान) *

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri D.P. Yadav, you may continue and conclude now.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं क्लेरिफाई कर रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, मैंने कोई अनपार्लियामेंट्री शब्द इस्तेमाल नहीं किया है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदयः अगर कोई अनपार्लियामेंट्री या ऑब्जेक्शनेबल बात होगी तो एक्सपंज कर दी जाएगी।

â€¦(व्यवधान)[a60]

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं चुनौती देकर कहना चाहता हूं कि क्या राजस्थान प्रदेश में गोवर्धन पर्वत के आसपास डीग और कॉमा तहसील में 184 इल्लीगल माइनिंग सरकार के संरक्षण में नहीं चल रहा है? ये सवाल है।...(व्यवधान)

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर): इनको इसकी जानकारी नहीं है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अगर गलत होगा तो हम फेस करने के लिए तैयार हैं। हम तथ्यों के आधार पर जानकारी दे रहे हैं।...(व्यवधान) 184 जगह पर डाइनामाइट लगाकर खनन हो रहा है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपका नंबर आएगा तब बोलिएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : एक बार बाबरी मस्जिद गिराई और दूसरी बार क्रिश्चियन...(व्यवधान)

श्रीमती किरण माहेश्वरी : हमें भी बोलने की छूट है।...(व्यवधान) ये राजस्थान के बारे में डिसकस करने आए हैं या हिन्दुस्तान के बारे में?...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको भी समय देंगे। जब आपकी पार्टी का समय आएगा आप तब बोलना।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude your speech now.

...(*Interruptions*)

* Not recorded

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : आप तीर्थस्थल के बारे में बोल सकते हैं तो क्या हम नहीं बोल सकते? महोदय, क्या गोवर्धन तीर्थस्थल नहीं है?...(व्यवधान) अगर आप अमरनाथ के बारे में बोलेंगे तो हम भी गोवर्धन के बारे में बोलेंगे।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपके बोलने का समय आएगा तब आप भी बोल लेना।

â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : 184 अवैध खनन राजस्थान सरकार की देखरेख में हो रहे हैं, यह मेरा आरोप है। ... (व्यवधान) 184 जगह अवैध खनन हो रहा है, डाइनामाइट हजारों एकड़ में लगा हुआ है।... (व्यवधान) पिछले साल उस गांव में हजारों एकड़ में सरसों के पौधे लगे थे। मैं उस गांव में गया था, बोलखेड़ा गांव में गया था, मैंने वहां मीटिंग की थी। मैं कागज या अखबार से पढ़कर नहीं बोल रहा हूं, मैंने खुद दौरा किया है, राजस्थान के कॉमा तहसील में बोलखेड़ा गांव की बात है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now. आपकी पार्टी का समय खत्म हो रहा है।

â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

मैं अंत में कहना चाहता हूं कि एक बयान आपकी पार्टी की तरफ से आया था कि जो दागी या चार्जशीटिड मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट हैं, उनको मत देने का अधिकार नहीं होगा। क्या चार्जशीटिड विपक्ष के नेता आडवाणी जी नहीं हैं? क्या उनको वोट देने का अधिकार है? उन पर बाबरी मस्जिद गिराने की चार्जशीट है, यह कैसे हो सकता है? यदि इन लोगों को अधिकार नहीं है तो उन लोगों को भी अधिकार नहीं है।...(व्यवधान) माननीय कल्याण सिंह जी भी यहां बैठे हुए हैं, उन पर भी एक दिन की सजा है, ये भी एक दिन के सजायाफ्ता हैं।...(व्यवधान) आडवाणी जी बाबरी मस्जिद गिराने में चार्जशीटिड हैं। माननीय कल्याण सिंह चार्जशीटिड हैं और सजायाफ्ता हैं और किसी सजायाफ्ता को वोट देने का अधिकार नहीं होना चाहिए। सबके लिए एक मापदंड तैयार होना चाहिए। मापदंड हो तो एक हो, पूरी संसद में एक पैरामीटर और एक मापदंड तैयार किया जाए। ...(व्यवधान) बाबरी मस्जिद के चार्जशीटिड को, मस्जिद गिराने वालों को और माननीय कल्याण सिंह को वोट देने का अधिकार नहीं है।..(व्यवधान)[r61]

* Not recorded

उपाध्यक्ष महोदय, मैं कंक्लूड कर रहा हूं। मैं समझता हूं कि सच्चाई को ये लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि बात, चरित्र और चेहरा, ये सब हैं इनका दोहरा, इसीलिए ये सच्चाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इसलिए अंत में कंक्लूड करते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी जो विश्वास का प्रस्ताव सदन में लाये हैं, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं और मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत-अमरीका परमाणु डील जैसे गंभीर मुद्दे पर सरकार विश्वास मत का प्रस्ताव लाई है। उसे यह जानना है कि पिछले चार साल और दो माह से जो सरकार चल रही थी, उसकी वास्तव में देश की जनता में परिस्थिति क्या है और देश के लोग चाहते हैं कि सरकार चले, डील हो या न हो। लेकिन मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि यह लोगों का देश है और लोगों का सदन है। लेकिन यहां संसदीय परम्पराएं चीर-चीर हो रही हैं। द्रौपदी की तरह उनका चीरहरण किया जा रहा है और हम सब लोग मूकदर्शक बनकर देख रहे हैं। हमारे अध्यक्ष महोदय लगातार टी.वी. पर चिल्लाते रहे, चीखते रहे कि पूरी दुनिया देख रही है कि हिंदुस्तान के लोगों का सदन कैसा है। यह बड़े दुख का विषय है। यहां सारे सीनियर मैम्बर्स बैठे हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी बैठे हैं, नेता विपक्ष भी हैं, सारे देश के लोग देख रहे हैं और दुनिया के लोग भी इस सदन को देख रहे हैं, लेकिन सदन में क्या हो रहा है। मैनहैंडलिंग होती है, मुद्दों से हटकर बात होती है। परमाणु डील के बारे में यहां पर विचार होगा, परमाणु मुद्दे पर बहस होगी, लेकिन परमाणु डील क्या है, कोई बता नहीं रहा है। सरकार ने परमाणु डील के बारे में कुछ पक्ष नहीं रखा। हमारे पूर्व वक्ता सलीम साहब बता रहे थे, परमाणु डील के बारे में उन्होंने कुछ बताया कि डील क्या है। डील के प्वाइंट्स क्या हैं, डील का मतलब क्या है। भारत के लोग इस डील से फायदा पायेंगे या नुकसान पायेंगे। क्या गरीब आदमी की कुटिया में बत्ती जलेगी कि नहीं जलेगी, यह कोई बताने वाला नहीं है। यह कहा जा रहा है...(व्यवधान) मैं एक-एक बात पर आ रहा हूं। आप सुनने का माद्दा पैदा करिये। आप सुनने की ताकत पैदा करिये, उसके बाद देश पर राज करने की बात करिये। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, परमाणु डील के बारे में कहा जा रहा है कि डील डीलर चला रहे हैं। अभी सलीम साहब कह रहे थे कि डील डीलर चला रहे हैं। श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव जी कह रहे थे कि डीलर विक्रेता होता है। अखबारों, टी.वी. में हमने भी सुना है और पढ़ा है कि कोई डीलर इस देश को चलाने के लिए कदम आगे बढ़ा रहा है। लेकिन देश के लोग डीलर को बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं, यह मैं दावे के साथ कह सकता हूं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : पाठक जी, क्या आप मेरी बात सुनेंगे, आप जितना धीरे से बोलेंगे, उतना ये लोग अच्छी तरह से सुनेंगे।

श्री ब्रजेश पाठक : अमरीका में कुल 104 परमाणु रिएक्टर इस समय काम कर रहे हैं। जो देश हमें परमाणु इनर्जी देना चाहता है,िजससे हम डील कर रहे हैं, वहां कुल 104 परमाणु रिएक्टर काम कर रहे हैं, जबकि वहां एक हजार प्रस्तावित थे। लेकिन उन्होंने अपना काम रोक दिया। 1970 के दशक में वहां एक दुर्घटना घटी और अमरीका ने परमाणु रिएक्टरों पर काम रोक दिया और कहा कि इस पर विचार करना पड़ेगा, इससे लोगों का नुकसान है, जीवन का भय है, यह मानवता और पर्यावरण के खिलाफ है। आप सब जानते हैं, पूरी दुनिया के लोग जानते हैं और भारत के लोग भी जानते हैं कि 1979 में एक ऐसी दुर्घटना घटी, जिसमें सैकड़ों लोग अमरीका में मारे गये। तब अमरीका ने

सोचना शुरू किया कि हमें परमाणु इनर्जी मानवता की कीमत पर, पर्यावरण की कीमत पर, लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं चाहिए, नहीं चाहिए। तब अमरीका में आखिरी परमाणु रिएक्टर 1979 में प्रस्तावित किया गया था, जो 23 साल बाद बनकर तैयार हुआ। आज हिंदुस्तान के लोगों को बताया जा रहा है कि यह डील देश हित में है। जबकि हमें लगता है कि डील भी काला है और दाल में भी कुछ काला है[b62]।

उपाध्यक्ष महोदय, इस डील को देश हित में बताया जा रहा है।...(व्यवधान) मैं पूरी दुनिया के लोगों से पूछना चाहूंगा, एक तरफ दुनिया के लोग, दुनिया के सारे राष्ट्र परमाणु बिजली के बारे में, परमाणु रिएक्टरों के बारे में चिंतित हैं कि इसका कचरा कहां जाएगा? उससे जो कबाड़ निकलेगा, वह कहां जाएगा? कबाड़ अमेरिका में...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपना सुर नीचे रखिए तो ठीक रहेगा।

श्री ब्रजेश पाठक : उपाध्यक्ष जी, परमाणु का कबाड़ अमेरिका ने 40 प्रदेशों में छिपाकर रखा हुआ है। टनल बनाकर रखा हुआ है, मैं आपको सच्चाई बता रहा हूं। यह बिल्कुल सच है कि परमाणु का जो कचरा है, वह चालीस प्रदेशों में रखा है और अमेरिका सोच रहा है कि...(व्यवधान) सुनने की क्षमता रखिए। देश के लोगों को सुनने दो कि वास्तव में यह परमाणु करार क्या है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Brijesh Pathak.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री ब्रजेश पाठक : उपाध्यक्ष जी, ऐसे लोगों के नाम पर मैं एक शेर कहता हूं, फिर मैं अपनी बात शुरू करूंगा।

मगरूर जितने दरख्त थे, हैरत में पड़ गये,

ऐसी चली हवा कि वे जड़ से उखड़ गये।

अमेरिका के बारे में बार बार कहा जा रहा है कि वह भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहता है, वह भारत को कुछ देना चाहता है। वह भारत को एक ऐसी सौगात देना चाहता है जिससे भारत के लोग बिजली जला पाएंगे और गांवों के लोग बिजली पाएंगे तो रोशनी दिन जैसी पाएंगे, इसलिए गांवों के लोग चुपचाप पीछे होंगे और लोग समझेंगे कि यह सच्चाई है। लेकिन मैं आपको बताऊंगा कि सच्चाई क्या है। ...(व्यवधान)

* Not recorded

उपाध्यक्ष महोदय : मानवेन्द्र सिंह जी, क्या आपसे किसी ने पूछा?

श्री ब्रजेश पाठक : अभी देवेन्द्र यादव जी कह रहे थे और आडवाणी जी ने भी बहस में बताया तथा सलीम साहब ने भी बताया कि हमारे भारत में आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। यह एक सच्चाई है और एक सच्चाई यह भी है कि भारत के लोग चाहे इस पक्ष के हों या उस पक्ष के हों, चाहे ये लोग हों जो इधर बैठे हैं, सदन में सब जानते हैं कि भारत में आतंक कहां से पनपता है, इसकी चिंगारी कहां से आ रही है, कौन माचिस दिखा रहा है? यह दुनिया को भी पता है। हर उस शख्स को पता है कि किसने ताकत दी है, यह दुनिया को पता है। ऐसा देश जो लगातार हिन्दुस्तान को अस्थिर करने की साजिशें रचता रहे, एक ऐसा देश जो हिन्दुस्तान को लगातार आगे बढ़ने से रोकता रहे, एक ऐसा देश जो हिन्दुस्तान पर यह चाहता है कि छोटे-मोटे देशों की तरह हिन्दुस्तान को भी अपनी बढ़ती हुई औपचारिक निवेश की नीति पर हिन्दुस्तान पर भी अपना कब्जा जमाना चाहिए। यह डील गुलामी की तरफ भारत का बढ़ता हुआ एक कदम है, ऐसा मैं कह सकता हूं। इस डील से देश के लोगों को रत्ती भर भी फायदा होने वाला नहीं है। ऐसा क्यों है, यह भी मैं अभी बताता हूं क्योंकि आज यह डील यदि माननीय प्रधान मंत्री जी ने साइन की तो बटन दबाकर बिजली बीस साल बाद जलेगी और वह भी तब जब लगातार काम चलेगा और बीस साल में कितना पानी नदी में बह चुका होगा, यह किसी को पता नहीं है कि कौन इधर आएगा, कौन उधर आएगा, यह किसी को पता नहीं है। एक ऐसी डील के बारे में, एक ऐसे परमाणु करार के बारे में हिन्दुस्तान के लोगों को बगैर विश्वास में लिये, बगैर भरोसे में लिये आपके सत्ता पक्ष के मैम्बर्स का बयान आ रहा था, मैं टेलीविजन पर देख रहा था, भारत के लोग देख रहे [r63]थे।

कुछ सदस्य कह रहे थे कि दो लाख टन बिजली पैदा होगी। मैं उन सदस्यों का नाम नहीं लेना चाहता। टी.वी. चैनल के एक रिपोर्टर एक सदस्य से कह रहे थे कि जी-8 क्या है, तो वह बोले कि सदन में बताऊंगा। जब सदस्य ने रिपोर्टर से पूछा तो बताया कि उसे नहीं मालूम। इस पर सदस्य ने कहा कि मेरे मुंह पर माईक लगाकर क्यों पूछ रहे हो?जब देश के सांसद इस न्युक्लीयर डील के बारे में जानकारू नहीं है, परमाणु करार क्या है, फिर जल्दी किस बात की है? हमारे पीछे कौन बटन दबा रहा है कि आओ भारत के लोगों और हमारी मुट्ठी में बंध जाओ। मैं सदन में दावा करना चाहता हूं कि भारत कभी गुलाम होने वाला नहीं है, कभी पिछलग्गू नहीं बनेगा। आज भारत दुनिया को लीड करने के लिये तौयार हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, यू.पी.ए. और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के लोग लगातार टी.वी. और अखबारों में बयान दे रहे हैं कि हमें कृतार्थ किया जा रहा है कि रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसे कौन से रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे, बताये? सन् 1984 में मध्य प्रदेश में भोपाल गैस कांड हुआ। यह एक साधारण केस था जहां हजारों लोग मारे गये। आज भी वहां लूले-लंगड़े लोग पैदा हो रहे हैं। अगर कहीं परमाणु संयंत्र से विकीर्ण का खतरा हुआ, दुर्घटना घटी, अमरीका तो अपनी जान बचा जायेगा, मेरे देश का क्या होगा? इस पर न विचार यू.पी.ए. सरकार ने किया, न उसके अलाइड पार्टनर्स ने किया।

उपाध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि परमाणु करार में यह साफ साफ लिखा हुआ है कि अगर भारत ने परमाणु करार की तरफ अपना कदम बढ़ाया तो उसका रिमोट कंट्रोल अमरीका के हाथ में होगा। जब तक अमरीका नहीं चाहेगा, आपकी बत्ती नहीं जलेगी। वह आपकी बत्ती गुल कर देगा। इसलिये आज जरूरत है कि हिन्दुस्तान के लोगों, एक ऐसी सरकार के खिलाफ, एक ऐसे प्रस्ताव के खिलाफ, एक ऐसी डील के खिलाफ, जिसे डीलर आगे बढ़ा रहे हैं, आप इकट्ठे हो जाओ। मैं ऐसे डीलर का नाम नहीं लेना चाहता जो इस डील को आगे बढ़ा रहा है। हमारे देश के साथ कभी सच्चाई से पेश नहीं आ सकता है क्योंकि वह विक्रेता है, वह लाभ-हानि का मौका तलाशा करता है।

उपाध्यक्ष महोदय, कोई यह कह रहा है कि रेलगाड़ी चली जा रही है, उसमें लैफ्ट और राईट के लोग बैठे हुये हैं। मेरा कहना है कि यह भावनाओं से खेलने का मामला नहीं है। यह मामला देश की सप्रभुता का है, देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने का मामला है। इस दिशा में चाहे लैफ्ट के लोग हों, या राइट पक्ष के लोग हों, या सामने बैठे लोग हों, आप अपने कलेजे पर हाथ रखिये, अपनी अंतरआत्मा से पूछिये कि अगर भारत के हितों पर आंच आयेगी तो आपके मुंह से इन्कलाब के नारे निकलेंगे? लेकिन मुझे हिन्दुस्तान के लोगों पर पूरा भरोसा है कि उनके द्वारा चुने हुये प्रतिनिधि जब तक एक एक बिन्दु को पढ़ नहीं लेंगे, वे तब तक न यू.पी.ए. के लीडर्स पर भरोसा करेंगे और न ही जॉर्ज बुश पर भरोसा करेंगे। जॉर्ज बुश के बारे में दुनिया जानती है कि उसने सद्दाम हुसैन के साथ क्या किया? सद्दाम हुसैन की क्या गलती थी, यह पूरी दुनिया के लोग जानते हैं। वह तो सप्रभुत्व राष्ट्राध्यक्ष थे। अमरीका नहीं चाहता था कि कोई तेल अपनी मर्जी से बेचे। उसलिये उसने उनके तेल के कुओं पर कब्जा कर लिया और उसे अपना उपनिवेश बना लिया। इसलिये हम लोगों को होशियार रहने की जरूरत है। हम अमरीका के चंगुल में फंसने वाले नहीं हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपसे कोई मशविरा नहीं मांगा है।

श्री ब्रजेश पाठक : उपाध्यक्ष महोदय, यह एक बहुत ही इम्पार्टेंट मसला है। देश के लोगों को भरोसे में नहीं लिया जा रहा है...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded, except the speech of Shri Brajesh Pathak, without my permission.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री ब्रजेश पाठक : उपाध्यक्ष जी, देश की जनता को भरोसे में लेने की जरूरत है। जब परमाणु करार का मसला आया, अच्छा होता अगर कोई ट्रेन चलानी है।[s64] अगर किसी

देश एवं प्रदेश के लिए अलग से व्यवस्था करनी है, बुंदेलखंड को अलग से पैकेज देना है तो आप उसमें अपना निर्णय ले लीजिए। उत्तर प्रदेश के हितों पर कुठाराघात कर लीजिए, लेकिन अगर देश के बारे में कोई समझौता करना है, देश की सप्रभुता के बारे में सोचना है तो सारे राजनैतिक दलों में से कुछ लोगों को बुला लेते और कहते कि हम अमेरिका के यहां जा रहे हैं, गलत जाएं या सही जाएं, सच्चाई को सुन लो और आप भी हमारे साथ चलो। अगर हम लोग अपने परिवार में कोई बात करते हैं, कई बार ऐसे अवसर आते हैं कि दूसरे परिवार या दूसरे जिले में जाते हैं तो परिवार को बैठा कर पहले उन सब की बात सुनने का काम करते हैं, उसके बाद कोई निर्णय लेने का काम करते हैं, लेकिन इन्होंने किसी भी राजनीतिक दल को बुला करके नहीं पूछा और न ही बताया कि वास्तव में सच्चाई क्या है। किसी से परमाणु डील के बारे में नहीं पूछा गया। देश के लोगों को पता नहीं है कि परमाणु डील क्या है। पूरे देश का भविष्य दांव पर है, इसलिए आज फिर पुन: अपील करता हूं। अभी हमारे पूर्वक्ता बोल रहे थे कि अंतरात्मा की आवाज पर दे दो। अंतरात्मा की आवाज पर कौन मांगता है, यह किसी से छुपा नहीं है, मैं कहना नहीं चाहता। ये आत्मा की आवाज पर नहीं, देश के नाम पर वोट मांग रहे हैं। अंतरात्मा की आवाज पर वह वोट मांगेगा, जो दयनीय हालत में होगा। क्या आज हमारे प्रधान मंत्री जी इतने दयनीय हो गए कि अंतरात्मा की आवाज पर वोट मांगने लगे?

उपाध्यक्ष महोदय, यह सच्चाई है कि हिन्दुस्तान के हितों से कतई समझौता करने की आवश्यकता नहीं है। आज इस सदन में मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि इस डील को जल्दबाजी में करने की क्या जरूरत है? आप जापान जा रहे हैं और कह रहे हैं कि हम डील करके आएंगे और ये भाई, जिन्होंने कभी कांग्रेस पार्टी को पसंद नहीं किया, साम्प्रदायिकता से लड़ने के सवाल पर आपके साथ पूरे चार साल रहे। आपकी सरकार को चलाने का मौका दिया, अगर ये साथ न होते तो आप जरा सोचो कि आप कहां होते। अभी एक भाई कह रहे थे कि प्रधान मंत्री जी कभी मजबूर नहीं हुए, अरे, मजबूर तो उस दिन हो गए

* Not recorded

थे जिस दिन देश के लोगों ने तुम्हें पूरे वोट नहीं दिए थे। अगर तुम्हारी एक दल की सरकार होती, क्या तब आप मजबूर होते। आपने उधार मांग कर, क्रेडिट पर अपना घर बनाया था। आप तो मजबूर हो गए। अगर बैंक से कर्जा लोगे तो आपको बैंक पर निर्भर रहना पड़ेगा। आपने अगर समय पर किश्तें नहीं दीं और समय से ब्याज नहीं चुकाया, जो देशहित के बारे में लेफ्ट ने मांगा था, आपने अगर नहीं किया तो लेफ्ट ने कोई गलत काम नहीं किया। लेफ्ट के लोग, हमारे जो वामपंथी साथी हैं, वे वास्तव में देशहित के लिए इस समस्या को आपके सामने लाए हैं।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, ऐसे समय में विश्वास मत का प्रस्ताव लाया गया, जब पूरा देश बढ़ती महंगाई से कराह रहा था, गरीब आदमी की कमर टूट गई। अभी नरेगा की चर्चा कर रहे थे।...(व्यवधान) वहां सौ रुपए से ज्यादा नहीं मिल सकता।...(व्यवधान) मैं आप सबसे पूछना चाहता हं कि सौ रुपए में कितने दिन और कितने परिवार चल सकते हैं? आपको बढ़ती हुई महंगाई पर कंट्रोल करना चाहिए था। आपको कोशिश करनी चाहिए थी कि जो आटा आठ रुपए से लेकर 15 रुपए किलो, दाल 26 रुपए से 62 रुपए किलो, सरसों का तेल 40 रुपए से 75 रुपए किलो, वनस्पति घी 40-50 रुपए से 80 रुपए केजी बिक रहा है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सभी लोग सरकारों के बारे में बताते हैं, ये कहते हैं कि प्रदेश सरकारों पर निर्भर करता है। इस सच्चाई को आप कतई नहीं छिपा सकते कि हिन्दुस्तान की सरकार यूपीए की सरकार के हाथ में है। माननीय प्रधान मंत्री जी, आप सीधे तौर पर हिन्दुस्तान में बढ़ती हुई महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं। अब यह स्पष्ट हो गया है कि परमाणु ऊर्जा करार करने के बाद हमारा भारत देश पुन: दास्ता के बेड़ियों में जकड़ जाएगा, अमेरिका जब चाहेगा तब हमारे ऊपर सारे के सारे प्रतिबंध लगा देगा और परमाणु रिएक्टरों पर सीधी निगरानी रखेगा। [s65]जिससे हमें परेशानी रहेगी और हमेशा तंग हाल रहना पड़ेगा। [r66]...(व्यवधान) माननीय लालू प्रसाद जी, अगर आप मंत्री न होते, तो आप भी इधर ही होते। मैं सच्चाई बोल रहा हूं। अगर आप कलेजे पर हाथ रख के देखें और विचार करें, तो आपको मेरी बगल में आना पड़ेगा। यह सच्चाई है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया चेयर को एड्रैस कीजिए।

श्री बृजेश पाठक : आप देश की सोचिए। रेल मंत्रालय बहुत बड़ा है, इसे लात मार दीजिए और आइए, हिन्दुस्तान को बचाने के लिए आगे बढ़िए। तब देश के लोग समझेंगे कि वास्तव में आपने देश के लिए कुछ किया है।

महोदय, कहा जा रहा है कि देश के परमाणु वैज्ञानिक इस डील के साथ हैं। नाम लिया जा रहा है उनका, जो देश के सर्वोच्च पद पर रह चुके हैं, लेकिन मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि जब वे उत्तर दें तो इसका भी जवाब दें कि हिन्दुस्तान के तीन-तीन पूर्व्यात वैज्ञानिकों ने ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जब आप हौले बोलते हैं, तो आपको सभी सुनते हैं। जब आप ऊपरले स्वर में चले जाते हैं, यानी बहुत तेज बोलते हैं, तो सुनाई कम पड़ता है।

श्री बृजेश पाठक : महोदय, परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.के. अयंगर, परमाणु ऊर्जा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ए. गोपालाकृष्ण और भाभा अनुसंधान केन्द्र के पूर्व निदेशक के.एन. प्रसाद ने साफ-साफ शब्दों में प्रधान मंत्री जी को अवगत कराया कि यह डील किसी भी हालत में देश हित में नहीं है। यह सच्चाई है।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शान्ति बनाए रखिए। साइलेंस प्लीज।

श्री बृजेश पाठक : तीन वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया कि परमाणु करार कतई देश हित में नहीं है। इसे तुरत तपाल में डाल देना चाहिए। मराठी भाषी समझ गए होंगे कि 'तपाल' का क्या मतलब है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसे रद्दी की टोकरी में फेंक देना चाहिए क्योंकि देश-हित पहले है, उसके बाद ही हम लोग अमेरिका का हित देख पाएंगे। ...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : आपकी पार्टी दो साल तक समर्थन क्यों देती रही? ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The points mentioned by whosoever without my permission will not go in the record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री बृजेश पाठक : सुनने का भी माद्दा रखिए।

उपाध्यक्ष महोदय : लालू प्रसाद जी, आप बैठ जाइए। आप बगैर परमीशन लिए बोल रहे हैं।

श्री लालू प्रसाद : जब मुलायम सिंह यादव जी का इधर प्रवेश हुआ, ...(व्यवधान)

श्री बृजेश पाठक : माननीय उपाध्यक्ष जी, अमेरिका की बात चली। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. Please conclude now.

* Not recorded

श्री ब्रजेश पाठक : उपाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में अमेरिका के बहुत दोस्त पैदा हो गए। किताबों में मैंने पढ़ा है कि हमारे देश के उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के एक बहुत बड़े शायर हुआ करते थे जिनका नाम था फिराक गोरखपुरी। उन्होंने लिखा है-

"अमेरिका की गुलामी पर रजामंद हुआ तू,

शिकवा मुझे तुझसे है, अमेरिका से नहीं। "

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

श्री ब्रजेश पाठक : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वैज्ञानिकों की मानें, तो हाइड एक्ट, 2006 के तहत जो समझौता हुआ है उसके अनुसार भारत, अमेरिका सहित, तमाम अन्य देशों के जो परमाणु ऊर्जा ग्रुप के सदस्य हैं या उस समूह में शामिल हैं, अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए पूरी तरह से अमेरिका के नियंत्रण में हो जाएगा, क्योंकि परमाणु ऊर्जा के लिए खनिज और जरूरी साजोसामान उपलब्ध कराने वाले देशों के समूह पर अमेरिका का कब्जा है और पूरा दबदबा है। द्विपक्षीय 123 करार, हाइड एक्ट, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लागू हो, ऐसा भी सम्भव नहीं है क्योंकि यह द्विपक्षीय समझौता है और अमेरिका के घरेलू कानूनों से बंधा हुआ है, जिसमें हाइड एक्ट भी शामिल है।

उपाध्यक्ष महोदय : प्लीज साइलेंस।

श्री ब्रजेश पाठक : अरबों डॉलर के निवेश के बाद भी परमाणु ऊर्जा का योगदान, 2020 तक, देश की ऊर्जा की आवश्यकता का मात्र 7 प्रतिशत हो पाएगा।

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी का टाइम खत्म हो गया है।

श्री ब्रजेश पाठक : इससे ज्यादा बिजली भारत को कैसे मिल सकती है। कहा जा रहा है कि भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगेंगे। हिन्दुस्तान एक विकासशील देश है। यह कदम आगे बढ़ा रहा है। जवानी की तरह तेजी के साथ आगे बढ़ना चाहता है। लेकिन इस पर इतने रूपये का अधिभार लाद देना कतई उचित नहीं होगा। जब हम कोयला और गैस से सस्ती बिजली बना सकते हैं तो दो-तीन प्रतिशत बिजली के लिए भारत पर करोड़ों-अरबों रूपयों का बोझ लादना कतई उचित नहीं होगा। इतना ही नहीं इस परमाणु डील पर प्रस्ताव करने के लिए विरोधी पार्टियों को अपने पक्ष में करने के लिए साम-दाम-दण्ड-भेद इत्यादि हथकण्डे अपना लिए हैं, जिसके तहत केन्द्र सरकार ने, यूपीए सरकार ने हमारी बहन कुमारी मायावती जी पर सीबीआई का गलत इस्तेमाल किया...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please maintain silence in the House. Please sit down.

श्री ब्रजेश पाठक : देश की लगभग सभी पार्टियों ने इसकी निन्दा की है और भर्त्सना की है और कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेने का काम किया है। इसके अलावा विपक्षी पार्टियों के कई सांसदों को लालच देकर और डरा-धमकाकर अपने पक्ष में करने की कोशिश की गई है। आखिर इस डील में क्या है जो कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार को दांव पर लगा बैठी है। मैं देश के लोगों से और इस सदन से भी पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी की इस सरकार की नई देशभक्ति की परिभाषा के पीछे असली मकसद क्या है? पूरे देश की जनता इस बात पर हैरान है कि कांग्रेस पार्टी देशभक्ति की नई परिभाषा लिख रही है जो कि जार्ज बुश की नई गुलामी की तरफ ले जा रही है, उनके कदमों की तरफ ले जा रही है। इसलिए इन सब बातों को मद्देनज़र रखते हुए हमारी पार्टी इस परमाणु डील को करने के तौर-तरीकों से बिलकुल सहमत नहीं है। हमारी पार्टी इसका डटकर पूरा-पूरा विरोध करती है और हमारी पार्टी इसी सोच के ध्यान में रखकर विरोध करेगी अर्थात् हम इस प्रस्ताव का डटकर विरोध करेंगे।

मैं अंत में एक बात कहना चाहता हूं कि मनमोहन सिंह जी देश की जनता को बख्श दीजिए, उनको रोटी, दाल और सब्जी तो दे नहीं पाए, महंगाई कम नहीं कर पाए, अब परमाणु के नाम पर बिजली का लालीपॉप मत दीजिए। क्योंकि परमाणु से पेट नहीं भरेगा और यह भावी पीढ़ी का कोई भला नहीं करेगा। परमाणु करार देश को गुलामी की ओर ले जाने का काम करेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, यूपीए की पार्टी से तीन लोग बोल चुके हैं, रामगोपाल जी बोल चुके हैं, लेकिन एनडीए से एक भी नहीं बोला है।

उपाध्यक्ष महोदय : इनकी संख्या ज्यादा है और ये डीएमके पार्टी की तरफ से बोल रहे हैं।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : वे डीएमके पार्टी से हैं, लेकिन वह भी तो यूपीए का पार्ट है। यूपीए से चार-चार लोग बोल चुके हैं। लेकिन ओपोजिशन से एक आदमी ही बोला है।

उपाध्यक्ष महोदय : सभी का नम्बर आएगा और सभी को बोलने के लिए बुलाया जाएगा[r67]।

THE MINISTER OF SHIPPING, ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (SHRI T.R. BAALU) : On behalf my Party DMK under the able leadership of our beloved leader, Dr. Kalaignar M. Karunanidhi, I rise to support the Confidence Motion moved by the Prime Minister of India, Dr. Manmohan Singh.

At the same time, as I have mentioned on previous occasions, on behalf of our party leader, I gratefully observe and record in this august House the support and help rendered by our hon. friends from Leftist parties. A friend in need is a friend indeed. Of course, as far as this issue is concerned, they may differ with us, but I do not think this phenomenon will continue for ever. Definitely, my friends, especially my Leftist friends, will always support us in all issues except this issue because ideologically they differ with us. That is what I feel. Your support to this Government is always needed and not only your support, but the support of other friends like SP, who have joined us a few days back, is also needed equally. We need everybody's support not only to pass this motion but also in the days to come. That means we are going to win the Confidence Motion. My dear friends in the Opposition have mentioned something about some of the things which are pending in the Supreme Court, a *sub judice* matter. I do not want to answer to that. As requested by the hon. Speaker, I do not want to enter into that subject matter. First of all, I should assure you about that, as Shri Devendra Prasad Yadav has given a befitting reply five minutes back.

This issue of nuclear power is very important. Why do we need power in any developing nation? It is just to see that the development is taking place day in and day out. Not only that, but we need power coupled with infrastructure. That infrastructure can be sub divided once again into social infrastructure and physical infrastructure. All these things should form part of our development. What is the power requirement today? It is 6,08,400 million units. Only 5,54,248 million units are available. So, there is a shortfall of 54,556 million units. It is about 9 per cent of our total requirements. Nuclear energy's contribution is only

3700 MW. We should have achieved 10000 MW in 2000 itself. But that has not happened. By 2020, we need 20,000 MW of nuclear power. Why has this not happened? What is the reason? In this area, as far as nuclear power energy is concerned, why the nation could not develop this nuclear option? It is because subsequent implements and technology are not available and equipments are not available. Because of this reason, NSG countries are not in a position to supply these to India because of its sanctions. There was no bilateral agreement. There was no investment by IAEA and NSG. Why are we relying on the nuclear power alone? This is the question. As any shrewd businessman or shrewd professional should go for product-mix in any industry, we should also go for product-mix. So, as far as the power is concerned, we should go for hydro power. [MSOffice68]

17.[R69]00 hrs.

We have to go for wind energy, we have to go for coal energy and we have to produce power with all fossil fuels. The last option is nuclear power, but we should not miss this opportunity. We have to have a product mix of various things as far as power generation is concerned. All the options are essential for our country with a population of 112 crores. That is why we need nuclear power. To have nuclear power we require raw material, we need uranium and allied substances for our existing reactors and also for the new reactors to be established in due course of time.

Hence, in July, 2005 when Dr. Manmohan Singh met Mr. George Bush, the President of the United States of America, he entered into a dialogue. This dialogue is not a new one. The genesis of this dialogue lies in the Nehruvian era. When Pandit Jawaharlal Nehru was the Prime Minister of India, he initiated this dialogue. That dialogue has been renewed now. That is all. The genesis lies there. It is not a new one. But at the same time, when our great late lamented leader of this country Mrs. Indira Gandhi went in for Pokhran-I nuclear explosion in 1975 this dialogue was frozen. After that, Dr. Manmohan Singh has chosen to revive that dialogue when he met Mr. Bush in 2005. After the dialogue this bilateral agreement was signed. This agreement says that this is an agreement for cooperation between the Government of India and the Government of the United States of America concerning peaceful uses of nuclear energy.

Sir, this agreement is not at the cost of our indigenous three stage nuclear programme. It is not at the cost of the autonomy of our strategic nuclear programme and not at the cost of our research and developmental activities. Our Government remains committed to all this. It provides for full nuclear energy cooperation covering nuclear reactors, associated reactors, fuel cycle and enrichment including reprocessing. It provides for nuclear trade and transfer of nuclear material, equipment, components and related technologies and cooperation. Then it contains no provision that mandates scrutiny of our weapons programme or any unsafeguarded nuclear facility. The last one is, the provision does not affect India's right to conduct nuclear test in any manner. The last one is most important.

My friends from the Opposition said that India is going to be subservient to America. Where is the question of our being subservient to America? Our country never agreed to any diktat of any foreign country and we have never compromised with our foreign policy. The foreign policy of India is consistent with our national interests and nobody can meddle with that, whether Shri Atal Bihari Vajpayee or Dr. Manmohan Singh, nobody can meddle with that. Our foreign policy is constant and we cannot change it.

Sir, the 123 Agreement between India and the United States of America would put an end to technology denial regime against India that have been in place for more than three decades and end India's nuclear isolation. This is more important. There will be no more isolation and because of this isolation for the past 30 years we are not having access to nuclear fuel to our reactors or any new nuclear technology. That is why our nuclear energy development was stagnant all these years and we could not produce nuclear power upto the maximum capacity

[r70]Each and every Opposition Member definitely knows these constraints very well. But at the same time, because of politics, they want to play a role and that role is being enacted today and tomorrow.

My dear Sir, I stop that nuclear issue here because I do not want to dwell upon that as many hon. Members have spoken on that. I want to know why we have brought the Confidence Motion. If we have not brought it, the Opposition, especially, Mr. Malhotra, who was very vociferous ten days back, would have brought a No-Confidence Motion. If anybody on this earth is not having faith on Dr. Manmohan Singh Ji, definitely I can say what sort of democracy they want to establish in India. But the most lovable and affectionable personality in this country is being questioned. Why is he being questioned?

The crusade of democracy started by my beloved leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi, Madam Sonia Gandhi with the able support of Mr. Jyoti Basu, Shri Sharad Pawar, Shri Lalu Prasad and so many other leaders has not ended now. It has got a further period of ten months. We are at the start of fifth year only and still we have got a lot of things to do. We have to accomplish the things which we have taken up so far.

Now, what are those things that we have to accomplish? What was the *per capita* income during 2003-04? It was Rs.20,895 and in 2007-08, it is Rs.33,229. What was the forex reserve in 2003-04? It was 107.45 billion dollars. On 31.3.2008, during UPA, it was 299.23 billion dollars and on 30.5.2008, it was 304.88 billion dollars.

What about food security? With the able support of the best management and prudent administration of my friend, Shri Sharad Pawar, the food grain production as of now is 227 million tonnes. It is the highest ever produced in India. The wheat procurement is 225 lakh tonnes. It is also the highest procurement ever since Independence. It will last for 18 months to India; this has happened because of the support price, loan waiver and other things. The rice procurement is 265 lakh tonnes. It will last for another one year to our country and still the procurement is going on. Is it not the best management of Dr. Manmohan Singh's Government?

They talk about inflation. Inflation is there, but at the same time, the commodities should be available in the market. The commodities, like food grains, will always be available in the Indian market, prices may go up and prices may come down. But at the same time, food security is very much there. The UPA Government have secured the food security because of the prudent management of Dr. Manmohan Singh.

Sir, even if the commodities are not available, we have got enough foreign exchange reserves so that we can import also. There is no dearth of foreign exchange. There is no dearth of commodities. I would like to say that because of the prudent management, we are taking care of the common man in the street.[r71]

Sir, I said power with other infrastructure leads to economic development. Basically, development of infrastructure unleashes economic exploitation. At the same time, social infrastructure leads to human capital formation. Physical infrastructure and social infrastructure both together form part of the economic infrastructure. We can create infrastructure. Roads can be created; ports can be created; telecommunication facilities can be created; likewise other facilities can be created; but for this physical infrastructure, there should be human capital formation. For the human capital formation, social infrastructure should be in place.

For that social infrastructure, under the able guidance of Madam Sonia *ji*, Dr. Manmohan Singh *ji* has provided in the last Budget for 'Education', alone, Rs. 34,400 crore which is 20 per cent over and above the previous Budget. For 'Health', he has provided, Rs. 16,534 crore which is 15 per cent over and above the previous Budget. For 'Drinking Water', he has provided Rs. 7,300 crore; and for 'Sanitation' he has provided Rs. 1,200 crore. Over and above this, they are going to establish 16 Universities and 7 Indian Institutes of Technology throughout the country. These form part of our social infrastructure. This social infrastructure definitely creates a lot of human capital formation. Economic infrastructure gets developed because of human capital formation.

Not only that, there is a flagship programme of Bharat Nirman which is the brainchild of UPA, Madam Sonia *ji*, Dr. Manmohan Singh *ji* and Pranab *da*. For six programmes, from 2005-2009, they have provided Rs. 1,74,000 crore. What for? For 'Rural Irrigation', the target is 10 million hectares only; whereas we have reached 38 million hectares as of now. Is it not an achievement? For 'Rural Roads', the target is to reach 66,802 habitations; whereas we have reached 17,000 habitations so far. We have to accomplish the balance also. For that matter, at least, there should not be any hindrance for us. If they vote against us, they are against the rural road development of the *Aam Aadmi*. For 'Rural Housing', our target is 60 lakh houses; we have provided so far 45 lakh rural houses. We have to construct the balance 15 lakh rural houses and hand over to the poor and the needy. If they vote against us, it means they are against the poorest of the poor of this country. For 'Rural Water Supply', the target is 6 lakh habitations. Against the target of 6 lakh habitations, 3.5 lakh habitations have been provided rural water supply. Against the target of covering 1,25,000 villages, 45,000 villages have been covered under 'Rural Electrification'. For the balance, we have to provide electricity. At the same time, under 'Rural Telecommunication', about 24,000 villages have been covered so far; the remaining villages we have to cover....(*Interruptions*)

Sir, are they going to prevent this development? If they prevent this development, they are preventing the development of the poorest of the poor in this country.[r72]

Sir, now I come to NREGP. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing is going on record. Please allow him to speak.

*(Interruptions) â€¦ **

SHRI T.R. BAALU: Sir, up to 2007-08, we have covered 200 districts under this programme. Now, we have increased the coverage from 200 districts to 604 districts. Last year, we have provided Rs. 12,000 crore only, and this year we have provided Rs. 16,000 crore. There is 33 per cent increase in the provision. Annually, three crore people are getting livelihood out of this programme. Seventeen lakh works have been identified under this flagship programme. Out of that, 8 lakh works have been covered so far. Are they going to oppose this? I do not know. Even after all these achievements, if my friends oppose our Government, I cannot say what language I should adopt.

Now, I come to waiver of farm loans. In this year's General Budget, our UPA Government has provided Rs.60,000 crore for debt waiver. Before the end of June, the Finance Minister, under the direction of Madam Sonia Gandhi ji and my young friend, Shri Rahul Gandhi ji, this amount has been increased to Rs.71,680 crore.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Your Party's time is going to be over now.

SHRI T.R. BAALU: Sir, I am in the Ruling Party. Please allow me to speak out of the time of UPA.

MR. DEPUTY SPEAKER: You can speak, out of your Party's time only and not out of the time allotted to UPA.

* Not recorded

SHRI T.R. BAALU: Sir, I will conclude shortly. Please allow me five more minutes. I have to answer to my old friend, the hon. Leader of the Opposition, who has asked certain questions this morning. I am just trying to answer his questions.

He said that on the construction of roads, nothing is happening now. I do not know why he has asked me to answer this very question, because if I respond, it will be very much inconvenient to him.

Under Golden Quadrilateral and port connectivity – NHDP I – we have taken up 7,500 kilometres of four-lanes; North-South; and East-West we have taken up 6,647 kilometres; under NHDP – III, we have taken 12,109 kilometres; two lanes with paved shoulders we have identified 20,000 kilometres; under phase V we have earmarked 6,500 kilometres of six-laning under phase VI we have provided for 1,000 km express ways; and we have taken grade separators, fly-overs, ring roads, etc. under NHDP – VII. In respect of Golden Quadrilateral, 97 per cent of the work has been completed.

Now, I would like to point out as to how many kilo metres had been completed when the NDA Government demitted their office. During the NDA regime, they had completed 2,342 kilometres only. The UPA Government, headed by hon. Chairperson of UPA, Madam Sonia Gandhi ji, has completed 5,948 kilometres so far.

What was the per kilo metre out-turn per day? During the NDA regime, it was 1.86 kilometres. As of now, it is 3.96 kilometres. There is more than hundred per cent increase.

As far as Golden Quadrilateral is concerned, they had constructed only 1,955 kilometres. Under Golden Quadrilateral, the UPA Government has constructed so far 2,884 kilometres. They were also in power for four and a half years. How many contracts the NDA Government awarded? They had awarded 122 contracts. The UPA Government headed by Dr.Manmohan Singh had awarded 246 contracts. The total cost of the award of these contracts during the UPA regime was Rs. 83,668 crore, and during the NDA regime it was only Rs. 23,126 crore.

Finally, I come to port activities. I am talking about infrastructure. In 2003-04, taking all the 12 major ports together, the total traffic handled was 345 million metric tonnes. In 2007-08, the total traffic handled was 519 million metric tonnes and it was 50.5 per cent over and above.[H73]

During 2003-04, the port capacity was 390 MMT whereas in the year 2007-08, it was 532 MMT, which means, over and above, the capacity has increased by 36 per cent.

Then, about all the minor ports, which are about 200 and 12 major ports, during the NDA period in 2003-04, the traffic handled was 466 MMT whereas in our period, during 2007-08, the traffic handled has gone up to 717 MMT, which shows an increase of 54 per cent.

Sir, when the NDA left office, there was no Maritime Policy. But this UPA Government has envisaged a new Maritime Development Policy. Under this Policy, we have identified a total of 387 projects out of which there are 276 port projects and 111 shipping projects. So far, we have completed 33 projects, and there are 137 ongoing projects, which would also be completed in a very short time span of two to three years. We have to accomplish our target.

Finally, about the petroleum products, people say about the hike in the price of petrol. When we took the reign of this Government in the year 2004, the crude oil was trading at 30 dollars per barrel whereas now, it is trading at 130 dollars per barrel. During the NDA regime, in the year 1998, the crude oil was trading at 12.20 dollars per barrel; in 1999, it was trading at 29.50; and in the year 2003, it was trading at 34.70 dollars per barrel. The total increase in the crude oil price between 1998 and 2003 was just 22.50 dollars per barrel.

The price of SKO, that is, kerosene during 1998 was Rs. 2.52 per litre, nobody can object to it. In the year 2002, they increased the price of kerosene from Rs. 2.52 to Rs. 5.55 per litre. In the year 2003-04, before they demitted, they had again increased the price of kerosene to Rs. 9.01 per litre. It means, within three years, they had increased the price of kerosene alone by Rs. 6.49 per litre. Today, if we calculate it proportionately, it would have reached Rs. 26 per litre. But have we touched the kerosene price? No. Taking into account all these performance of the Government and, if you are pro-poor, please vote for us or walk out.

With this request, I conclude my speech. Thank you.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, I call Mr. Anant Geete.

गीते जी, आपकी पार्टी को इस विषय पर बोलने के लिए 16 मिनट अलाट हुए हैं।

श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि): पहले मैं 16 मिनट बोल लूं, फिर देख लेंगे।

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : डीएमके को जैसे समय दिया है, वैसे ही दें।

उपाध्यक्ष महोदय: वह हम देखेंगे कि किसको कितना समय देना है।

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने जो विश्वास मत का प्रस्ताव इस सदन में पेश किया है, मैं उसका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं।...(व्यवधान) क्यों कर रहा हूं, वही बताने जा रहा हूं। आज यह सरकार अल्पमत में है। सरकार अल्पमत में होने के कारण...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Anant Geete.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, अभी तो मैंने बोलना ही शुरू नहीं किया और उसके पहले ही इतनी टोका-टाकी हो रही है।

उपाध्यक्ष महोदय : आप बोलना शुरु कीजिए, अब टोका-टाकी नहीं होगी।

श्री अनंत गंगाराम गीते : इसका मतलब यह निकलता है कि परसों यहां पर ये रहने वाले नहीं हैं। हाउस कल खत्म हो रहा है। उपाध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया है कि सरकार अल्पमत में है।

श्री लालू प्रसाद : ऐसा कुछ नहीं है। हम बहुमत में हैं।

श्री अनंत गंगाराम गीते : यह प्रस्ताव किसलिए लाए हैं। ...(व्यवधान) अगर आप बहुमत में हैं तो यह प्रस्ताव किसलिए आया है? उपाध्यक्ष जी, यदि सरकार बहुमत में है तो यह प्रस्ताव किसलिए लाया गया है, यह सेशन किसलिए बुलाया गया है?

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : ऐसा कुछ नहीं है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय देवेन्द्र प्रसाद जी, आप डिस्टर्ब न करें।

श्री अनंत गंगाराम गीते : वामपंथियों के समर्थन पर यह सरकार चार साल दो महीने चली और कल तक आपका समय है। सरकार बनने से पूर्व महामहिम राÂट्रपति जी को वामपंथियों ने लिखित रूप में एक पत्र दिया था कि यूपीए की सरकार, जो माननीय मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में बनने जा रही है, उस सरकार को हमारा समर्थन है। उस पत्र के कारण महामहिम राÂट्रपति जी ने मनमोहन सिंह जी को सरकार बनाने की इजाजत दी। कुछ दिन पहले वामपंथियों ने महामहिम राÂट्रपति जी से मिलकर उन्हें लिखित रूप में पत्र दिया है कि हमने सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। नैतिकता के तौर पर अगर आप स्वीकार करते हैं कि आप अल्पमत में हैं तो उसी वक्त प्रधानमंत्री जी को सरकार से इस्तीफा देना चाहिए था।...(व्यवधान)

* Not recorded

श्री लालू प्रसाद : आप शिव सेना के लोग हैं। आप बात सुनिये।...(व्यवधान)

श्री आनंदराव विठोबा अडसूल (बुलढाना) : आपकी बात बाद में सुनेंगे।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : आप बात सुनिये। सीपीएम ने विदड्रा किया तो समाजवादी पार्टी का समर्थन था। इनको हम कैरेक्ट कर रहे हैं।

श्री आनंदराव विठोबा अडसूल : आप कैरेक्ट बाद में कीजिएगा। ...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : कैरेक्ट कब करेंगे, जब आप यहां से चले जाएंगे।...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Whoever speaks without my permission, their speech should not be recorded, even if it is Mr. Lalu Prasad.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : माननीय राम गोपाल यादव जी जब यहां पर बोल रहे थे तो उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने अधिकृत रूप में आपको समर्थन दिया है। मेरा कहना है कि फिर भी सरकार अल्पमत में है। ...(व्यवधान) जब इस पर मतदान होगा तो पता चल जाएगा कि सरकार अल्पमत में है या बहुमत में है लेकिन अभी तो सरकार अल्पमत में है। आज की बहस विश्वास मत प्रस्ताव पर है। सरकार सदन का विश्वास पाने के लिए यह प्रस्ताव लाई है। यह बहस न्यूक्लीयर डील पर नहीं है। आज न्यूक्लीयर डील का प्रस्ताव सदन के सामने नहीं है। जो प्रस्ताव माननीय प्रधान मंत्री जी ने रखा है वह कोई न्यूक्लीयर डील का प्रस्ताव नहीं है। यह दो दिन का विशेष अधिवेशन केवल विश्वास मत प्राप्त करने के लिए बुलाया गया है।[r74]

उपाध्यक्ष महोदय, आज इस सरकार की ओर से न्यूक्लियर डील के संदर्भ में कोई प्रस्ताव सदन के सामने चर्चा करने के लिए नहीं है। मैं विपक्ष के नेता श्री आडवाणी जी को धन्यवाद दूंगा कि जैसे ही प्रधानमंत्री ने इस प्रस्ताव को सदन के सामने रखा, आडवाणी जी ने काफी विस्तार से चर्चा की कि इस सरकार का विरोध किस लिए करना चाहिए और एनडीए इसके विरोध में क्यों है। जब विश्वास मत पर चर्चा हो रही है, तो निश्चित रूप में सरकार के पिछले चार साल के कार्यकाल के बारे में सदन में चर्चा जरूर होनी चाहिए। सरकार विश्वास प्रस्ताव पर सदन में चर्चा के लिए आई है, क्या यह सरकार चार साल के कार्यकाल में अपने कार्यों में सफल रही है? क्या सरकार ने अपने कार्यों में सफलता प्राप्त की है या पूरी तरह से असफल रही है, चर्चा इन मुद्दों पर होनी चाहिए। न्यूक्लियर डील पर चर्चा करने का आज कोई प्रस्ताव नहीं है।

* Not recorded

ऐसी ही स्थिति 1991 में श्री नरसिंह राव जी के समय आई थी। उस समय कारण अलग था। आज श्री नरसिंह राव जी नहीं हैं, उनके पीछे कुछ कहना उचित नहीं होगा। मैं उनके संदर्भ में यहां कुछ कहने नहीं जा रहा हूं, लेकिन उस सरकार को बचाने के लिए जिस प्रकार से उस समय हार्स ट्रेडिंग हुआ, उस संदर्भ में कई मामले न्यायालय में चले। कुछ लोगों को कुछ समय के लिए जेल में जाना पड़ा और उसके बाद सरकार अपना विश्वास प्रस्ताव पारित करके चार-पांच साल तक चली। आज की स्थिति उससे भी घिनौनी है।

श्री लालू प्रसाद : यह प्रिवलेज का मामला बन जाएगा।

श्री अनंत गंगाराम गीते : प्रिवलेज का मामला बनने का यहां कोई सवाल नहीं है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : गोयल जी, आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : लालू जी, आप भी कई बार मेरी परमिशन के बिना बोल चुके हैं। वह सब रिकार्ड में नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : लालू जी, आप मेरी परमिशन के बिना कुछ नहीं बोलेंगे। आप हर बात पर हस्तक्षेप मत कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आठवले जी, क्या आपने बोलने की परमिशन ली है? क्या मैं आपसे कहूं कि पहले आप अपनी सीट पर जाइए और फिर बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, मैंने केवल इतना ही कहा है कि सरकार को बचाने के लिए जिस तरीके से घिनौने प्रयास किए जा रहे हैं...(व्यवधान) आप सुनिए[R75]। ऐसा कहने पर मुझे लालू जी ने याद दिलाया कि यह प्रिवलेज का मुद्दा है। यदि आप प्रिवलेज लाना चाहते हैं तो पिछले हफ्ते से मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक चैनल्स में जो फीगर्स और बयान आ रहे हैं, आप उनके ऊपर प्रिवलेज लाइए। ...(व्यवधान) आप लाने की हिम्मत दिखाइए। ...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : जिस किसी नेता ने कहा है, उसके खिलाफ लाया जाएगा।..(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : मीडिया में जो आ रहा है, उसके खिलाफ प्रिवलेज लाने की हिम्मत दिखाइए। आज मीडिया में 24 घंटे ऐसी खबरें आ रही हैं। उनसे कहिए। ...(व्यवधान) आप प्रिवलेज लाने की धमकी उनको दीजिए। ...(व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : आप जो कुछ कहते हैं, वही मीडिया देता है। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुनाथ झा): शिव सेना के चीफ बाला साहेब ठाकरे ने न्यूक्लियर डील को सपोर्ट किया। यह किस वजह से इसका विरोध कर रहे हैं, हम यह जानना चाहते हैं? ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record.

*(Interruptions) â€¦ **

उपाध्यक्ष महोदय: गीते जी के अलावा किसी की बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान) *

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing should be recorded. Please sit down.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : आज पूरे देश में क्या हालत है? जब से यह चर्चा शुरू हुई है, देश के सामने एक ही इशू बचा है और वह है अमेरिका के साथ होने वाला न्यूक्लियर डील। इसके अलावा कोई समस्या नहीं बची है, इस प्रकार का आभास निर्माण करने का प्रयास हो रहा है। वास्तविकता क्या है? आज महंगाई बहुत बढ़ गई है। आज इनफलेशन 11-12 परसेंट है। अर्थशास्त्री चिंता जता रहे हैं और कह रहे हैं कि शायद इनफलेशन 15-16 परसेंट तक बढ़ सकता है। महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to him. Do not disturb.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is not the way.

...(*Interruptions*)

* Not recorded

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष महोदय, हम जानना चाहते हैं कि सरकार की ओर से इसे रोकने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं? मेरे ख्याल में कोई प्रयास सरकार की तरफ से नहीं हो रहे हैं बल्कि सदन के अन्दर और बाहर यह बयान आ रहे हैं कि महंगाई सिर्फ हमारे यहां नहीं, पूरी दुनिया में हो रही है। इनफलेशन को रोकने के लिए क्या प्रयास हो रहे हैं और आज क्या स्थिति है? महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे आम आदमी परेशान हैं। यहां लालू जी ने खड़े होकर पर-कैपिटा इनकम 3600-3700 बताई और कहा कि वह 2007-08 में बढ़ी है।...(व्यवधान) बाद में उन्होंने कहा कि वह 20 हजार से 30 हजार हो गई है। उन्होंने नहीं कहा कि यह पर-कैपिटा इनकम पर-इअर, पर-मंथ या पर-डे है जबकि वह कहना जरूरी था। यह क्लीयर होना चाहिए था। अगर मैं गलत हूं तो मेरी बात में सुधार करिए। एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आज देश में पर-कैपिटा इनकम पर-डे केवल 12 रुपए है और 38 परसेंट जनता बिलो पावर्टी लाइन है। आज भी गांवों में हमारी 70 परसेंट आबादी है।[a76] 70 परसेंट आबादी में, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता लेकिन कई राज्य ऐसे हैं जहां 80 परसेंट गांवों में बिजली नहीं है।

श्री लालू प्रसाद : इसी के लिए इंतजाम हो रहा है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to the hon. Member.

...(*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : मैं वही कह रहा हूं कि यह डील हो जाएगी तो उजाला ही उजाला हो जाएगा? इसका मतलब है कि हम देश की जनता को गुमराह इस प्रकार से करते हैं - इसके बारे में भी तो सोचो, कल हमें जनता के सामने जाना है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded expect the speech of Shri Geete.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष महोदय, कई राज्य ऐसे हैं जहां 80 परसेंट गांवों में बिजली नहीं है और 70,75,65 और 55 प्रतिशत यानी आधे से ज्यादा ऐसे राज्य हैं, जहां बिजली नहीं है। आप सब की दुआ से अटल जी की सरकार में मैं आखिरी डेढ़ साल ऊर्जा मंत्री रहा हूं और इसीलिए देश की ऊर्जा स्थिति से

* Not recorded

अवगत हूं। मैं आज भी इस संदर्भ में जानकारी लेता रहता हूं कि हमारे देश में ऊर्जा की स्थिति क्या है। आज भी देश के आधे से ज्यादा राज्य हैं जहां 55 प्रतिशत से अधिक गांवों में बिजली नहीं है। आज भी 40-45 प्रतिशत ऐसे गांव हैं जहां बिजली के लिए जो डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम चाहिए, वह सिस्टम ही नहीं है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपका समय आएगा, तब बोलना।

श्री अनंत गंगाराम गीते : आप कहते हैं कि डील होने के बाद घर-घर में बिजली आएगी। लेकिन आज भी 45 प्रतिशत गांव ऐसे हैं, जहां बिजली नहीं है, वहां यह सिस्टम ही नहीं है। अगर मैं गलत हूं तो ऊर्जा मंत्री सुशील कुमार शिंदे जी यहां बैठे हैं, वे मुझे सुधार सकते हैं।...(व्यवधान) मैं आपको वही बता रहा हूं कि हमने क्या किया। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦**

श्री अनंत गंगाराम गीते : 45 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां बिजली डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम नहीं है। इसका मतलब है कि बिजली का निर्माण ही नहीं हो पा रहा है और हम वहां तक बिजली नहीं ले जा सकते। आप गांवों की बात छोड़िए, हम दिल्ली में हैं, दिल्ली भारत की राजधानी है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please maintain silence in the House. लाल सिंह जी आप अपनी सीट पर जाएं।

...(*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : दिल्ली राज्य की बिजली ट्रांसमिशन के लिए अपनी कोई सुविधा नहीं है।...(व्यवधान) दिल्ली सिंगल मेगावाट भी बिजली जनरेट नहीं करती। आप गांवों की बात छोड़िए। लालू जी आप सुन लीजिए, मैं सरकार की सफलता बता रहा हूं कि आप कितने सफल हैं, यह सरकार कितनी सफल है।

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल : महोदय, दिल्ली में इन्द्रप्रस्थ पावर प्लांट है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

* Not recorded

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down. You will get your chance to speak on this issue.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Goyal, would you please go back to your seat? Please go back to your seat. You are disturbing the House. Therefore, please go back to your seat.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded. Please sit down.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : शुरूआत हो गई है, अब इनको जाना ही है। सदन के नेता प्रणव मुखर्जी ने बिजली के संदर्भ में आंकड़े दिए कि हमारी आज की इन्स्टाल्ड कैपेसिटी 1,44,000 मेगावाट है और यदि हम बिजली का निर्माण नहीं कर सके, पावर जनरेट नहीं कर सके तो वर्ष 2050 तक पावर डेफिसिट 1,50,000 मेगावाट हो सकता है। इस पर उन्होंने चिंता जताई है। [r77] वर्ष 2020 तक 4 लाख 50 हजार मेगावाट का डेफिसिट हो सकता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री कपिल सिब्बल): वर्ष 2050 तक बोलिये।

श्री अनंत गंगाराम गीते : वर्ष 2050 तक यह डेफिसिट 4 लाख 50 हजार मेगावाट का हो सकता है। इस तरह की चिंता उन्होंने यहां व्यक्त की है और चिंता जो वह व्यक्त कर रहे हैं, उसे जस्टिफाई करने के लिए ये आंकड़े उन्होंने दिये हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शांत रहिये।

श्री अनंत गंगाराम गीते : उन्होंने जो आंकड़े दिये हैं, वे गलत नहीं है, उन्होंने सही जानकारी दी है। पिछले महीने ही एक सेमिनार में, हमारे ऊर्जा मंत्री, श्री सुशील कुमार शिंदे ने, हाइड्रो पावर के बारे में जो हमारी पोटेंशल है, उसके बारे में ओपन स्टेटमैन्ट दिया था, जो सारे अखबारों और मीडिया में आया है कि आज भी भारत में जो कैपेसिटी हमें हाइड्रो पावर में, हाइडल में एड करनी है, उसका पोटेंशल 1 लाख 50 हजार मेगावाट का है। कहने का मतलब यह है कि हमारे देश में हाइड्रो पावर का जो पोटेंशल है, वह एक लाख पचास हजार मेगावाट का है। खास तौर पर जो उत्तरी राज्य जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश आदि हैं, इन सारे इलाकों में एक लाख पचास हजार मेगावाट का पोटेंशल हमारे पास है। जो हाइड्रो पावर है, यह दुनिया की सबसे सस्ती और क्लीन बिजली है।...(व्यवधान)

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री विलास मुत्तेमवार) : वहां जंगल काटने पड़ेंगे, यह संभव नहीं है। यह एनवॉयरनमैन्ट का मामला है।

श्री अनंत गंगाराम गीते : यह एनवॉयरनमैन्ट की चिंता नहीं है। एनवॉयरनमैन्ट की कोई चिंता नहीं है। यदि एनवॉयरनमैन्ट की चिंता है, तो सरकार के एक मंत्री इस पोटेंशल के बारे में पब्लिकली क्यों कहते हैं? ...(व्यवधान) ऐसा नहीं कहा है, हमने भी सर्वे किया है, वहां एनवॉयरनमैन्ट की कोई चिंता नहीं है, वहां एनवॉयरनमैन्ट क्लियरेन्स हो सकता है। इसमें सरकार की मानसिकता चाहिए, सरकार की काम करने की इच्छा चाहिए। जिस हिम्मत से पूरी सरकार को दांव पर लगाकर न्यूक्लियर डील के लिए आप जा रहे हैं,परंतु यहां आप हाइड्रो पावर के मामले में अपनी हिम्मत को क्यों हार रहे हैं? ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जायेगा।...(व्यवधान) *

श्री अनंत गंगाराम गीते : यदि आपको पसंद नहीं होगा, तो मैं बैठ जाऊंगा। उपाध्यक्ष जी, मुझे हर बात पर टोका जा रहा है। मेरा आधा समय तो टोका-टोकी में ही जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया आप कंटीन्यू करें।

श्री अनंत गंगाराम गीते : महोदय, जो प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए उपस्थित है, उस प्रस्ताव के बाहर हमने कुछ नहीं कहा है। हम जो भी कह रहे हैं, हमने वास्तविकता को

सामने रखा है।

उपाध्यक्ष महोदय : लालू जी, कृपया आप डिस्टर्ब मत कीजिए, जब आपकी बारी आयेगी, तब आप बोलिये।

श्री अनंत गंगाराम गीते : यदि आप उसे स्वीकार नहीं करना चाहते हैं तो अलग बात है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया उन्हें बोलने दें।

श्री अनंत गंगाराम गीते : वही मैं बता रहा हूं, मैं उसी पर आ रहा हूं। आज यह हालत है कि महाराष्ट्र जैसा राज्य, जो एक समय देश में पहले नम्बर का स्टेट था, आप विश्वास नहीं करेंगे, आज महाराष्ट्र में 14 घंटे की लोडशैडिंग है। ...(व्यवधान) वहां 14 घंटे बिजली नहीं है। लगता है कि अभी 16 घंटे होना बाकी है। वहां यह हालत है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया सुनिये, डिस्टर्ब करने का यह कोई तरीका नहीं है।

श्री अनंत गंगाराम गीते : जो वास्तविकता है, सरकार उसे स्वीकार करना नहीं चाहती है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप उनका टाइम खराब न करें।

---

* Not recorded

श्री अनंत गंगाराम गीते : आज महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। आज देश की क्या स्थिति है।

सरकार ने साठ हजार करोड़ रुपये के ऋण माफी की घोषणा की और चार करोड़ किसानों का पचास हजार करोड़ का कर्जा माफ कर दिया। जो पांच हैक्टेअर से ऊपर के किसान हैं, उनके वन टाइम सैटलमैन्ट के लिए साठ हजार करोड़ रुपये की घोषणा की, लेकिन बजट में एक पैसे का भी प्रोविजन नहीं है, एक रुपये का भी प्रोविजन नहीं है[b78]। आप बताइए कि [r79]क्या आपके बजट में एक रुपये का प्रोविजन है? एक रुपये का भी प्रोविजन नहीं है। आपने घोषणा की।...(व्यवधान) आप भी जब जनता के सामने जाओगे, अभी जनता के सामने जाना है, तब किसान आपसे यही सवाल करेंगे। किसानों की आत्महत्या लगातार चल रही हैं। बैंकों को आदेश दिये गये कि जिनका कर्जा माफ है, उनकी लिस्ट लगा दो, बैंकों ने लिस्ट लगा दी है। ...(व्यवधान) पहले आप सुन तीजिएगा, बाद में मुझे जवाब दीजिएगा। यदि मैं कुछ गलत कह रहा हूं तो आप सुधार कर सकते हैं। उपाध्यक्ष जी, आज बैंकों को आदेश दिये गये हैं, बैंक मुसीबत में हैं। जो नेशनेलाइज्ड बैंक हैं, वे रिजर्व बैंक के तहत आते हैं, एक बार एक फतवा रिजर्व बैंक से निकल गया तो उनको उसे मानना है। उनके पास कोई चारा नहीं है। लेकिन जो सहकारी बैंक्स हैं, जो सहकारिता की सोसायटीज हैं, जो गरीबों की हैं, जो शेयर होल्डर्स की हैं,...(व्यवधान) इन कोआपरेटिव बैंकों से जो कर्जा गया है, उन कोआपरेटिव बैंकों को धन कहां से आएगा? नेशनेलाइज्ड बैंकों तक को अभी तक धन नहीं गया है।...(व्यवधान) खाली उन्होंने लिस्ट लगायी है। आज ऐसी स्थिति है।...(व्यवधान) मैं महाराष्ट्र की बात कहता हूं। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आज सूखे की स्थिति पूरे महाराष्ट्र में है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: This will not go on record

*(Interruptions) â€¦ **

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी जब बारी आएगी तो आपको जो कहना हो, आप कह लेना लेकिन जब कोई दूसरा बोलता है तो कम से कम उसकी बात सुनिए।

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, आज महाराष्ट्र में दुर्भाग्य से सूखे की स्थिति है। लगभग पूरे महाराष्ट्र में- विदर्भ में, मराठवाड़ा में सूखे की स्थिति है। उस तरफ तो यह हालत है कि किसानों ने एक बार बीज बोया, इंतजार किया, बारिश नहीं आई, फिर दोबारा बीज बोया, अब तीसरी बार बीज बोने का समय है

---

*Not recorded

लेकिन अभी भी वर्षा नहीं है। जिनका कर्जा आपने माफ किया है और वह किसान यदि बैंक में जाता है कि मुझे कर्जे की जरूरत है, आप मुझे नया कर्जा दे दीजिए, बैंक इंकार कर रहे हैं, नहीं दे रहे हैं।...(व्यवधान) कहीं भी नहीं दे रहे हैं।...(व्यवधान) आप गांवों में जाइए, आप वहां जा नहीं सकेंगे। आप मेरी बात पर यकीन करिए। जिस दिन आपकी गांव में जाने की नौबत आएगी, आप गांव में नहीं घूम सकेंगे। जिनका कर्जा माफ किया है, उनको नया कर्जा नहीं मिल रहा है और न ही उनकी अर्जी स्वीकार की जा रही है और जिन्होंने ईमानदारी से कर्जा लिया है, ईमानदारी से इंस्टॉलमेंट दी है, वैसे किसानों को भी आज बैंक कर्जा नहीं दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल) : उपाध्यक्ष जी, ये पिछले बीस मिनट से एक ही बात बोल रहे हैं। इनके पास नया कुछ कहने के लिए नहीं है।...(व्यवधान) जिन लोगों ने पैसा इन बैंकों से ले रखा होगा, उनका माफ नहीं हो रहा होगा।...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, मैं देश की जनता की स्थिति को सामने रख रहा हूं। आप देश के किसानों को गुमराह कर रहे हैं। अलग-अलग बयान होते हैं।...(व्यवधान) कर्जामाफी के नाम पर किसानों के साथ मजाक किया जा रहा [r80]है। आज आप विदर्भ के किसी भी गांव में चले जाइये, आपको मालूम होगा...(व्यवधान)

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, विदर्भ के मंत्री यहां बैठे हुये हैं। वे गांवों में जायें और वहां के राष्ट्रीयकृत बैंकों में जाकर जानकारी लें और किसानों से पूछें कि इस साल किन-किन बैंकों ने कर्जा दिया है। अगर ऐसा एक भी उदाहरण दीजियेगा, तो मैं अपने संसद सदस्य पद से इस्तीफा दे दूंगा।...(व्यवधान)

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : आप क्या बात कर रहे हैं?

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाये। आपकी बारी आने वाली है। तब आप अपनी बात कह लेना।

â€¦(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : उपाध्यक्ष जी, आप विदर्भ के किसी जिले के गांव में चले जायें, किसान परेशान हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : किसी सदस्य की बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

â€¦(व्यवधान)

* Not recorded

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं कि जब कोई दूसरा बोल रहा हो तो उसे डिस्टर्ब न करें।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप मेरी बात सुनिये। आपकी बारी आयेगी तो जो आपको कहना हो, कह लेना।

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to me.

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Praful Patel, I will allow you to speak.

(Interruptions))

श्री प्रफुल्ल पटेल : उन्होंने जो बयान किया है कि अगर मेरी बात गलत होगी तो मैं सदन से इस्तीफा दे दूंगा। यह कैसे प्रमाणित होगा?

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपकी बारी आयेगी, तो आप अपनी बात रखियेगा।

श्री प्रफुल्ल पटेल : उपाध्यक्ष जी, मैं सरकार की ओर से कह रहा हूं कि अगर इनकी बात गलत साबित करूं तो क्या ये इस्तीफा देंगे?...(व्यवधान) सरकार जवाब देने के लिये तैयार है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : इस तरह तो हाउस का टाइम वेस्ट हो रहा है।

â€¦(व्यवधान)

श्री प्रफुल्ल पटेल :उपाध्यक्ष जी, ये गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आपको बोलने के लिये मौका दूंगा। अगर नहीं दूंगा तब आप कहना।[s81]

...(व्यवधान)

श्री प्रफुल्ल पटेल : आप इस्तीफा दीजिए।

17.59 hrs.

(Mr. Speaker in the Chair)

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let me see. Let me find out.

...(*Interruptions*)

18.00 hrs.

अध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए। छ: बज गए हैं। Let us extend the time of the House, until we finish the debate.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Just a minute. Kindly sit down.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Just a minute. I was not here; I am sorry; let me find out.

...(*Interruptions*)

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, the hon. Member has made a statement about loan waiver and he said that if he was proved wrong, he was willing to resign. If he is making a statement, either he should put it with facts or he should allow us to put them.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You will get your turn.

...(*Interruptions*)

SHRI PRAFUL PATEL: He should tender resignation. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Hon. Member, I am sure, you will be speaking later. Shri Geete may continue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Very well – you do not have anything else to say?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am sorry; your time is also over.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What are you trying to do?

...(*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, मुझे बोलने दिया जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाइए। आपके कहने से इनका भाषण नहीं होगा।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seats. Shri Geete, you can take maximum of two more minutes. Your Party's time was 16 minutes; you have taken 32 minutes. I am sorry; I cannot allow further.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: आप दो मिनट में अपना भाषण खत्म कीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप मजाक कर रहे हैं, यह अच्छा नहीं लगता।

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, 16 मिनट में 12 मिनट तो टोका-टाकी हुई है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बोलिए, आपका एक मिनट तो चला गया।

...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, चार दिन पहले कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी जी विदर्भ में गए थे। उन्होंने जो बयान दिए हैं, उन्हें आप एक बार पढ़ लीजिए। आप मेरी बात मत सुनिए, अपने युवा नेता कांग्रेस के राहुल गांधी जी वहां गए थे, उनके किसानों के कर्जे के संदर्भ में क्या बयान आए हैं, उसे आप पढ़ लीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम उसे पढ़ लेंगे।

...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : मैं गलत नहीं कह रहा हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, उन्होंने वहां जो स्थिति है, उसका बयान किया है। आप उसे पढ़ लीजिए, सिर्फ मेरा कहने का ढंग अलग है, वही बात मैंने अपने ढंग से कही है। ...(व्यवधान) उनकी हालत दिन-प्रति-दिन खराब होती जा रही है। कर्जा माफी का सिर्फ नारा हो चुका है, लेकिन आज सारी जगह किसान परेशान हैं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Thank you.

...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष महोदय, न्युक्लियर डील के मामले पर वामपंथियों ने सरकार का समर्थन वापस लिया है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: यह आप पहले बोल चुके हैं, अब आप अपना भाÂ○ाण समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष महोदय, आप मुझे थोड़ा बोलने का समय दीजिए।[s82]

अध्यक्ष जी, एन.डी.ए. का समय है।

अध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी का समय एन.डी.ए. के समय में नहीं आता है। आपकी पार्टी का समय अलग है। एन.डी.ए. का भी टाइम नहीं बचा है। अब श्री भर्तृहरि महताब बोलेंगे।

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, मैंने एक भी गलत बयानी नहीं की है और न प्रस्ताव के अलावा कुछ कहा है।

MR. SPEAKER: Nothing more will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, मुझे समाप्त तो करने दीजिए। हमारा टाइम है, उसी में हम बोल रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : 12 घंटे की डिबेट में आपकी पार्टी के 16 मिनट हैं। ऑलरेडी 37 मिनट हो गए हैं और कितना बोलेंगे। जब बड़ी पार्टी बनकर आएंगे, तो आपको ज्यादा समय मिलेगा।

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, मुझे अपनी बात समाप्त तो करने दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : यही तो हम रिक्वैस्ट कर रहे हैं।

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष महोदय, मैं दो मिनट से ज्यादा नहीं बोलूंगा।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, बोलिए।

* Not recorded

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, न्यूक्लियर डील के मामले पर वामपंथियों ने समर्थन वापस लिया। उन्होंने बिना कारण के समर्थन वापस नहीं लिया है। उन्होंने कारण दिए हैं। उन सारे कारणों का जवाब सरकार को देना है, लेकिन अभी तक किसी कारण का जवाब नहीं मिला है। हाइड एक्ट के बारे में यहां पर श्री डी.पी. यादव जी कह रहे थे कि वह तो अमरीका का कानून है और वह तो हम पर लागू नहीं होता। यही तो खतरा है। आप समझ नहीं रहे हैं। श्री डी.पी. यादव कह रहे थे कि हम भी हाइड एक्ट बनाएं। खतरा यही है कि हाइड एक्ट बनाकर अमरीका ने अपने आपको प्रोटैक्ट कर लिया है। यदि अमरीका की सप्लाई पर या अमरीका के इंटरैस्ट पर कोई बाधा किसी विदेशी करार से आती है, तो उसे स्यारिज करने का अधिकार, उस हाइड एक्ट ने ही उन्हें दिया है, हमें नहीं। यही तो सबसे बड़ा खतरा है।

अध्यक्ष महोदय : आपके दो मिनट हो गए। अब आप बैठ जाइए। आपने बोल दिया। अब आप इसी बात को कितनी दफा बोलेंगे। आप बैठ जाइए।

श्री अनंत गंगाराम गीते : अध्यक्ष जी, एक ही सेंटेंस में अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है। लम्बा सेंटेंस नहीं, छोटे सेंटेंस में आप अपनी बात समाप्त कीजिए और बैठिए।

श्री अनंत गंगाराम गीते : दुनियां में आज अगर कोई सबसे बड़ा व्यापारी है, तो वह अमरीका है। न्यूक्लीयर डील के एग्रीमेंट के इस व्यापार के माध्यम से, इस देश में दूसरी ईस्ट इंडिया कंपनी आ रही है। मैं यह चेतावनी देता हूं।

MR. SPEAKER: Shri Mahtab, you have got 15 minutes to speak. Please do not repeat the points already raised by other Members.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Mr. Speaker, Sir, I stand here to oppose the Motion moved by the Prime Minister of this country. The Leader of the Opposition has categorized basically four major issues which are confronting us. He has said let us focus on the four years of UPA rule and not just the Nuclear Deal and on issues ranging from spiraling prices, internal security and Amarnath controversy.

At the outset, I would say why does the Government want to rush headlong into the Indo-US Civilian Nuclear Deal. High rate of inflation is causing great distress to the people. The Government urges the nation to have patience but rushes impatiently to sign Nuclear Deal. Is keeping faith with the President of the United States has greater priority than in keeping faith with the people of this country?

Ever since the Left broke ranks with Congress and withdrew support, a campaign has been launched to portray this Trust Vote into an 'Up' or 'Down' vote on the Indo-US Civilian Nuclear Cooperation Agreement. [R83] As always, the Congress is deceitful. I will explain how. After 48 hours of the Indo-US Joint Statement on July 18, 2005, our leader Shri Atal Bihari Vajpayee had posed three basic points. First, what was being offered by the Americans would in short term contain India's strategic nuclear deterrence. Second, in the medium term, it would curb India's strategic nuclear capacity and third in the long term, it would roll back India's strategic nuclear programme. Three years later, with the unveiling of the Hyde Act, the 123 Agreement and the Draft Safeguards Agreement with the IAEA, these apprehensions have been proved to be prophetic.

It is a fact that the NDA Government had taken the initiative to engage the United State of America in a strategic dialogue but it is also a fact that India was an equal participant and not a supplicant in that dialogue. We believe that a strategic alliance with the United States of America is in India's interest as much as a strategic alliance with Russia and European Union. Unlike Congress, we believe that India today has the might and right to be treated as an equal. Therefore, when one asserts that it will renegotiate the nuclear deal to safeguard India's interest by removing debilitating clauses, there is strength behind this logic.

I would categorically state that our Party is not against nuclear energy. Our Party is not against strategic alliance with the United States of America. Our Party wants India to continue its pursuit to be recognised as a nuclear weapon country in the world. Our Party recognises the necessity of energy sufficiency for the development of our country. This House is aware that there is a huge and growing dependence on imported hydro carbon and soaring oil prices which has forced us to search for indigenous renewable sources of energy. Are we not aware that France with 70 per cent of its energy being nuclear, Japan with 50 per cent, Germany at similar levels and China marching ahead with nuclear generation, India's programme is to reach only 10 per cent of our energy needs by 2020 if we start now? Therefore, there is no doubt to have another alternative source of energy but at what cost? Today, the per unit cost is Rs.2.30 in my State. What I have read elsewhere, the cost per unit in this nuclear energy would be Rs. 7.80. Who is going to buy it? The Prime Minister has put in enormous effort to convince the scientific and security establishment that India's strategic interests will not be compromised. Repeatedly, he has said it in this House.

It is true that not many people have read the 123 Agreement. Many have not read the Hyde Act or the United States

Atomic Energy Act of 1954, yet amazingly many speak about the Deal and suggest amendments. I would ask one question. Does this Government or does the Prime Minister contemplate to amend our Atomic Energy Act? You have kept a spinx-like silence. Do you want this to be done by posterity?[R84]

A funny situation has cropped up. The Left withdraws support but the letter is handed over to the hon. President by a number of non-Members of Parliament. The hon. Prime Minister returns from Japan and meets the hon. President and asks her to convene a special Session of Parliament to seek a Vote of Confidence. The issue here is not of technical niceties; the issue is of propriety and dignity of parliamentary etiquettes.

Another funny situation occurred some days before this happened. This Government solemnly declared that they will not share the details of the privileged IAEA Safeguards Agreement with the Left since they are not a part of the Government. But then we find the Agreement is already on the internet for all to see. We describe the deal as a national issue, yet not talked to the main Opposition, but had closed door meetings. We say it is a national issue and then convert this into a Muslim, a Sikh or a communal issue or about Telengana, *Harit Pradesh* or Jharkhand. Where is the Indian in this? To get support of your alliance partners, the Government has been asked to re-draw the boundaries of certain States; even three districts of Orissa have been mentioned. When this Government is not sure whether it is going to survive for another 48 hours or 108 days, what is the value of its assurances? I would like to earnestly request this Government not to play with the sentiments of the people of Orissa.

Sir, I would like to analyse my own reaction to the movement of India's atomic energy programme towards international collaboration. I have great respect for the spirit and achievements of India in this challenging field. Whenever I think of self-reliance, a progressive vision of where we need to take India, I often think of the remarkable people who led this programme. We started with nothing but we dared to attempt almost the impossible. Right from its origin, the directions pursued were our own. Our programme was bold and largely self-inspired. We made ourselves learn what we did not know. We prospected for Uranium and found some but not much. Prof. Bhaba realised the need of converting Thorium into a fissile element of Uranium 233. But the journey is long; the distance has been covered to a larger extent. Successive Governments have not shown any inclination to sign the Nuclear Non-Proliferation Treaty because we felt it is highly discriminatory. Since 1974 there was a continuous process till 1998 and next is this where we are. After the bilateral agreement we have come to a multilateral process of negotiation. After our adventure in 1974 and later in 1998, I would not hesitate to say, the world led by the United States ganged up against us to suffocate our programme. No one has been able to accuse India of proliferation. Who is happy to live in a well of discrimination? We are self-confident. We can contribute significantly to our growth and development, yet there are constraints. We have to recognise that. We do not have enough Uranium. We need to circumvent the embargo. But there are other embargoes too. They relate to materials, chemicals, machines, electronic components, computers and designs and manufacture of control systems. [R85]

We are constrained for our own needs. Apartheid is harmful to everyone. I was given to understand that only a small part of the technology involved in a nuclear programme is actually nuclear. So, the question is, if the nuclear agreement will take India forward, what are we giving in return? That is our concern. Are we becoming subservient to the US, in the process? A deal, an agreement, should be done on an equal footing. But today the concern is the deal that has been worked out puts us in a subservient position. The world does not recognise us as a nuclear weapon state. Of course, it does not state that India is a non-nuclear weapon state but should we be pleased with this peculiar categorisation and allow slow down of our strategic programme? That is our concern.

I do not subscribe to the view that the Draft before the IAEA is non-negotiable. After the bilateral agreement with the US, we are entering into a multilateral agreement. India can conditionally accept the safeguard agreement. I would humbly submit that diplomacy and international treaty and agreement can best be served by diplomats and scientists when it comes to this type of a deal. But decision to protect the prestige and interest of the nation should only be taken at the political level.

The broad consensus of which the Prime Minister had spoken of is not here today. Rather, the Prime Minister has moved a motion seeking confidence of this House for his Council of Ministers. The Left have deserted them after running with the hare and hunting with the hounds. The crisis triggered by the Left's withdrawal of support to scuttle the Indo-US nuclear deal is instructive about how ideology principles and policies go for a toss when a cynical agenda comes to the fore.

The UPA Government may come out successful by a wafer thin majority secured by adding votes in whatsoever manner but can this be termed as national backing? I fail to understand as to why such a hurry is there.

I had stated earlier that the motion is moved by the Prime Minister to express confidence in his Council of Ministers. One would take stock of things that this Government has done during the last four years and two months. Has it raised the economic standard of the people? Has it provided safety and security to the people? Has it contained price rise? Has it enhanced the prestige of the country at the international forum?

It has failed on all fronts. Yet the Prime Minister seeks this House's confidence. Repeatedly, this Government has assured to establish one AIIMS-like institution in Bhubaneshwar. What has happened? You are now on your way out. What has happened to the Oil Refinery at Paradip? Has not the Indian Oil Corporation withdrawn from that project to help a private enterprise? And this has occurred only when this Government went out in search of support.

MR. SPEAKER: Please take your seat now. I have given you more than your Party's time.

SHRI B. MAHTAB : Lastly, during this UPA Government's tenure, the federal fabric has been denuded. The national approach has been squinted. I fail to understand why the Prime Minister has sought the confidence of this House. Is it to show the Left their place? Is it to rope in more allies for the future? If that is so, why not go to the people and seek their opinion?

I conclude by saying that my Party opposes the Motion moved by the Prime Minister.

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आनन्द शर्मा): महोदय, मैं प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रस्तुत विश्वास मत के पक्ष में इस सदन में अपनी बात कहने जा रहा हूं। पक्ष-विपक्ष की तरफ से सुबह से चर्चा हो रही है। बुनियादी प्रश्न यही है कि क्या किसी नयी बात पर चर्चा के लिए इस सदन का विशेष सत्र बुलाना पड़ा या कुछ ऐसे हालात बने। ...(व्यवधान)

[p86]

MR. SPEAKER: Thank you for reminding him. Let us go on.

श्री आनन्द शर्मा : जिससे राजनीति के अंदर दो ध्रुव, जो दोनों अपनी विचारधारा की बात कहते हैं, सिद्धान्तों की राजनीति की बात करते हैं, मूल्यों की बात करते हैं, वह देश के अंदर एक अवसर देखकर, एक वह सरकार जो इस देश के जनहित का कार्य कर रही है, वह सरकार जिसने पिछले चार सालों में हर वह कार्य किया है, सामाजिक क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में, गांवों के क्षेत्र में जो शायद पिछली सरकार के गठबंधन को...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Shahnawaz Hussain, you will be speaking now. If anybody disturbs you, how do you feel? Do not do that.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): महोदय, मैंने कुछ नहीं कहा है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ऐसा लगता है, आपके दोनों साइड जो सदस्य बैठे हुए हैं, वे हलचल करते हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री आनन्द शर्मा : महोदय, हमारे एनडीए के मित्रों को, बीजेपी के मित्रों को छ: वर्ष का समय दिया गया। छ: वर्ष के समय में जो प्राथमिकताएं इस सरकार ने दिखाई हैं, यूपीए सरकार, प्रधान मंत्री जी और यूपीए की अध्यक्षा, श्रीमती सोनिया गांधी जी ने सामाजिक क्षेत्र के लिए, शिक्षा के क्षेत्र में जो पहले बजट का प्रावधान था, वह 8 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर आज 32 हजार करोड़ रुपये हो गया, चार गुना बढ़ा है। उसी तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में, ग्रामीण क्षेत्र में जो इन्वैस्टमैंट हो रही है, जो इफ्रास्ट्रक्चर को बनाने का प्रयास हो रहा है, वह कार्य अपनी रफ्तार से चलता रहे, वही इस देश के हित में है। अगर उस रफ्तार को रोकने के लिए, जिस गति से आज देश प्रगति कर रहा है, उसे रोकने के लिए केवल राजनीतिक अवसरवादिता को सामने लाकर देश को गुमराह किया जा रहा है, देश के हित को कौन देख रहा है, कौन अनदेखा कर रहा है, उसे जनता भी देख रही है। सदन में चर्चा के माध्यम से यह भ्रामक प्रचार, मिथ्या प्रचार कि इस सरकार ने, इस प्रधान मंत्री ने कोई भी वह वायदा, जो इस सदन को, देश को दिया हो, उससे खिलाफी की है, वह बिल्कुल गलत बात है। इस सरकार ने, प्रधान मंत्री जी ने जो इस सदन में कहा, छ: बार इस पर चर्चा हुई, पारदर्शिता के साथ, प्रजातांत्रिक मूल्यों को सामने रखते हुए सदन और देश को विश्वास में लिया गया कि सरकार ने क्या पहल की है। देश की जरूरत को देखते हुए, विशेषकर ऊर्जा की कमी, ईंधन की बढ़ती हुई कीमतों को देखते हुए आने वाले समय में हमारी प्रगति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जो कदम उठाया गया, वह सबसे बात करके उठाया गया। सरकार की कोशिश रही कि आम सहमति बने।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या बात है कि आप बैठे-बैठे बोल रहे हैं। सदन की कुछ तो गरिमा है।

â€¦(व्यवधान)

MR.SPEAKER: Very competent speakers are there in the list to speak.

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कुछ भी करना चाहते हैं, कुछ भी बोलना चाहते हैं, यह क्या बात है।

â€¦(व्यवधान)

श्री आनन्द शर्मा : सभापति महोदय, जैसे मैंने कहा,...(व्यवधान)

श्री रामपाल सिंह (विदिशा) : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी अपने सम्बोधन में आपको सभापति महोदय बोल रहे हैं। यह अध्यक्ष महोदय की गरिमा के अनुरूप नहीं है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : क्या आपको कोई मुश्किल हो रही है? हमें कोई मुश्किल नहीं हो रही है तो आप क्यों बोल रहे हैं। क्या आपको कोई परेशानी है?

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप मेहरबानी करके बैठ जाइए। सिल्ली प्वाइंट्स उठाते हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री आनन्द शर्मा : माननीय अध्यक्ष जी, अगर आपत्ति यहीं तक सीमित है तो मैं उसे स्वीकार करता हूं, मुझे इसमें कोई कष्ट नहीं है।

अध्यक्ष जी, जैसे मैंने कहा, देश इस बात का साक्षी है कि अगर कभी देश और सदन को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ विश्वास में लिया गया, तो वह प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह और यूपीए की सरकार ने लिया।[N87]

[MSOffice88]

इस सदन में और दूसरे सदन में सात बार चर्चा हुई। जो भी प्रश्न उठाये गये, एक-एक बात का जवाब दिया गया। अगस्त, 2006 में जिन सात बिन्दुओं पर स्पÂष्टीकरण मांगा गया, प्रधान मंत्री जी ने सदन को और देश को आश्वासन दिया कि समझौता या करार को करने से पहले हर बात को ध्यान में रखा जायेगा। इस करार के लिए, जिसकी चर्चा हुई, उसका उद्देश्य क्या है? उसका उद्देश्य है कि यह देश, जो आज 21वीं सदी में अपनी एक बड़ी भूमिका बना रहा है, यह देश जो परमाणु क्षेत्र के अंदर सक्षम है, वह सक्षमता आजादी के बाद, जो पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की दूरदर्शिता थी, सोच थी, डा. होमी भाभा, डा. राजा रमन्ना, इन सबने मिलकर काम किया, हमारे देश के वैज्ञानिकों ने मिलकर काम किया और सन् 1974 में भारत को, दुनिया को संदेश देने का निर्णय हुआ जब स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी इस देश की प्रधान मंत्री थीं। उसके बाद सर्वविदित है कि न्युक्लियर सप्लायर ग्रुप बना और भारत पर पाबंदियां लगीं। उस पाबंदी के माहौल में जहां पर तकनीक पर रोक लगायी गयी, परमाणु ईंधन पर रोक लगी, उसके बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने भारत को सक्षम बनाया कि हमें भी विश्व के अंदर एक परमाणु शक्ति के रूप में स्वीकार किया जाये। हम उनके कृतज्ञ हैं।

हम इस देश के वैज्ञानिकों को बधाई देते हैं कि उन्होंने इस वातावरण में भारत को लक्ष्य की प्राप्ति कराई। लेकिन उसके बाद आज जो चर्चा हो रही है कि यह पहल क्यों हुई, यह करार क्यों हुआ? यह करार जो अलगाव था, आईसोलेशन थी, अंतर्राष्ट्रीय मुख्यधारा से भारत को बाहर कर दिया गया था, उसे खत्म करने के लिए है ताकि भारत मुख्यधारा में बराबरी के दर्जे से शामिल हो। समान अधिकार और समान जिम्मेवारी, जो तमाम उन राष्ट्रों की है, जिनको परमाणु शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया या वे राष्ट्र जिन्होंने एनटीपी पर दस्तखत किये, आज पूणव जी ने बड़ा खुलासा किया कि हमने क्यों दस्तखत नहीं किये। भारत के अधिकार को, भारत के हितों की रक्षा करने के लिए हमने एक सैद्धांतिक निर्णय लिया था कि उस अधिकार को बचाये रखने के लिए हम दस्तखत नहीं करेंगे। आज विपक्ष के माननीय नेता जी ने कई बातें कहीं। उन्होंने एक आरोप लगाया, जो मैं समझता हूं कि बहुत गंभीर आरोप है। उन्होंने सदन में कहा कि यह सरकार जो करार कर रही है, समझौता कर रही है, उससे भारत का दर्जा एक गुलाम का हो जायेगा। यह बराबरी के दर्जे की बात नहीं है। इस बात को मैं जिम्मेदारी से सदन में रखता हूं कि यह करार या समझौता, जो भारत कर रहा है, वह खुले आम कर रहा है, बराबरी के दर्जे से कर रहा है, किसी से छोटा बनकर नहीं कर रहा है।

दूसरी बात कही गयी कि अमेरिका की कांग्रेस ने जो एक्ट बनाया, वह एक्ट वहां के राष्ट्रपति को एक बार अधिकार देने के लिए कि भारत के साथ नागरिक परमाणु सहयोग कर सके। लेकिन जहां तक भारत का प्रश्न है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने सदन में इस बात को स्पष्ट रूप में कहा था कि जहां तक हमारी जिम्मेदारी है, हमारी प्रतिबद्धता है,

वह केवल 123 एग्रीमेंट के साथ होगी जिसमें भारत एक बराबरी के दर्जे से अपनी प्रभुसत्ता को बनाये रखते हुए, अपनी संप्रभुता को बनाये रखते हुए दस्तखत करेगा। किसी दूसरे देश की संसद को यह अधिकार नहीं है कि वह कोई कानून बनाये, जो हिन्दुस्तान पर लागू हो। यह बात प्रधान मंत्री जी ने कही है। हम उस बात से हटे नहीं हैं। अभी जो समझौता हुआ है, जिसके कारण हमारे वामपंथी दलों ने अपनी कुछ अलग राय रखी है। हमारे वामपंथी दलों ने जो राय रखी है ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Dr. Manoj, this does not behove you. Without asking anybody's permission, sitting in your seat and making a running commentary does not behove your position.[MSOffice89]

श्री आनन्द शर्मा: जो बात हमारे वामपंथी मित्रों और नेता, विपक्ष ने कही कि आईएईए के साथ हुए सेफगार्ड्स एग्रीमेंट में देश के हितों की अनदेखी हुई है। इसके बारे में, मैं सूक्ष्म रूप में यह कहना चाहूंगा कि पहली बार यह समझौता हुआ है जिसमें न केवल भारत के हितों की रक्षा हुई है, बल्कि एक स्पष्ट बात यह हुई है कि हमारी सामरिक परमाणु संस्थाओं और नागरिक परमाणु संस्थाओं के लिए जो सैपेरेशन प्लान है, उसे उन्होंने स्वीकार किया है। अगर किसी को इसके बारे में कोई शक हो तो वह उस एग्रीमेंट को पढ़े जिसमें साफ लिखा गया है:

"To identify and separate its civilian and military nuclear facilities and programmes in a phased mannerâ€¦"

That is what India will do. यह कहना गलत है कि इस एग्रीमेंट में आपको एक परमाणु शक्ति के रूप में नहीं माना गया है। अगर नहीं माना गया है तो समझौते में बार-बार स्ट्रेटजिक या मिलिटरी और सिविलियन फेसिलिटीज को अलग करने की चर्चा क्यों की गयी है। दूसरी बात यह है कि जब यह तय करना हो कि हमारी कौन सी न्युक्लियर फेसिलिटी सिविलियन है और कौन सी स्ट्रेटजिक या मिलिटरी, तो वह निर्णय करने का अधिकार भारत को है, किसी अन्य को नहीं। मैं यह बात रिकॉर्ड के लिए स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि माननीय नेता, विपक्ष ने खुलकर इसकी चर्चा की है। इसमें लिखा गया है

"India, on the basis of its sole-determination, shall notify the agency in writing of its decision to offer for agency safeguards the facility identified by India in the Declaration referred to in paragraph 13."

सदन को और इस देश को कोई भ्रम नहीं रहे, कोई ऐसी बात न कही जाए जो सत्य को नकारती हो, इसलिए ये बातें कहना मैंने जरूरी समझा है। माननीय नेता, विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया था कि यह सरकार बड़े गुपचुप तरीके से काम कर रही है। मुझे इस बात पर हैरत है, सदन और देश को भी इस पर हैरत होगी। मल्होत्रा जी, जब आपकी सरकार थी, तब दस महीने तक बात होती रही, उस दस महीने के समय में तत्कालीन विदेशमंत्री माननीय जसवंत सिंह जी स्ट्रोब टालबोट साहब से बात करते रहे। उस समय न तो सदन को विश्वास में लिया गया और न देश को विश्वास में लिया गया। उसे कहा जाता है बिल्कुल गुपचुप तरीके से काम करना, गुपचुप तरीके से देश के सामरिक हितों पर चर्चा करना, उन पर पेशकश और ऐसे समझौतों पर दस्तखत करने की पेशकर जिनको कभी भी यह देश स्वीकार नहीं करता जब तक कि वह बराबरी पर आधारित अंतराष्ट्रीय संधि न हो। मैं सीटीबीटी का जिक्र कर रहा हूं। यह भी कहा गया कि डील को लेकर सरकार इस सदन के अंदर आए। सरकार वर्ष 2005 से लेकर आज तक बार-बार सदन में आई। यह भी कहा गया कि देश के संविधान को बदल दिया जाए जिससे रेटीफिकेशन की बात सदन के अंदर आए। मैं स्ट्रोब टालबोट की किताब में से केवल एक पैराग्राफ पढ़ना चाहूंगा।...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, क्या यह किताब वेदवाक्य है, जिसे बार-बार पढ़ा जा रहा है। अगर इसमें कुछ गलत बयानी की गयी हो, क्या इसे बार-बार सदन में पढ़ा जाएगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आप इसे असत्य कह दीजिए।

श्री आनन्द शर्मा: महोदय, मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी के साथ केवल इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पूरा देश और दुनिया आज इसे देख रही है। मैं नेता, विपक्ष का आदर करता हूं।[R90] वह बुजुर्ग भी हैं, अनुभवी भी हैं, इसीलिए दुख है कि अगर इतने कद के व्यक्ति द्वारा कोई ऐसी बात कह दी जाए जो उन्हीं की सरकार के कार्यकाल के क्रियाकलाप को नकारती हो इसलिए मेरा फर्ज बनता है कि मैं उस बात को सामने रखने का काम करूं। यह बात जसवंत सिंह जी को भी पता है और उन्होंने कभी इसका खंडन नहीं किया। इस किताब के पेज नम्बर 45 में कहा गया है वह मैं बताना चाहता हूं।

Mr. Jaswant said, "India would sign the CTBT by the end of May. ...(*Interruptions*) If this were actually to happen, it would be a significant development, but it would still leave ratification of the treaty for the indefinite future. When I pointed this out, Jaswant assured me that under the Indian system, signature was tantamount to ratification and Parliament, he called a mere formality". You must also adequately and correctly brief the hon. Leader of the Opposition when this issue is raised about the ratification or the Parliament to be taken into confidence.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : रिकार्ड के लिए हम कहना चाहते हैं कि यह बिल्कुल असत्य है...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: ठीक है आपकी बात भी रिकार्ड पर आ गई है।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Whatever is valued is recorded.

श्री आनन्द शर्मा : अध्यक्ष महोदय, नेता विपक्ष ने और भी कई बातें कही हैं। मैं उनकी एक बात पर छोटी सी टिप्पणी करना चाहता हूं। उन्होंने पोखरण तीन के बारे में बात कही कि यह अधिकार हमसे ले लिया गया है कि भारत दोबारा ऐसा विस्फोट कर सकता है या नहीं। मैं कहना चाहता हूं कि अगर भारत को उस चीज की जरूरत है, चाहे वह 123 एग्रीमेंट है या आईएईए के साथ सेफगार्ड एग्रीमेंट है, ये दोनों मेरे पास हैं, जिसने भी इन्हें पढ़ा है, चाहे वे वामपंथी साथी हों, चाहें उनके नए मित्र बीजेपी और एनडीए हों, दोनों समझौतों में कहीं यह नहीं लिखा गया है। भारत का अधिकार भारत का रहेगा। जब जरूरत होगी, हमारी राजनीतिक लीडरशिप है, वह फैसला करेगी। यह अधिकार अपने पास हमने तब रखा था, जब 1968 में एनपीटी पर दस्तखत हुए थे। उस समय कांग्रेस की सरकार और इंदिरा जी ने फैसला किया था और उसे हमने नहीं खोया है। अगर करार के अंदर एक बात है तो वह यूनीलैटरल मॉरीटोरियम को जारी रखने की है। स्वेच्छा से एक तरफा पाबंदी जो लगाई है।

अगर याद्दाश्त कमजोर हो जाए तो गम्भीर बात है। अगर नेता विपक्ष और विपक्ष में, क्योंकि अभी तो आप बड़ी जिम्मेदारी की बात करते हैं और आपको पूरे देश की जिम्मेदारी भी देखनी है, तो यह याद्दाश्त कायम रखना भी जरूरी है। मैं कहना चाहता हूं कि वह निर्णय भी आपका था। प्रधान मंत्री जी ने तो यही कहा है कि जो पेशकश थी, हम उसे जारी रखेंगे। इसके अलावा अगर कोई एक शब्द हो तो हमें बता दें।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : हाइड एक्ट में है।

श्री आनन्द शर्मा: वह मैंने बता दिया है। याद्दाश्त जब कम हो जाए, विशेÂाकर ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर जिसमें राÂट्र का हित जुड़ा हो, पहला तो यह कि किस तरह से परमाणु विस्फोट की बात, दूसरा संसद को विश्वास में लेना या न लेना, जो मैंने बताया, तीसरी बात भी उतनी ही गम्भीर है, क्योंकि एक बार नहीं, दो बार नहीं, बार-बार स्मरण शक्ति पर प्रश्न चिन्ह लग जाए तो मैं नहीं सोचता कि उसमें कोई कमी है या जानबूझ कर भूल रहे हैं, यह तो देश देखे। तीसरी बात जो कही, उसके लिए यह किताब लिखी गई और इस किताब की जरूरत पड़ी - 'मेरा देश-मेरा जीवन', 'My Country My Life'. वह किताब आ गई। उस किताब में लिख दिया गया, अब फिर वही विदेश मंत्री का जिक्र आ गया, जब हमारे हवाईजहाज को हाइजैक कर लिया गया था और कंधार ले गए थे, तब विदेश मंत्री जी भी साथ गए थे।[R91]

मौलाना अजहर मसूद और कुख्यात आतंकवादियों को जेल से निकालकर कंधार ले गये। अब यह कहा कि मुझे मालूम नहीं। अगर यह बात सही है तो वे देश के गृह मंत्री थे,

बाद में उप-प्रधान मंत्री थे, अगर उन्हें यह मालूम नहीं था कि जहाज हाइजैक हो गया, देश के विदेश मंत्री जेल से निकाल कर आतंकवादियों को ले गये, तो यह बहुत ही गंभीर बात है। अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे बड़ी बात इस सदन में रखना चाहता हूं कि वे कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी के सदस्य थे, सीसीपीए के मैम्बर थे और उन्हीं के कैबिनेट के साथियों ने जो आज भी एनडीए में हैं, चाहे उस समय के रक्षा मंत्री हों, चाहे उस समय के वित्त मंत्री हों, जो बाद में उस समय विदेश मंत्री बने माननीय यशवंत सिन्हा जी, उन्होंने रिकार्ड पर कहा कि वे बैठक में मौजूद थे, उन्हें पूरी बात मालूम थी। इतना ही नहीं और भी स्मरण-शक्ति की बात सुन लीजिए। अमरीका के उस समय देश में राजदूत कौन थे? उनका नाम भी गलत लिख दिया। उन्होंने वाशिंगटन से बयान दिया कि उस समय मैं हिंदुस्तान में अमरीका का सफीर नहीं था। ब्लैक-वैल ने यह कहा था। अगर यह स्मरण-शक्ति का सवाल है तो गंभीर है। जान-बूझकर संवेदनशील विषय पर अगर यह भ्रामक विचार कि जो कुछ गलत हुआ हमारे शासन काल में, उसका मुझे कुछ नहीं पता, मुझे तो केवल भविष्य का देखना है - इसे मैं समझ सकता हूं।

श्री खारवेल स्वाई (बालासोर) : टैरिस्ट को ले जाना क्या गलत था, जब 150 पैसेन्जर्स वहां थे। ...(व्यवधान) आप बोलिये।

MR. SPEAKER: Mr. Swain, you cannot dictate to him as to what he will speak.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Don't record anything. He is speaking without permission.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Mr. Minister, don't respond to him.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Swain, what is this going on? Please take your seat. This is very unfair.

...(*Interruptions*)

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: Mr. Minister, you carry on. Don't respond to him.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : जिस मीटिंग में यह फैसला हुआ था उसमें माननीय मनमोहन सिंह जी भी थे।

अध्यक्ष महोदय : इंटरप्ट करके बोलने से क्या होगा, आपको मौका मिलेगा, ठीक टाइम पर बोलिये।

श्री आनन्द शर्मा: अध्यक्ष महोदय, सब लोग यहां समझदार हैं परिपक्व हैं और जानते हैं कि सच्चाई बहुत कड़वी होती है, कष्ट देती है। जहां तक चुनौती की बात है तो मैं चुनौती नहीं दे सकता हूं। मैं तो बड़े आदर के साथ विपक्ष के नेता के बारे में कहता हूं कि बड़े नेता हैं लेकिन एक बात जरुर कहता हूं कि अगर हमारी सरकार उस समय होती तो अमृतसर से आगे जहाज नहीं जाता। पूर्वचन बहुत हैं और आंतरिक सुरक्षा के बारे में हम रोज पूर्वचन सुनते हैं। रोज यह भी सुनते हैं कि पोटा होता तो यह होता। पोटा होते हुए भी संसद कांड हुआ, लालकिला कांड हुआ, अक्षरधाम, रघुनाथ तथा कश्मीर विधान सभा कांड हुआ। यह सब उस समय हुआ। एक नयी बात आज सामने आ रही है कि दो छोर साथ-साथ आ गये हैं। हमारे वामपंथी मित्रों ने चार वर्ष तक हमारा समर्थन किया, उसके लिए धन्यवाद। लेकिन यह बात उनसे भी कहूंगा कि साझा-न्यूनतम कार्यक्रम केवल आपका लिखा हुआ नहीं था, वह साझा था। [r92] यूपीए के जो सहयोगी दल हैं, उन्होंने जनता से जो वायदे किए थे, वे सब हमारे कार्यक्रम में शामिल हैं। बहुत अच्छे-अच्छे काम हुए हैं, चाहे वह ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना है, चाहे भारत निर्माण का कार्यक्रम है, चाहे 12 करोड़ बच्चों को मिड डे मील देने की स्कीम के तहत कवर किया गया हो, जितने भी बड़े कार्यक्रम हैं, उनका श्रेय अगर ये कहें कि उन्हें है और सरकार को नहीं है, यूपीए की अध्यक्षा को नहीं है, तो यह एक अजीबो-गरीब परिस्थिति है।

दूसरी बात, जहां तक आम सहमति बनाने की है, यूपीए की तरफ से, सरकार की तरफ से, माननीय प्रधान मंत्री की तरफ से कोशिश में कमी नहीं रही है। सबसे बातचीत हुई है, वामपंथी मित्रों से भी बार-बार बात हुई है। श्री सलीम जी थोड़ा गुस्से में जरूर आ गए, मैं माफी चाहता हूं। मैं सिर्फ अपनी जानकारी बढ़ाना चाहता था कि आप जिस पुस्तक से पढ़ रहे हैं, वह किस वैज्ञानिक ने लिखी है, जो परमाणु शास्त्र जानते हैं, क्योंकि अपनी पार्टी की पुस्तक पढ़ कर देश को ज्ञान देना अलग बात है। मैं सिर्फ यही स्पष्टीकरण चाहता था। मैं एक बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हम एक-दूसरे का विरोध कर सकते हैं, हमारे मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए कि कोई ऐसी बात न हो, जिससे कि इस देश की प्रतिष्ठा और गरिमा पर आंच आए। आज आडवाणी जी ने देश के जिन इंस्टीट्यूशंस की बात कही, उन पर आघात नहीं लगना चाहिए। प्रधानमंत्री के इंस्टीट्यूशन पर इतना बड़ा आघात करना कि धोखा हुआ है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। आपकी सहमति नहीं बनी, वह क्यों नहीं बनी, यह आप जानते हैं। श्री प्रणब जी कोर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष थे, यह सोचते थे कि इन्हें समझा लेंगे। लेकिन जिन्हें न समझने का मन बना लिया था कि पहले देर करेंगे और बाद में सरकार से समर्थन वापिस ले लेंगे, तो उन्हें कौन समझा सकता है। जब उन्हें समझाने की संभावना ही नहीं रही, तब जो प्रस्तावना थी, वह समाप्त हुई और प्रणब जी ने उसकी विस्तार से चर्चा कर दी कि आईएईए में क्यों गए। आज आप दोनों इकट्ठे हुए हैं, मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है। यह पहली बार नहीं हुआ है।

मोहम्मद सलीम (कलकत्ता - उत्तर पूर्व) : आपको खबर होनी चाहिए। हम दोनों कहां इकट्ठे हुए हैं?

MR. SPEAKER: There is a well established custom and convention that you have to follow. Unless the hon. Member, who is on his legs, yields you cannot interrupt him. You have to request the hon. Member to yield.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not record one word.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री आनन्द शर्मा: मैं किसी को उत्तेजित करने के दृष्टिकोण से बात नहीं कह रहा हूं। अगर हमारे वामपंथी मित्र कोई बात कहते हैं, तो एनडीए और आरएसएस का बयान उनके पक्ष में आता है कि हम इनके दुख को समझ सकते हैं। मुझे देश को याद दिलाना है कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कोई बड़ा काम देश के लिए हो रहा है और जिसका मिल कर विरोध हुआ हो। मैं वर्ष 1985 की तरफ ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, जब हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने इस देश में कम्प्यूटर और इंफोर्मेशन टेक्नोलाजी की बात कही थी। जब राजीव गांधी जी ने 21वीं सदी के भारत को बनाने की बात कही, उस वक्त भी राइट और लेफ्ट वामपंथी और बीजेपी ने इकट्ठे हो कर सदन के अंदर और सदन के बाहर विरोध किया था तथा देश के अंदर आंदोलन किया कि रोजगार खत्म हो जाएंगे।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not record it.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Carry on.

...(*Interruptions*)

श्री आनन्द शर्मा देश में विरोध हुआ, हड़ताल हुई, नौजवानों को कहा गया कि यह प्रधान मंत्री आप सब को बेरोजगार बना देंगे। 21वी सदी की बात का मजाक उड़ाया गया। राजीव जी 1991 में चले गए, हमने उनको सौ दिया लेकिन आज देश उनका ऋणी है, कृतज्ञ है और आने वाली पीढ़ियां उनको याद करेंगी। आज हिन्दुस्तान आईटी की एक सुपर पावर है। आज दुनिया के अन्दर आईटी इनेबल्ड सर्विसेज का 65 परसेंट हिस्सा भारत के पास है। क्या इस बात को कोई इन्कार कर सकता है? कम से कम आज तो स्वीकार कर लो, अब मान लो कि उस समय गलत कहा था और वाकई उन्होंने बड़ा काम किया था।

अध्यक्ष महोदय, मेरे मन में कोई शंका नहीं है कि आने वाले कुछ सालों के बाद देश में प्रगति के लिए ऊर्जा की जरूरत को देखते हुए, बढ़ती हुई ईंधन की कीमतों को देखते हुए जब परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम आगे बढ़ेगा, जैसा आज सुबह पूणव जी ने कहा कि कितनी बड़ी कमी का देश को सामना करना पड़ेगा, अभी उत्पादन को मद्देनजर रखते हुए सन् 2050 तक उसमें साढ़े 12 लाख मेगावाट की जरूरत होगी, चार लाख दस हजार मेगावाट की कमी होगी और पांच लाख चालीस हजार जो पैदा होगी, उसमें वह भी शामिल है जो डेढ़ लाख हाइड्रो पावर है। इसके ऊपर पूरा विस्तृत उल्लेख हुआ। तेल की कीमतें क्या थी, क्या नहीं थी, मैं उस पर बिल्कुल नहीं जाना चाहता हूं और न ही दोहराना चाहता हूं। मुझे एक चीज कहनी है जो जरूर होगी, सन् 2020 तक 40 हजार मेगावाट होगी और वह बढ़ती जाएगी। ...(<u>व्यवधान</u>)

MR. SPEAKER: Do not record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Those hon. Members who will speak while sitting, I will ask them to go out, of whichever side they may be. This is a disease. While sitting, you are making comments and not even bothering to take the permission. This is gross disrespect to Parliament.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not record.

...(*Interruptions*)

* Not recorded

MR. SPEAKER: You address to the Chair. Carry on.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Only the hon. Minister's speech be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Do not record one word.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Please sit down. Do not disturb your speaker.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): अध्यक्ष महोदय, आप इनको भी डांट लगाइए। ...(<u>व्यवधान</u>)

अध्यक्ष महोदय: उनको ज्यादा डांटा है।

श्री आनन्द शर्मा आपत्तियों को देखते हुए एक बात जरूर है कि भारत को इसमें उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। जहां भारत को पन बिजली योजनाओं की जरूरत है या थर्मल प्रोजैक्ट्स की जरूरत है या रिन्यूएबल्स विंड एंड सोलर एनर्जी की जरूरत है, वहीं बड़े पैमाने पर न्यूक्लियर एनर्जी जो क्लीनलैस्ट सोर्स ऑफ एनर्जी है, उसकी भी भारत को जरूरत है और यह सरकार उसे कर रही है। इसलिए विरोध करना गलत है।

मुझे अंत में दो बिन्दुओं पर ध्यान दिलाना है - पहला हमारे विपक्ष के मित्र बड़े प्रसन्न लगते हैं, जरूर रहें, हम आपको दुखी बिल्कुल नहीं देखना चाहते हैं। यह प्रीमैच्योर सैलिबरेशन है, वक्त से पहले जब किसी का रिश्ता होता है तो रिश्ता होने के साथ-साथ भविष्य में पैदा होने वाले बच्चे का नाम रख दिया जाता है। आप अभी खुश मत हों। इनके प्रधान मंत्री की उम्मीदवार मायावती जी हैं, आडवाणी जी नहीं हैं। इसलिए खुश मत होइए, ताली मत बजाइए, अभी रुक जाइए।

अध्यक्ष महोदय: एक बिन्दु और बोल दीजिए।

श्री आनन्द शर्मा मुझे एक और चीज कहनी है। मैंने जो तीन नाम लिए हैं, वे तीनों नाम नेताओं के हैं। क्या इन तीनों का इकट्ठा आना चाहे इस विषय में राजनीतिक अस्थिरता लाना, सरकार का विरोध एक अच्छे काम के लिए करना, देश की जनता को गुमराह करना क्या सिद्धांत की राजनीति है या अवसरवादिता है?

-

-

-

* Not recorded

19.00 hrs.[r93]

देश दुनिया की मुख्यधारा में शामिल हो, यह भारत के हित में है? चीन में 41 नए रिएक्टर लग रहे हैं। अभी सलीम जी ने कहा कहां हो रहा है। चीन में जाकर देखिए। वहां अगले 12 सालों में 41 नए रिक्टर होंगे। यूके में गॉडन ब्राउन प्रधानमंत्री ने 12 नए रिएक्टर लगाने की घोषणा की है। अमरीका ने 23 नए रिएक्टरों की बात की है और भारत में न लगे, यह किसके हित में है? भारत अलग रहे, यह किसके हित में है? मैं इस बारे में एक बात कहना चाहता हूं कि जब इस करार पर शंकाएं और इशारे हुए, जब उंगली उठाई गई और आरोप लगे,तब इस पर भारत के बड़े अधिकारियों ने चर्चा की, चाहे वह 123 एग्रीमेंट है या आईएईए सेफगार्ड एग्रीमेंट है। कहा गया कि भारत की परमाणु एजेंसी के मुखिया, जो बड़े परमाणु वैज्ञानिक हैं, उनके साथ डा. अनिल काकोदकर, जो भारत के सुरक्षा एडवाइजर हैं और बाकी भारत के सुरक्षा अधिकारी, भारत के विदेश सचिव, बड़े-बड़े राजदूत, इन सब लोगों ने देश हित की अनदेखी कर दी, यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण आरोप है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि इसमें कितनी सच्चाई है और यह कितना देश के हित में है। एनडीए शासन के समय नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर श्री ब्रजेश मिश्रा, ने भी इसका पुष्टीकरण और समर्थन किया है। वह भी शायद वाजपेयी जी की तरफ से, जो खुद बार-बार कहते हैं उस समय के राष्ट्रपति, अबुल कलाम जी के बारे में, उन्होंने भी समर्थन किया है। आपको किसकी बात कैसी लगती है? आप कहते हैं कि अब ले जाओ तो पहले क्यों बैठा कर रखा था? हमने तो नहीं कहा था कि आपके शासन काल में वे शासन चलाएं? वे प्रिंसीपल सैक्रेट्री भी थे और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर भी थे। वाजपेयी जी ने उन्हें रखा था, सूझबूझ से रखा होगा। आज वाजपेयी जी बुजुर्ग हैं, हम उनका आदर करते हैं और आप कह रहे हैं कि ले जाओ। उन्होंने जिसे सलाहकार माना तो कुछ सोचकर रखा होगा, इसे आप जरा सोचिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not record anything.

*(Interruptions) â€¦ **

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : महोदय, तीन मिनिस्टर तो पहले ही बोल चुके हैं।

अध्यक्ष महोदय : उनका समय है, हम क्या करें? जब समय खत्म हो जाएगा तब मौका नहीं मिलेगा। हम पूरा रिकॉर्ड रखते हैं, जब उनका समय खत्म हो जाएगा तब नहीं बुलाएंगे।

श्री आनन्द शर्मा: यह बात सदन में बार-बार कही गई कि भारत की जो स्वतंत्र विदेश नीति है, वह कमजोर पड़ जाएगी, उससे समझौता हो रहा है। ईरान का भी जिक्र आया कि शायद उससे भारत के संबंध खराब

---

* Not recorded

हो जाएंगे। एक बात प्रधानमंत्री जी ने कही है कि भारत का विदेश नीति स्वतंत्र रहेगी, यह स्वतंत्र नीति है। मैं वामपंथी मित्रों को याद दिलाना चाहता हूं, क्योंकि इनकी तरफ से रोज पूर्वचन आते हैं -Neither we need any certificate nor any sermon. भारत को स्वतंत्र विदेश नीति जवाहर लाल नेहरू जी ने दी थी, जो भारत के पहले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री थे।...(व्यवधान) पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू थे। ये पहले भी भूल रहे थे कि कौन किस समय प्रधानमंत्री थे। इसे कांग्रेस की सरकारों ने बचाकर रखा, इसमें न हमारे मित्रों का, न माननीय नेता विपक्ष दल का और न ही वामपंथी दलों का इस विदेश नीति को बनाने में कोई योगदान रहा है। यह विदेश नीति आज भी स्वतंत्र है। हमारी स्ट्रेटजिक रिलेशनशिप दुनिया की हर बड़ी शक्ति के साथ हैं, हर उभरती शक्ति के साथ हैं। हम एक आंख से और एक दिशा में नहीं देखते, हम पूरी दुनिया को देखते हैं क्योंकि हम भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति के रूप में देखते हैं। अगर हमारी अमरीका के साथ करार की चर्चा है तो रशिया के साथ स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप है और साथ ही जापान, ईयू, फ्रांस, जापान, यूनाइटेड किंगडम, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और नाइजीरिया के साथ भी पार्टनरशिप है। हमारे विदेश मंत्री जी यहां पर मौजूद हैं, मैं यही चाहता हूं कि एक ऐसी पाठशाला लगाई जाए, एक संगोष्ठी बुलाई जाए, जिसमें हमारे मित्रों को, मैं बड़े आदर के साथ कहता हूं कि जब कोई इतनी गंभीर बात कही जाती है, वह तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। देश के हित की बात को दलगत राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। आज एक ऐतिहासिक मौका भारत के पास है। अगर हम उसे छोड़ देते हैं तो हमारी आने वाली पीढ़ियां भारत को माफ नहीं करेंगी और इसलिए हमारी सरकार कांग्रेस को, यूपीए को उस कटघरे में खड़ा नहीं करना चाहती, वह आपको मुबारक हो। इन्हीं शब्दों के साथ अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं और जो विश्वास मत प्रधान मंत्री जी ने सदन में रखा है, मैं उसका समर्थन करता हूं।

MR. SPEAKER: Now, Shri Gurudas Dasgupta. Your party's time is 15 minutes.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, इधर से एक भी मैम्बर को नहीं बुला रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : आपका अगला नम्बर है, आइये देख लीजिए। फर्स्ट टाइम उनकी पार्टी से कोई नहीं बोला है। आप तो जानते हैं कि फर्स्ट राउंड के खत्म होने के बाद सैकिंड राउंड शुरू होता है।

SHRI GURUDAS DASGUPTA (PANSKURA): Sir, I am sorry, I rise to oppose the Motion moved by the hon. Prime Minister seeking the confidence of the House in the Council of Ministers...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL):...With a heavy heart.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Yes, with a heavy heart.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (DR. SHAKEEL AHMAD): Why?

SHRI GURUDAS DASGUPTA : That I shall explain.

The Left has been instrumental in installing the UPA Government to some extent. We wanted the political experiment to succeed. Why? I answer your question. It is because we wanted a viable alternative, political alternative in the country to be able to take the country forward not only to hold the communalism at bay but also to fight poverty, hunger, unemployment, destitution and the basic human problems of the country.

I sincerely regret that there has been a breach. Why was the breach? The breach was because it was unilateralism that was being followed by the Government. What is unilateralism? It is an aggressive unilateralism that was followed by the Government. It was not the Left agenda that we sought for. We sought for a people's agenda. We wanted the Government to be a Government of consensus, not a Government of unilateralism. In fact, the country needed a Government of consensus. The UPA Government could have been a model in the multiparty system when single-party rule had ended once for all. We believe that sincerely. That is why we extended the support.

Sixty years of Freedom has given the political freedom, not the economic freedom. It has given the political democracy, not the economic democracy. Right to vote is not accompanied by Right to live. Therefore, we wanted a new setup. The Left wanted a political set up. That could live up to the expectations of the common people.[r94]

Sir, it is not the fundamentalism that is the only enemy of the country. Poverty is also equally an enemy. Therefore, people wanted renewed initiative in both the fronts. People also wanted national sovereignty to be protected, not to be compromised at all.

I do not say, my dear friends, that nothing has been done. I say something has been done. But much more could have been done. Much more should have been done. Much more needed to be done. Much more people expected it to be done. The Government did not fulfil the expectations of the people. That is the tragedy, and under the shadow of that tragedy, we are today discussing the Vote of Confidence.

Left had been sincere. We had lent our political support. It was political in nature. It was ideological in nature because we always believed that something new political experiment needs to be done in the country. We never enjoyed the fruits of power. We never became Ministers. We never wanted to become the Ministers. It was always a political support to a formation.

Sir, why has this relationship been broken? I ask the question not to me but I ask the question to those who are in the Government. The relationship was broken because ofâ€"I coin the wordsâ€"aggressive political unilateralism' perpetrated by the Government. How have our opinions been ignored? How was the Left treated one Budget after another Budget that were presented before the House? But our suggestions were cynically ignored.

Repeatedly, the prices of petroleum products were increased bypassing all the alternatives. Price rise remains sky high, going through the roof. Our view on how to contain the price rise was not taken into consideration by the Government. The Government did not pay any attention to the views that the economy is being mismanaged. Our warning, that growing and galloping wide disparity of growth, threatens the very fabric of the country. It remained completely unheeded. This is why, the relationship had broken. Ask your hearts, tell your leaders, put the questions, find the answer and tell us straight, who is responsible for the breaking up.

On top of everything, the last nail on the coffin was the way in which the Government bulldozed or today it is seeking to bulldoze the India-US nuclear deal. Was it necessary enough to sacrifice the relationship? Will the Congress Party ponder over it?

We do not buy the theory of imported inflation when we take into consideration the price of other countries which import petroleum. Why inflation is so low there? Why it is so high in India? Why it is so low in the European countries? They also import petroleum products in the way we did. It is not the international price that is the villain of the peace. It is the excessive taxation that is playing havoc. We suggested decline in the taxation, and also we came up with the suggestion that the shortfall in revenue can be made good off by taxing the rich and by taxing the unearned profit of the petroleum companies.[m95] We suggested more taxes on transactions in the stock market. We suggested more tax on the rich people, on the high profit-making corporates. We suggested more tax on the service sector. We suggested more tax on the high income croup. We outlined comprehensive alternatives to the Government. Did the Government respond to it? We proposed a large Budget, a Budget of about Rs. ten lakh crore. What for did we propose it? It was to revive agriculture, to eradicate poverty, to create jobs, for drinking water, to restore the Public Distribution System etc. You have allocated more money. You have allocated it, but that was marginally more. It falls short of the total requirement considering the galloping human deprivation that the country is today faced with. How could the revenue be mobilised? We suggested to the Government a progressive tax system. India is one of the least taxed countries of the world. Therefore, we could have taxed those who have a capacity to pay. Unfortunately, Sir, it may hurt, but I do not like to hurt you. We had been friends for long. I say, Sir, the Government do not have any political commitment to touch the rich people because of the relationship they have developed.

Hon. my young friend, the Minister of State for External Affairs was speaking of GDP. He was an earlier Member of the Government representing the transport. He was saying with exuberance that there is plenty of food grains in the country. He was saying with exuberance. If it is so, the latest informative document presented by the Ministry of Labour headed by Dr. Sengupta says that 77 per cent of the population cannot spend more than Rs. 20 per day. This is how you have pushed the country to. You had more than four years' time. What was done? What was proposed to be done? What newer ground you have broken, Dr. Singh, the eminent economist? Will you enlighten us as to what is the new thing in the economic policy that was done which you can say that a new ground was broken? You have been following on the dotted lines the Bharatiya Janata Party's economic policy.

Sir, the WPI inflation started rising in January, 2008. Today it is nearly 12 per cent. It is the Reserve Bank of India's report that I am submitting 'Mr. Lawyer, Sir.' ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You are not referring to lawyers as such.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : No, Sir. I said 'Mr. Lawyer'.

MR. SPEAKER : Minister lawyer.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I said 'Mr. Lawyer'.

MR. SPEAKER : It must be 'Minister Lawyer'.

...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Let me tell you; the point is that wrong information is being dished out that inflation is an international phenomenon. The WPI inflation started rising since January, 2008. Today it is nearly 12 per cent. It is 13 year high. What is the inflation rate in the European countries? I have with me Reserve Bank of India's document. Mr. Patel would like to have a copy of it. I can share that with you. You have not shared the strategy of the airports; but I can share this information with you.

The inflation rate in the European countries was 3.7 per cent in May. That is also highest in 16 years. It is likely to be four per cent in June, 2008. Sir, 227 million metric tonnes of food grains have been produced. It is a record. I agree Mr. Baalu. But, why

is it that the prices are rising? What is the elementary economics you have read in the college? The elementary economics says – more supply, less price. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Mr. Baalu is not in the Chair. I am in the Chair.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I am asking the Government through him. The Government is personified in him. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You are a very senior Member.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : The point is, I agree; I can see it. [k96]

I concede that I am a senior Member. The point is that 227 million metric tonnes have been produced, which is the highest ever.

MR. SPEAKER: But the time left is only one minute.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, you have to give me little more time.

MR. SPEAKER: What is little more time?

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Shri Baalu has claimed that 227 million metric tonnes have been produced in the country. I accept his claim. It is true. It is a feather in your cap. If it is a feather in your cap, then please explain why the price rise is led by increase in the price of the food products. In respect of wheat and rice, why is it 12 per cent? Why is it likely to be 13 per cent? There is more supply and more price! This is the paradox of economics which is being taught by the theoreticians now within the Ruling Party.

Sir, the point is that investment has increased. This is another feather in your cap. It is 36 per cent of the GDP. It is a high growth. If it is so, may I ask my hon. respected economist Prime Minister why there has been a decline in the index of industrial production in six months to as low as four per cent. Why is it reducing? Monetary measures have failed; interest rate has been increased; and economic activity is slowing down. There is a sign of stagnation. Government will not accept, but let me tell you, Sir, that our country is in the grip of dreaded stagflation. It is the greatest contribution that you have made to bring the country within the orbit of dreaded inflation. Irrespective of whether you accept it or not, this is the latest situation so far as the economy of the country is concerned.

Public Distribution System has collapsed.

MR. SPEAKER : Please conclude now.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, I would request you to give me more time.

MR. SPEAKER : How much time do you want?

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, I want five minutes.

MR. SPEAKER: Okay. I am giving it because of your seniority.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, you are a generous Speaker.

MR. SPEAKER: No. I have been punched right and left.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, you had always been indulging in the dissenting view. In a democracy, dissenting view ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I am only asking who will bring about the change.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : People will bring about the change. People do not need Somnath Chatterjee, Gurudas Dasgupta or Manmohan Singh. People will bring about the change. The change is irresistible and will be brought about.

MR. SPEAKER : That is very much right. The question is people will choose whom.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : They will choose the right party. India is a country where illiteracy is high, but people's maturity is beyond any question.

MR. SPEAKER: Thank you.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Prof. Malhotra, I am sorry to say that the Essential Commodities Act had been diluted by the BJP Government. But the question is why it was not revalidated by this Government, the Government in power. Agricultural crisis is growing. We have more production, but it is accidental because we have a good rain. If there is a drought, we will again be in the grip of a crisis. The point is that agriculture is in crisis, irrigation is low, investment is low, productivity is low and condition of the farmers is as low as possible. All these four years, the aggressive way in which you are going for a Treaty on Nuclear Cooperation, what aggressive role did you play to bring about a revival of agriculture? The reckless, exploitative capitalist system with the full blast of liberalization is doing havoc. There has been record profit for the corporates.

Sir, one industrial house – I should not name – has made a gift of Rs. 240 crore foreign aircraft to the wife of the Managing Director. It came everywhere.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI SANTOSH BAGRODIA): What is wrong in it? ...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Do you hold a brief for him? It is fine. I wanted you to do it. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You are only wasting your time because your time is going into this mutual exchange. There are only two more minutes.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, the point is that it is unpardonable in a country where poverty is so high, such a blatant display of vulgar wealth is a criminal act. ...(*Interruptions*) Sir, high profit, low wage, distressed job, pampering of the corporates and pauperization of the people is the order of the day![SS97]

The problem of unemployment has reached a point of explosion. Let me give you a little more facts.

MR. SPEAKER: Now, you have got one more minute to speak.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, please give me a couple of minutes more to speak on this issue.

MR. SPEAKER: No, I have already given you five minutes as you wanted it.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I am obliged to you, but dissenting views should get accommodated by the hon. Speaker.

MR. SPEAKER: No, I have given you time to speak. This is also Parliamentary democracy, namely, you get time to speak on the basis of your strength in the House.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Sir, I get distracted. Distraction is not a virtue for a person.

MR. SPEAKER: No, you are very senior.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : No, I am not very senior. I am too junior to you.

MR. SPEAKER: Why are you wasting your time? If you were sitting here, then you would also have done the same thing.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : We will sit till 10 o'clock today. Please give me some more time to speak. I am only giving some more facts, which will contribute to the success of the Government.

MR. SPEAKER: I am not concerned about it. I am only concerned about running the House.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : At a time when price rise is at a 13-month high, industrial output is as low as in six years and production of capital goods has fallen to 2.5 per cent. Is it a sign of a healthy economy that the Government is building up? Six core industries have slipped to 3.5 per cent in May from 7.8 per cent and participation of multinational firms in the speculation in the Indian future market have played havoc again. My dear Prime Minister, you have allowed two firms to purchase two lakh tonnes of wheat from the local market for hoarding and you have not taken a single action against the hoarders nor have you re-validated the Act.

You were mentioning about *per-capita* income. I would like to talk about *per-capita* consumption of food grains. It has declined from 476 gms. to 418 gms. How much is the consumer paying for the price rise? The consumers are currently paying 60 per cent more than the wholesale price, which is a three-fold increase in the normal difference between retail and wholesale thing. How astounding is the pernicious inflation, which has gripped the country? Shamefully, the Government has failed to control inflation in the way that they have been advancing towards America. ...(*Interruptions*)

Central to inflation is expanding parallel economy. Will Dr. Manmohan Singh enlighten the country as to what he has done to control the expanding peril of the parallel economy and black-market of the country?

I am just coming to the human problem. In one year, 23,000 millionaires have been added. It is a report of your dear company, namely, Merrill-Lynch. Today, they are saying that there are one lakh millionaires in the country. What about $1 Indians? There are 350 million $1 Indians, and there are 700 million Indians of $2 per day. This is the India you have built. One millionaire accounts for 7,000 impoverished people of the country. This is the failure because of which we have withdrawn. My dear Mr. Prime Minister, you will have to pay a price for the colossal failure. You seek to make the nuclear deal while turning a blind eye to the ground reality. Your commitment is to somebody else, and not to the people of India. ...(*Interruptions*)[r98]

Elections are knocking at the door. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please address the Chair.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. What is this?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: He can look after himself and he does not need your help.

...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I conclude by saying that you are on trial. Elections are knocking at the door. We know what is going to be the verdict of the common people. Be prepared to face a grim reality.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please maintain silence in the House; the hon. Member is speaking.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: What is going on?

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मेरे मन में यह था कि जिस समय आनन्द शर्मा जी भाषण कर रहे थे, उस समय मेरे मन में आया कि आप मुझे मौका देंगे।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is happening here? This is very unfortunate that senior Members would do this.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं उस समय वार्ज था कि मैं आनन्द शर्मा जी के भाषण का जवाब दूं, लेकिन बीच में गुरूदास दासगुप्ता जी आ गए, वह मेरे लिए सरप्राइज था।

अध्यक्ष महोदय : आपको इसकी ठीक खबर नहीं थी।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : जब मुझे किसी साथी ने कहा तो आपने कहा कि आप तुरन्त बोलने वाले हैं।

अध्यक्ष महोदय : मैंने यह कहा था कि आप बोलेंगे।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : जब मैं मन बनाकर बैठा था, उस समय प्रधानमंत्री जी भी थे। अब वे भी नहीं हैं।

MR. SPEAKER: Why are you ignoring me? Please address the Chair. You are a very good speaker, I know that. I want to hear you very patiently.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुझे आपकी हमेशा हमदर्दी मिलती है। लेकिन शुक्र है कि कांग्रेस अध्यक्षा यहां मौजूद हैं, इसलिए मुझे उन लोगों के जाने की कोई फिक्र नहीं है।

MR. SPEAKER: It is because they will have no answer to you and, that is why, they have gone.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुझे नहीं मालूम, लोग मुझ से क्यों डर रहे हैं, मैं तो इतना खराब भाषण भी नहीं देता हूं।

अध्यक्ष महोदय : लीडर आफ दी हाउस आ गए हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं चाहता था कि कुछ बुजुर्ग लोग यहां मौजूद रहें, क्योंकि आनन्द शर्मा जिस समय भाषण दे रहे थे, तो वे आडवाणी जी पर चुटकी ले रहे थे। शायद उनको ध्यान नहीं था कि उनके आगे जो पंक्ति बैठी है, वह और हमारे अध्यक्ष महोदय भी बुजुर्ग हैं। लेकिन उनके भाषण में आडवाणी जी के लिए सम्मान से ज्यादा कटाक्ष था और आडवाणी जी की याददाश्त पर उन्होंने प्रश्नचिह्न लगाया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि जितने इंग्लिश के शब्द आडवाणी जी को मालूम हैं, आन्नद शर्मा से दस गुना ज्यादा याददाश्त आज भी हमारे नेता लालकृष्ण आडवाणी जी की है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, जब मैं उधर था, तब भी ये मुझे टोकते थे। मैं चेहरा ध्यान रखता हूं। अभी मैं मंत्री नहीं हूं और ये उधर बैठे हैं, लेकिन ये मर्यादा का ध्यान नहीं रखते। हम लोक सभा में चुनकर आए हैं, लेकिन राज्य सभा वालों ने आज यहां शोर मचाया है।

अध्यक्ष महोदय : यह ठीक नहीं है। ऐसा कहना शोभा नहीं देता है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं इसे उर्दू में कहूं तो उन्होंने यहां के माहौल को तशवीशनाक़ बनाया है।

अध्यक्ष महोदय : तशवीशनाक़ का मतलब क्या है?

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : बहुत खराब हालात।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : लाल सिंह जैसे बढ़िया वक्ता मौजूद हैं लोक सभा में, लेकिन आन्नद शर्मा जी को मौका मिला। लोक सभा के सदस्य लाल सिंह जी को लोक सभा में बोलने का मौका नहीं मिला है, मुझे इनकी चिन्ता हो रही है[r99]।

THE MINISTER OF OVERSEAS INDIAN AFFAIRS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI VAYALAR RAVI): Sir, it is very unfair to attribute motives like this. We have to field some speakers. He should not attribute motives to the Government like this.

MR. SPEAKER: What he wants is to come and sit here.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष जी, मेरी इनके साथ हमदर्दी है। मेरी मर्जी इनको आहत करने की नहीं है। मेरे इनके साथ सम्बन्ध बहुत अच्छे हैं। मैं बोलते वक्त संयम का बहुत ध्यान रखता हूं।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, बोलिये।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अच्छे सम्बन्ध तो मेरे आपसे हैं और आपकी हमदर्दी और इस टोका-टोकी में आपका जरा संरक्षण चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय :इसीलिए तो ये लोग हमसे थोड़ा नाराज हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुझे आपका थोड़ा संरक्षण चाहिए। यहां पर शादी की बात हो रही थी या रिश्ते की बात हो रही थी। जब चुनाव हुए तो हम उधर थे। चुनाव के नतीजे आ गये, आपने ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है। कृष्णा जी, शान्ति रखिये।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : इनको भी थोड़ी दिक्कत हो गई है, इनकी आवाज नहीं आ रही है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not disturb the House. आप डिस्टर्बिटड मत होइये। ठीक है, हम क्या करेंगे, हमारा तो बोलते-बोलते गला सूख गया।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष जी, बड़ा हल्ला हुआ था, जब आप वहां नहीं थे। हमारे मित्र गीते जी को बोलने नहीं दिया गया। उनको मंत्री लोग टोकते रहे। खुदा का शुक्र है कि मेरे बोलते वक्त आप आ गये हैं तो मुझे आपका संरक्षण चाहिए।

MR. SPEAKER: I want to listen to you very attentively. शान्त रहिये, यह ठीक नहीं है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, जब चुनाव के नतीजे आये तो ये जीतकर नहीं आये। इनके कभी ख्वाबो-ख्याल में नहीं था कि इनकी सरकार आने वाली है। इनकी बॉडी लैंग्वेज भी ऐसी नहीं थी कि ये सरकार में आने वाले हैं, लेकिन ये सरकार में आ गये। ये बड़े गुमान के साथ हमारे इंडिया शाइनिंग की धज्जियां उड़ा रहे

थे।...(व्यवधान) अभी बताऊंगा, करम आपको सिखाऊंगा।

अध्यक्ष महोदय, बहुत टोका-टोकी होती है। कल इन सब को बोलना है...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम इसीलिए बोलते हैं कि थोड़ा करो, ज्यादा मत करो। ठीक है, बोलिये।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुझे जब भी टोका जाता है तो मैं अच्छा बोलता हूं और ज्यादा खतरनाक बोलूंगा, आपको पहले बता देता हूं। अगर चुपचाप सुनोगे तो आराम से बोलता जाऊंगा। आप संयम से सुनो, यही आपके हित में है।

अध्यक्ष महोदय : शाहनवाज़ जी, ठीक से बोलिए । Please do not get distracted.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, नतीजे आये, 137 सदस्य हमारे जीतकर आये और कांग्रेस के 272 नहीं आये, मात्र 145 सदस्य आपके जीतकर आये। ...(व्यवधान) ठीक है, 143, मैंने तो दो बढ़ा भी दिये, ताकि आपका मन थोड़ा ठीक रहे। हमारे 138 और इनके 143, कितने का अन्तर हुआ है, पांच का अन्तर हो गया। ये तो हमारे मित्र हैं...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : 153 हैं, यह हमारी लिस्ट में है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : यह बीच में आज की बात है, लेकिन उस वक्त 143 थे।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है। I earnestly request you not to disturb the House.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं सपा वालों का भी इन्तजाम करूंगा, मैं आप पर आ रहा हूं। मुझे आपने टोक दिया, अब आप पर आऊंगा। सर, इतना टोकने का क्या मतलब है?...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is going too far. एक दफा, दो दफा हुआ तो ठीक है, लेकिन हर दफा ऐसा कैसे होगा।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी पार्टी का पदाधिकारी भी हूं। मैं पूरे देश में पूवार के लिए भी जाता हूं। मैं केरल गया था, मैं किशनगंज की बगल में बंगाल में सिलीगुड़ी की तरफ गया था, तब मैंने देखा था कि कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी आपस में चुनाव लड़ रहे थे। रोड के इस पार मेरी सीट थी, हम लालू जी के उम्मीदवार से लड़ रहे थे और बगल में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार श्री प्रियरंजन दा लड़ रहे थे। दोनों का भाषण एक दूसरे के खिलाफ होता था तो चुनाव के बाद सरकार बनाने के लिए जो आपका रिश्ता हुआ, वही अनैतिक था, क्योंकि आप एक दूसरे के खिलाफ लड़े थे, लेकिन हमारे डर से दोनों मिल गये थे। ये जो मिले थे, सिर्फ बी.जे.पी. न आ जाये, इसलिए मिले थे, क्योंकि, इनके कई नेताओं को रात में भी बी.जे.पी. के नाम से नींद नहीं आती है। उनको लगा कि कहीं बी.जे.पी. न आ जाये, इसलिए यह रिश्ता हुआ।[R100] जिस दिन यह रिश्ता हुआ था, उस दिन निकाह से पहले ही तलाक की डेट तय थी, क्योंकि जिस रिश्ते में ...(व्यवधान) मायावती को अभी बना लो, जैसे प्रधानमंत्री ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not take the name of the person who is not present in the House.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मायावती के भूत से डरो मत। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not take that name, who is not present in the House.

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हमने मना किया है। Strike out that name from the records.

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : जैसा मैंने कहा कि निकाह से पहले ही तलाक की डेट तय थी, यह पता था कि चुनाव में आपको एक-दूसरे के खिलाफ लड़ना ही है। हम यह चाहते थे कि देश में चर्चा महंगाई पर हो, हम यह चाहते थे कि किसानों की आत्महत्या की चर्चा हो, हम यह चाहते थे कि बेरोजगारी की चर्चा हो। यहां बड़ी-बड़ी स्कीम्स आयी थीं। मैं नौजवान हूं, इसलिए मुझे नौजवानों के रोजगार की चिंता होती है। नरेगा स्कीम आयी थी जिसे हमारे बिहार के नेता रघुवंश बाबू लेकर आए थे। उस समय बड़ी उम्मीद जागी थी, लेकिन उन सारी योजनाओं को आज फ्लाप योजनाओं के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता। आज चर्चा किस बात पर हो रही है? हम तो कम्युनिस्ट मित्रों से कहते थे कि आप इनके खिलाफ लड़कर आए हैं, ये आप पर भरोसा करने वाले नहीं हैं। ये आपको यूज करेंगे और बाद में कैसी-कैसी बातें करेंगे, क्योंकि यह कांग्रेस की आदत है। बिहार में एक कहावत है कि मीठा-मीठा गप-गप और तीखा-तीखा थू-थू। जब आप इनकी मदद कर रहे थे, तब बसु दादा आपको देखकर मुस्कराते थे, सतीश साहब को देखकर मुस्कराते थे, गुरूदास जी को देखकर मुस्कराते थे। आज जिस तरह का हमला इन लोगों ने किया है, मुझे ऐसी अपेक्षा नहीं थी। इन्होंने चार सात दो महीने इनके बल पर मजा किया और आज जिस तरह के शब्दबाण आपने उन पर चलाये हैं, आप कह रहे हैं कि कम्युनिस्ट और बीजेपी मिल गए। हमारी विचारधारा अलग है। हम कभी भी कम्युनिस्ट पार्टी से मिल नहीं सकते। आपने इनको यूज किया और आज आप इनके ऊपर बीजेपी के साथ मिलने का इल्जाम भी लगा रहे हैं।

महोदय, न्यूक्लियर डील पर हमारे साथी कह रहे थे कि न्यूक्लियर डील पर आइए। वे काफी तैयारी से आए हैं, लेकिन हमारे नेता लाल कृष्ण आडवाणी जी के भाषण के बाद अगर कोई भाषण न भी होता, तो भी कोई जवाब नहीं था। ...(व्यवधान) वह तो आप कहेंगे। अगर वे बहुत अच्छे से अच्छा भी बोलें, तो भी आप खराब कहेंगे और आपका नेता खराब से खराब बोले तो भी आप क्लैपिंग करेंगे, यह तो आपका धर्म है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not reply to them. You carry on, you are making good points. Do not get diverted.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I will not allow you. Please take your seat.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Keep silence.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, मेरे भाषण के बाद खारवेल स्वाई जी, हरीन जी और विजय कुमार मल्होत्रा जी तीनों हमला बोलने वाले हैं। आप इसके लिए तैयार रहिएगा। मैं तो आनंद शर्मा जी की बातों का जवाब देने के लिए खड़ा हुआ हूं।

अध्यक्ष महोदय : इतना टाइम नहीं है। थोड़ा- थोड़ा प्वाइंटेड बोलिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : यह प्वाइंटेड नहीं, बहुत प्वाइंटेड है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप क्या कर रहे हैं? आपको क्या मुसीबत है, बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, न्यूक्लियर डील पर बहुत बड़ी-बड़ी बातें कही गयीं। आनंद शर्मा जी की अंग्रेजी तो बहुत अच्छी है, आज हिन्दी में उन्होंने अच्छा भाषण किया। क्या हो गया कांग्रेस को, कांग्रेस की विचारधारा तो स्वदेशी थी। गांधी जी ने स्वदेशी की बात कही। आनंद शर्मा जी ने गांधी जी का नाम एक बार भी नहीं लिया, लेकिन अमेरिकंस का नाम दस-बारह बार जरूर ले लिया। इन्होंने अपने भाषण में 22 बार अमेरिका बोला और जिस किताब का उपयोग किया, वह किसी कांग्रेस के विद्वान की लिखी हुयी किताब नहीं ली, बल्कि इनको अमेरिकन राइटर की किताब पर ही भरोसा है। आजकल कांग्रेस आई नहीं, कांग्रेस ए हो गयी है। ...(व्यवधान) यह कांग्रेस अमेरिका की तरह बात करती है। ...(व्यवधान) वह जन्मपत्री अभी हम आपको बतायेंगे। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बोलते रहिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, न्यूक्लियर डील के बारे में इन्होंने कहा कि हम लोगों ने सब बातें कह दीं। जसवंत सिंह जी बात करके आए थे। हम आपको जो बात कह रहे थे, हम छिपकर समझौता नहीं करते हैं। नरसिंह राव जी के जमाने में डब्ल्यूटीओ में बिना किसी चर्चा के, सत्ता, विपक्ष की बात किए बिना आप वहां जाकर सिगनेचर कर आए थे। वैसा काम हम नहीं करते।

जब डील की बात थी, तब प्रधान मंत्री जी जापान गए थे। प्रणब दा का जब कोई बयान आता है, मैं कांग्रेस के किसी नेता का बयान देखूं न देखूं, मैं प्रणब बाबू की बहुत इज्जत करता हूं, उनकी बात बड़े ध्यान से सुनता हूं, क्योंकि उनकी सब लोग इज्जत करते हैं। उनकी बात पर मुझे भरोसा है, वे सदन के नेता हैं, मैं सदन का सदस्य हूं, उन्होंने कहा था कि संसद को विश्वास में लिए बिना कोई समझौता नहीं होगा। लेकिन पता लगा कि आधी रात के अंदर यह डील कैसे हो गई।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: What is going on? यह क्या बात है?

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, मैंने महाभारत में कुछ लोगों का उपहास उड़ाते देखा था। ये महाभारत से प्रेरित हो गए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, बहुत हो गया।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: It is quarter to eight. We have many Members to speak.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, 8 जुलाई और 9 जुलाई को आईएईए के मसौदे का जो पेपर था, उसे सार्वजनिक कर दिया गया। वह पेपर न यूपीए ने अपने एलीज़ को दिखाया, न इन्होंने संसद को दिखाया, न विपक्ष को दिखाया और पता लगा कि इन्होंने रात के अंधेरे में देश के साथ धोखा किया है।...(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : देश को दिखा दिया था।...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : हमने वैबसाइट पर डाउनलोड करके देखा। इन्हें पता ही नहीं है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not reply to every hon. Member.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : ये हाइड एक्ट को हाइडल एक्ट कर रहे थे। अब जोर से हंस रहे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप छोड़िए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded except Shri Shahnawaz Hussain. Please sit down.

*(Interruptions) â€¦ **

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए। हम ऐलाऊ नहीं करेंगे।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Do not record one word of what they say.

*(Interruptions) â€¦ **

* Not recorded

अध्यक्ष महोदय : अगर मिसलीडिंग आफ दी हाउस है, तो आप लीडिंग कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, इस पर बहुत चर्चा हो गई कि भारत के साथ आप बहुत बड़ी भलाई कर रहे हैं। ऐसा मैसेज दिया जा रहा है कि सन् 2050 में या 2030 में जब भारत की नई पीढ़ी आएगी तब वह मनमोहन सिंह जी को याद करेगी कि इन्होंने रोशनी दी।...(व्यवधान) न्यूक्लियर एनर्जी से बिजली का सिर्फ पांच प्रतिशत उत्पादन होगा और आप इतना बड़ा ख्वाब दिखा रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि ये अपनी सरकार को, देश को इस बात पर दांव पर क्यों लगाने पर तुले हुए हैं।

इन्होंने भारत को नान-न्यूक्लियर कंट्री के दायरे में लाकर खड़ा किया। इस ट्रीटी से, इस एग्रीमैंट से भारत नान-न्यूक्लियर कैटेगरी में आ जाएगा, उस पर ये अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। मैं आपको कहना चाहता हूं कि यह समझौता हिन्दुस्तान को उजाले की तरफ नहीं बल्कि अंधेरे की तरफ ले जाएगा। आप कह रहे थे कि इस पर कोई राजनीति

नहीं हो रही है, इस पर कोई सियासत नहीं कर रहे हैं, आप देश के लिए कुर्बान हो रहे हैं, बहुत बड़ा काम कर रहे हैं। पार्लियामैंट में आने से पहले बयान दे रहे हैं कि हम देश के लिए कुर्बान हो जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, इस पर अलग-अलग राजनीति हो रही है। यह सरकार अल्पमत में है और अल्पमत में होने के बाद इस सरकार ने अब समझौता किया। जिस दिन यूपीए सरकार नैतिकता की बात करती है, हम प्रधान मंत्री जी की इज्जत करते हैं, हम उनका धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने गुरू गोविंद सिंह जी का नाम लिया। हम बिहार के रहने वाले हैं और हमें गर्व है कि गुरू गोविंद सिंह जी बिहार के थे। इस वजह से हम पूरी जिम्मेदारी से कह सकते हैं कि गुरू जी ने कभी देश के साथ कोई समझौता नहीं किया। अगर गुरू जी का नाम लिया तो देश के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए, देश के साथ कोई विश्वासघात नहीं होना चाहिए। जो एटमी डील है, यह इस देश के साथ विश्वासघात है।[N101] आने वाली पीढ़ी आपको कभी माफ नहीं करेगी।

अध्यक्ष महोदय, इनके नेताओं का बयान आ रहा था कि भारत क्या एक टापू है जिस पर कोई कब्जा कर लेगा? एक ईस्ट इंडिया कम्पनी यहां आयी थी। उसमें भी ईआई था। उस कम्पनी ने इस मुल्क पर 300 साल राज किया। अगर यह डील हो गयी, तो हिन्दुस्तान 600 साल की गुलामी में चला जायेगा और इसके लिए आप जिम्मेदार होंगे। ...(व्यवधान)

* Not recorded

अध्यक्ष महोदय: यह क्या हो रहा है। यदि आप ऐसा करेंगे, तो हम आपको बोलेंगे कि आप थोड़ा बाहर चले जाइये।

â€¦(व्यवधान)

श्री हरिन पाठक : ये हमारे मिनिस्टर हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : कम्युनिस्ट पार्टी के साथी जो विरोध कर रहे हैं, वे सही हैं। आज तो राजनीति हो रही है। इस देश में तो आदत है। सबसे पहले मैंने पंदे साहब का बयान देखा कि यह डील मुस्लिम विरोधी है।

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : उन्होंने इस बात का खंडन कर दिया। ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : जी, आपने खंडन कर दिया। उसने बाद कितना खंडन हो गया। वह कानून में बदल गया, आइटम बन गया। उसी नाम पर सियासत हो रही है।

अध्यक्ष महोदय, जिस समाज से मैं आता हूं, उसके नाम पर बड़े लोग नेतागिरी करते हैं। जो नेतागिरी करने वाले लोग हैं, उन्होंने तरह-तरह के बयान दिये। अब पंदे साहब का बयान आया और वह वापस हो गया, वह एक अलग विषय है। लेकिन आजकल मैं देख रहा हूं कि जब यह डील हो रही है, तो उसका भी सांप्रदायिकीकरण किया जा रहा है। इस पर अलग-अलग बयान दिये जा रहे हैं। कुछ बयान विपक्ष में दिलाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बहनजी दिला रही हैं कि यह विरोधी है। कुछ बयान पक्ष में दिलाये जा रहे हैं कि यह डील मुस्लिम विरोधी नहीं है।...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: आप बहनजी की बात मान लें। ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : हम जिसे मानते हैं, उसी को मानते हैं। हम श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को मानते हैं। हम बार-बार नीयत बदलने वाले नहीं हैं। ...(व्यवधान) इसलिए लोगों ने कहा। अब समाजवादी पार्टी के जो मित्र हैं, वे इनके साथ थे। हमारे इनसे भी बड़े अच्छे संबंध हैं। कभी एक जमाना था जब दावत में इनके हाथ से प्लेट छीन ली गयी थी। हमें भी यह अच्छा नहीं लगा।

अध्यक्ष महोदय, कहीं दावत मिले और बुलावा न भी हो, किसी कांग्रेस के मित्र के यहां चले जायें, तो थोड़ी बहुत इज्जत कुलीग के नाते तो हमें मिलेगी। लेकिन हमें यह पसंद नहीं था। अब क्या बात हुई, वह राम गोपाल जी ने बतायी होगी। एक शायर ने कहा कि "कुछ तो मजबूरियां हुई होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता।" ...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव (पटना): हमारा लगातार समर्थन रहा है। ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : वह बयान हम पढ़ चुके हैं इसलिए उसमें हम जाना नहीं चाहते क्योंकि हमारा भाषण बड़ा लम्बा हो जायेगा। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप अपना भाषण लम्बा मत कीजिए क्योंकि ज्यादा समय नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : समाजवादी पार्टी के नेता ने कब कांग्रेस के लिए क्या बयान दिया, कब कांग्रेस के नेता ने क्या बयान दिया, कब किन्होंने क्या कहा, कब उन्होंने क्या कहा।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Do not take any other name of a person who is not present in the House. These names may be deleted.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : सपा के एक नेता हैं। ...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, मेरे पास कागज हैं जो नीचे रखे हुए हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप उसे मत निकालिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आप दिखाने के लिए कहते, लेकिन मैं बड़े अनुशासन में चलता हूं। जब आप चेयर पर होते हैं, तो मैं ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: That is why I like you so much.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष जी, मैंने जब कहा कि " कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता।" पता नहीं उत्तर प्रदेश में आप पर क्या दिक्कत आ रही है? आप क्यों उनके साथ जा रहे हैं? जितना अपमान आपकी पार्टी का कांग्रेस ने किया, हम लोग मर जाते, लेकिन कभी उस दरवाजे पर नहीं जाते। ...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, ये बिल्कुल निरर्थक बातें हो रही हैं। एक स्वस्थ बहस होनी चाहिए। इस तरह सदन का समय बर्बाद हो रहा है। ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, इनको पिंच हो रहा है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: केवल शाहनवाज हुसैन की बात ही रिकार्ड में जायेगी।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, आज कांग्रेस पार्टी ने जिनका सहारा लिया है उनको और जिनको छोड़ा है, उनकी संख्या तो इंटेक्ट है। जो भी संख्या हो, उन्होंने राष्ट्रपति भवन में जो संख्या दी हो, लेकिन जिनका इन्होंने सहारा लिया है, जिस तरह एक शायर ने कहा कि "इस कदर बदहवास हो गये आंधियों में लोग, जो पेड़ खोखले थे, उन्हीं से लिपट गये। [MSOffice102] इनके यहां तो खुद ही संख्या कम हो रही है, खुद अपने सांसदों को बचाते फिर रहे हैं। आज उन्हीं के सहारे ये एनडीए की आंधी में उनसे लिपट गए।...(व्यवधान) मुझे चिंता नहीं है।

MR. SPEAKER: I think, now I will have to ask the hon. Prime Minister to reply tomorrow morning. If this type of discussion is going on, there is no point in having a debate. यह क्या बात हो रही है?

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मुझे अगर न टोका जाए, तो मैं अपनी बात दो-चार मिनट में खत्म कर दूं।

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको पांच मिनट देता हूं, अपनी बात समाप्त कीजिए।

Shri Shahnawaz Hussain, you have five minutes more.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please, I do not like this. बहुत हो गया। क्या बात है? कोई भी मेंबर बिना इंटरप्शन्स के बोल नहीं सकता है।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं कोई 20 मेंबर्स वाली पार्टी से एमपी नहीं हूं, मैं 130 मेंबर्स वाली पार्टी से एमपी हूं। इसलिए आप मुझे बोलने से नहीं रोक सकते हैं। मेरी पार्टी के पास समय है। मैं आपकी तरह 20 मेंबर्स वाली पार्टी का एमपी नहीं हूं।...(व्यवधान) इसलिए आप लोग मेरी फिक्र मत कीजिए

अध्यक्ष महोदय : आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I would request the hon. Leaders of different Parties to control their Members. This is not fair. I would not allow this. Now, if anybody disturbs the House, I will ask him to go out.

...(*Interruptions*)

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : इसमें आरएसएस कहां से आई।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : पाठक जी, आप चुप रहिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मैं अब अपनी बात समाप्त करने की ओर बढ़ रहा हूं। केवल तीन-चार मिनट में मैं अपनी बात समाप्त कर लूंगा।

अध्यक्ष महोदय : अगले चार मिनट में आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मैं समझता था कि केवल सपा और बसपा वाले लोग टोकाटाकी करेंगे, लेकिन आज मैं ही सबसे ज्यादा टोका गया हूं। मैं बहुत उम्मीद में था कि मेरे संबंध अच्छे है, इसलिए कोई टोकेगा नहीं, लेकिन मैं देख रहा हूं कि सबसे ज्यादा मुझे ही टोका जा रहा है। अब मैं इनके द्वारा कही गयी बातों पर आता हूं।

MR. SPEAKER: Please do not waste your time. I would give you four more minutes.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदय, मुझे आपका संरक्षण चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको पूरा संरक्षण दे रहा हूं।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, मैं इन लोगों को भी हमारे साथ लाना चाहता हूं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं आपके माध्यम से इस डील के बारे में एक समरी एक लाइन में कहना चाहता हूं कि आज इसे पूरी दुनिया देख रही है, एक से एक बातें कही जा रही हैं, डील के बारे में बहुत चर्चा हो रही है, लेकिन परसेप्शन थोड़ा खराब है। मैं अकलियत से हूं, इसलिए मैं अकलियतों की बात कहता हूं। हमारा कांट्रैक्ट आप नहीं ले सकते, आज तक कांट्रैक्ट पर ही राजनीति हुई है।

श्री रामदास आठवले : आप भी नहीं ले सकते हैं।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आप तो बहुत नजदीक आ गए हैं।

MR. SPEAKER: He loves you very much. I think you are good friends.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : लेकिन यह परसेप्शन बन गया है और इस परसेप्शन में गुट निरपेक्ष राजनीति की वजह से कांग्रेस मशहूर थी। लेकिन आज यह परसेप्शन बन गया है। वर्ष 1989 में मैं यहां पढ़ता था कि अमेरिका का इराक से झगड़ा था। उस झगड़े में बड़े-बड़े पोस्टर्स लगाए गए थे। अगर मैं गलत हूं तो कांग्रेस के कोई वरिष्ठ नेता उठकर मुझे टोक देंगे, मैं मान लूंगा कि मेरी बात गलत है। "दोस्ती के दो ही नाम, राजीव गांधी और सद्दाम " यह नारा उस जमाने में लगा था जब इराक की जंग शुरू हुई थी और उसी सरकार के जमाने में सद्दाम हुसैन फांसी पर लटका दिए गए और इस सरकार की ओर से कुछ नहीं हुआ। इसी सरकार के जमाने में हिंदुस्तान की अकलियत के लोग सोचते थे कि ये लोग गुट निरपेक्ष थे, ये लोग हमेशा ईरान और गल्फ की राजनीति करते थे, इन लोगों को क्या हो गया? आज जब ईरान के खिलाफ पूरी दुनिया में साजिश हो रही है और यह सरकार जिस तरह से अमेरिका से मजबूती से दोस्ती कर रही है, उससे अल्पसंख्यकों के मन में घबराहट पैदा हुई है। ...(व्यवधान) बाबरी मस्जिद की घटना के समय नरसिंहा राव जी प्रधानमंत्री पद पर थे।...(व्यवधान) आप भी उसी पार्टी के हैं।

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : महोदय, इस प्रकार संप्रदाय के नाम पर भारत का विखण्डन बंद कीजिए।

MR. SPEAKER: Now, I will ask you to go out. This is the final warning which I am giving you.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदय, देश का प्रधानमंत्री एक इंस्टीट्यूशन है। आप हमारे स्पीकर है, आप हमारी पार्टी के हैं या नहीं हैं, लेकिन आप हमारे स्पीकर हैं, इसलिए चेयर का सम्मान किया जाता है। नरसिंह राव जी देश के प्रधानमंत्री थे, लेकिन किसी कांग्रेसी नेता की जबान पर स्वर्गीय नरसिंह राव जी का नाम कभी नहीं आया।

20.00 hrs.[R103]

जिनकी सरकार में मनमोहन सिंह जी खुद वित्त मंत्री थे। अभी चर्चा में हमारे मित्र ने कहा कि वह नरसिंह राव जी के कार्यकाल में हुआ था, भारत का मुसलमान अच्छी तरह से जानता है...(व्यवधान)

आप ऐसी बात करके बहस को दूसरी तरफ न ले जाएं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप लोग क्या कर रहे हैं, I will have to name them. Both of you will be named by me just now.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं इस डील के बारे में कहना चाहता हूं कि इसका परसैप्शन खराब है। अगर परसैप्शन खराब नहीं होता, तो स.पा. के साथ मुसलमानों का वोट बड़ी तादाद में रहा है, मैं इसे मानता हूं, लेकिन खतरा सरकार पर मंडरा रहा है, उस खतरे का एहसास आपको भी है इसीलिए 16 साल के बाद आपको जामा मस्जिद की सीढ़ियां चढ़कर इमाम साहब से मिलने जाना पड़ा।

अध्यक्ष महोदय: ठीक है, अब अपनी बात समाप्त करें। Please do not look at him. I may not be so handsome. But you please address me.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुझे आपको देखकर थोड़ा आत्मबल मिलता है, टोका-टाकी से नजर उधर चली जाती है। मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

MR. SPEAKER: I will have to cut the time of other Members from your Party. I cannot accommodate other Members of your Party.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मुस्लिम वोट जाने की दहशत में इनके नेता को जामा मस्जिद जाकर इमाम बुखारी के दरवाजे को खटखटाना पड़ा। इतनी भी क्या मजबूरी इन्हें आ पड़ी, यह सब समझ सकते हैं। मैं इस न्यूक्लियर डील को हिन्दू-मुसलमान में नहीं बांटना चाहता। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस देश के अंदर जब भी ये लोग कमजोर होते हैं, तब एक ही बात कहते हैं कि हम साम्प्रदायिक ताकतों को अलग रखने के लिए एक साथ हुए हैं। जब अलग होते हैं, तब इन्हें मुस्लिम याद नहीं आते।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Should I give the direction now?

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : इस डील को मैं हिन्दू या मुस्लिम के पक्ष या विरोध में नहीं देखना चाहता। यह डील न तो मुसलमानों के पक्ष में है और न ही हिन्दुओं के, यह डील तो हिन्दुस्तान के विरोध में है इसलिए यह डील हिन्दुओं और मुसलमानों के भी विरोध में है।

मैं अपनी बात आपका आभार व्यक्त करते हुए समाप्त करना चाहूंगा। आज एक ऐतिहासिक दिन है। इतिहास इस बात को याद रखेगा। अगर मैं आज नहीं बोलूंगा तो इतिहास मुझे माफ नहीं करेगा। यह सरकार अमेरिका के साथ समझौता करके अमेरिकी गुलामी कबूल कर रही है। जो हाल कांग्रेस पार्टी का नरसिंह राव जी के कार्यकाल में हुआ था, उससे भी खराब हाल अब होने जा रहा है। इन्होंने हमारे नेता पर आरोप लगाया कि हम लोगों ने आतंकवादियों को छोड़ दिया, तो क्या उन 150 निर्दोष लोगों की जान आपके हवाले कर देते। हमने अपने देश के एक भी नागरिक को मरने देने का काम नहीं किया और उनकी जान की कीमत पर दो टके के आतंकवादियों को हमें छोड़ना पड़ा। मैं यहां पर एक बात और कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा इसलिए मुझे आपका संरक्षण चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बैठ जाएं और शाहनवाज जी अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : ठीक है। इन्होंने कहा कि हमने उन आतंकवादियों को छोड़ दिया, लेकिन एक बात आनन्द शर्मा जी फिर भूल गए, मैं उन्हें थोड़ा याद दिला दूं कि आप तो आतंकवाद के खिलाफ कभी मजबूती से लड़े ही नहीं। भारत के इतिहास में वह पहली घटना थी, जब कश्मीर के चरारे शरीफ में आपने आतंकवादी मस्तगुल को बिरयानी खिलाई थी। हिन्दुस्तान की राजनीति में पहली बार चरारे शरीफ में मस्तगुल को आपने सेफ पैसेज दिया था।

अध्यक्ष महोदय: अब अपनी बात समाप्त करें।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : आपका धन्यवाद तो कर दूं।

MR. SPEAKER: I have accepted your thanks.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : इन्होंने ही उसे सेफ पैसेज दिया था। आज जो आरजेडी के सांसदों ने कहा कि पूरी बिजली ला रहे हैं। बिहार में 15 साल में एक बल्ब तो जला नहीं पाए, लालटेन से काम चलाते रहे।[R104]

आप बिजली की बात करते हैं। ...(व्यवधान) पिछले 15 सालों में आप बिहार में बिजली नहीं ला सके और आज बिजली की बात करते हैं। मेरे नेता माननीय आडवाणी जी के बारे में इन्होंने चर्चा की कि बीजेपी खामोश हो गयी। मैं कहना चाहता हूं कि बीजेपी खामोश नहीं हुई है। ...(व्यवधान) हम बिहार में भागलपुर से जीतकर आये हैं।

MR. SPEAKER: Only the speech of Shri Praful Patel will be recorded. Shri Hussain, I have given you a lot of time.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : मैं आखिर में यही कहना चाहता हूं कि -

"दरिया हो खामोश तो मत समझ कि रवानी नहीं है

हम हैं अपने फर्ज से मजबूर, मत समझ कि जोशे जवानी नहीं है।"

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष जी, बता दिया जाए कि छोटी पार्टियों को आज समय मिलेगा या नहीं।

अध्यक्ष महोदय : समय दो घंटा है। आपका नाम आयेगा।

श्री प्रभुनाथ सिंह : हम नम्बर में बहुत पीछे हैं क्या?

अध्यक्ष महोदय : इनके 11 मैम्बर्स हैं, आपके 8 हैं।

श्री रामदास आठवले : हमारा भी नम्बर आयेगा क्या?

अध्यक्ष महोदय : आपका तो आयेगा ही नहीं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : हमें बुलवाएंगे।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आपको बुलवाएंगे।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : कांग्रेस पार्टी की तरफ से 6 कैबिनेट मिनिस्टर्स बोले हैं।

अध्यक्ष महोदय : आपके मिनिस्टर्स नहीं हैं, इनके हैं, इसलिए बोले हैं।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : यूपीए की तरफ से, गवर्नमेंट की तरफ से तीन गुना टाइम लिया गया है।

अध्यक्ष महोदय : यूपीए का टाइम नहीं होता है। ये अपनी पार्टी की तरफ से बोल रहे हैं। Shri Praful Patel is going to speak for his Party. He has got a separate time for his Party. We have already wasted a lot of time. Shri Praful Patel may start now.

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रफुल पटेल) : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो प्रस्ताव यहां रखा है कि हमारे मंत्रिमंडल में यह सदन विश्वास व्यक्त करता है, इस प्रस्ताव के समर्थन में मैं यहां पर खड़ा हुआ हूं। सुबह से जिस तरह से यहां बहस हो रही है उस पर मुझे थोड़ी हैरत और आश्चर्य हो रहा है कि यह सरकार रहे या न रहे, देश की विदेश-नीति, इसके लिए केन्द्र बिंदु बनी हुई है। मेरा संसदीय कार्य माननीय प्रणव जी या विपक्ष के नेता माननीय लालकृष्ण आडवाणी जी से कम है। इन्हें 40-40 साल का अनुभव है लेकिन मेरे 18 वर्ष के संसदीय कार्य में मैंने कभी नहीं देखा कि देश की विदेश नीति को इतना ज्यादा हम लोगों ने न केवल केन्द्र बिंदु बल्कि विवादास्पद बना दिया है। मैं समझता हूं कि काफी लोग देश-विदेश के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं क्योंकि वहां की पार्लियामेंट और वहां के पार्लियामेंट सिस्टम को आप जानते हैं। लेकिन जिस तरह से हम इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, कभी-कभी दु:ख के साथ यह कहना पड़ता है कि हम लोग भी विश्व के सामने जिसे अंग्रेजी में "सॉरी फिगर" कहते हैं, ऐसा चित्र पेश कर रहे हैं। हमारे मतभेद हैं और लोकतंत्र में मतभेद हो सकते हैं। हमारा देश लोकतंत्र में विश्वास करता है और लोकतंत्र के माध्यम से हम लोग संसद में पहुंचते हैं। [r105]

महोदय, लोकशाही में विभिन्न विचार रखना कोई गलत बात नहीं है। चाहे आज हम कितनी भी कटुता के साथ एक-दूसरे के लिए अपने विचारों को व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन संसदीय सिस्टम में विरोध या विरोधाभास होना गलत बात नहीं है। मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि इसका एक तौर तरीका होना चाहिए। हम जिस निचले स्तर पर चर्चा कर रहे हैं, शायद चर्चा के मूल केंद्र बिंदू को हम नजरअंदाज कर रहे हैं।

> I would just like to quote two lines from one of the editorials of today's *The Times of India*. It says:
>
> "Trust vote is not just about the survival or fall of the Government. It is about the future direction of India. Parliamentarians casting their vote tomorrow, therefore, should do on the basis of their core beliefs about India's place in the world. "

I am not trying to make any statement. But the fact is कि आज और आने वाले कल में जो बहस होने जा रही है, उसके ऊपर पूरे विश्व की निगाह है। दुनिया देखने जा रही है कि दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र किस दिशा में जा रहा है। किस तरह से हमारी बहस हो रही है और हमारी सोच कैसी है, इस तरफ पूरे विश्व का ध्यान है। मुझे हैरत होती है कि हम देश की एनर्जी सिक्योरिटी के बारे में कितने साधारण और छोटे दायरे में चर्चा कर रहे हैं। आज पूरे विश्व में एनर्जी सिक्योरिटी के बारे में कितनी गंभीर सोच है। मुझे अमरीका की संसद का बाहर से कार्य देखने का मौका मिला है, इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया की संसद के कार्य को भी मैंने देखा है। वहां कितनी गंभीरता के साथ एनर्जी सिक्योरिटी के बारे में चर्चा होती है। मतभेद वहां भी होते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति हमारी जो सोच और विचार होना चाहिए, यहां कई वक्ताओं के माध्यम से उस सोच को छोटा और निचले स्तर का बनाने की कोशिश की जा रही है। आज अमरीका या दूसरे देश अपने राष्ट्र के हित को ध्यान में रख कर कानून बनाते हैं और अपने करार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करते हैं। उसी प्रकार से हमारे प्रधानमंत्री ने एक बार नहीं अनेक बार इस देश के सदन में लोकसभा हो या राज्य सभा में, बहस के माध्यम से देश को आश्वस्त करने का काम किया है कि हमारी सरकार की सोच हमारे देश के प्रति क्या है। हमारा करार जो अमरीका के साथ हो रहा है, उसमें हमारे देश के लिए फायदे-नुकसान क्या हैं, बहुत पारदर्शिता के साथ प्रधानमंत्री जी ने आपके सामने बात रखी है। कई वक्ताओं ने हाइड एक्ट की बात कही है।

20.13 h rs.

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

हाइड एक्ट में क्या अच्छा है, क्या बुरा है, उसमें क्या आपत्तिजनक है, वह अलग बात है। हाइड एक्ट के माध्यम से हम भी सरकार के माध्यम से कह सकते हैं, हालांकि हमारी संसद या हमारे देश के ऊपर वह लागू नहीं होता है। कपिल सिब्बल जी, चिदम्बरम जी कानूनी स्थिति को आपके सामने जरूर रखेंगे, लेकिन साधारण तौर पर किसी को समझाने की जरूरत नहीं है कि दूसरे देश का कानून हमारे देश पर लागू होता है या नहीं। हाइड एक्ट में किस प्रकार से हमारे देश के लिए वेवर्स हैं, वहां के राष्ट्रपति जी को किस प्रकार से हमारे देश के लिए 123 एक्ट के बारे में जो भी पहलू हैं, उसमें भी वेवर के अधिकार दिए गए हैं, वे भी सैक्शन 104 में दिए हैं। मैं उसके बारे में टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं, लेकिन हाइड एक्ट के बारे में हम निश्चित चर्चा किए जा रहे हैं। हाइड एक्ट में आपको क्या आपत्तिजनक लगता है, उस बारे में अगर चर्चा हो, तो भी मैं समझ सकता हूं। उसका हम सरकार के माध्यम से आपको उत्तर देने की कोशिश करेंगे, लेकिन यहां 123 एग्रीमेंट की बात हो रही है। इस एग्रीमेंट में क्या मुद्दे आपत्तिजनक हैं। अभी मेरे पूर्ववक्ता ने बड़े साधारण तरीके से कह दिया कि ईस्ट इंडिया कंपनी के कारण देश 300 साल तक गुलाम रहा। अगर हम 123 एग्रीमेंट को पारित करेंगे, तो देश 600 साल के लिए गुलाम हो जाएगा। हम देश के हित में काम करने के लिए संसद में चुन कर आए हैं। क्या हम लोगों को इतना भी महसूस नहीं हो रहा है कि देश की एनर्जी सिक्योरिटी के बारे में हमें गंभीरता से सोचना होगा। [R106]

क्या आज सही मायने में हमारी एनर्जी सिक्योर है या नहीं? 1970 के बाद जब विश्व में ऑयल प्राइसेज बढ़ने लगे, पहली बार ओपेक का गठन हुआ। उसके बाद देश ने एनर्जी सिक्योरिटी को बहुत सीरियसली लेने का काम किया। श्रीमती इन्दिरा गांधी देश की प्रधान मंत्री थी। उन्होंने ऑयल एक्सप्लोरेशन को शुरू किया और उसकी बहुत गम्भीरता से शुरुआत की। मुम्बई हाई आया। देश में ऑयल और गैस की अनेक डिसकवरिज हुई। उसके बाद लोगों में व्यापक सोच बनने लगी कि देश को दूसरी ओर भी ले जाने की जरूरत है। इसके बाद 1974 को पहला विस्फोट इन्दिरा जी के समय हुआ। सुबह बहुत साधारण तरीके से नेता विपक्ष ने यहां कह दिया कि हमने पोखरण टू किया। पोखरण टू तो उस

समय हुआ जब पोखरण वन हुआ। आपके सत्ता में आने के दो महीने बाद पोखरण टू हुआ। क्या आप लोगों ने दो महीने में अचानक देश की सोच और परमाणु शक्ति की तैयारी कर ली? जिस तरह आप लोगों ने यहां बात रखने की कोशिश की है, सही मायने में मैं समझता हूं कि संसद का समय इस प्रकार की छोटी चर्चा में न करते हुए बल्कि व्यापक चर्चा करते। हम लोगों को उस समय खुशी होती जब हमें कोई इसका सॉल्यूशन बताते। यहां केवल यह कहा गया कि 123 एग्रीमेंट नहीं होना चाहिए। इसका मतलब देश गुलाम हो जाएगा। देश कैसे गुलाम होगा, इसके बारे में अगर कोई नई बात रखी होती तो अच्छा होता। I have not heard a single speaker stating with authority as to what is the objectionable part of this 123 Agreement; not a single speaker has dwelt upon the delicacy on these fine points of this Agreement. I am willing to debate on that issue. I am sure, if there is any technicality, not only me but my esteemed colleagues, Shri Kapil Sibal and Shri P. Chidambaram, can also argue on points of law as to what could be the issues which would not be in India's interest. ...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : What a great speaker! ...(*Interruptions*)

SHRI PRAFUL PATEL : Thank you for the compliment. Shri Dasgupta, you are discovering me quite late in the day. I would have been happy if Shri Gurudas Dasgupta and other speakers could have talked about how India should fulfill its energy security; what are the issues and how other countries are dwelling on such important issues.

The hon. Leader of the Opposition has talked of a multi-polar world. I would be very happy and there is no question. In fact, I would say that they should have complimented the hon. Prime Minister and this Government for truly taking India in that direction or removing the isolation which India has been going through for the last 30 odd years. In fact, this agreement tries to, in a way, bring back India to centre-stage. In fact, all of us should compliment collectively what India has achieved in the last 30 odd years or so. Why are we trying to be so petty and so partisan by trying to ignore the achievements and the developments made by India's great scientists and by India's leaders over the years?

That is why I really feel and I fail to understand this 123 Agreement. I am sure most people are trying to think and trying to imply that this 123 Agreement is only between India and the United States. The 123 Agreements are entered by the United States not only with India, they have been entered with China also and they have had agreements with various countries. ...(*Interruptions*)

SHRI HARIN PATHAK (AHMEDABAD): Excluding the Hyde Act.

SHRI PRAFUL PATEL : My friend, I am not trying to say anything. Yes, you talked about the Hyde Act. But the fact is that when you talk of the 123 Agreement, we have entered into 123 Agreement with the United States. The Hyde Act does not apply to India the way it is being made out to be by my friends in the Opposition. ...(*Interruptions*) It is not a question for India to discuss and debate. I am sure the Leader of the House, Shri Pranab Mukherjee, in his speech in the morning mentioned that the Hyde Act is not applicable to the laws of our country. It is India's Parliament, it is India's laws and the Agreement of 123 does not go into the Hyde Act at all. It is for the US Congress, it is for the US Administration's own window to enter into an agreement with India.[a107]

The Hyde Act was enacted by their Senate. It does not apply. ...(*Interruptions*) Shri Varkala Radhakrishnan, I do not wish to get into all these things....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Radhakrishnan, you should first have the permission from the Chair and then talk. Nothing goes on record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER : Whosoever speaks without my permission will not go on record. Please sit down.

*(Interruptions) â€¦**

SHRI PRAFUL PATEL: When his turn comes, he is most welcome to say that the Hyde Act applies....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : That has not come on record.

SHRI PRAFUL PATEL: The point I was making was that since morning, I have been listening to every single speech made by my honourable and esteemed colleagues from the other side. Not a single reference, not a single speaker has been able to convince either the House or any one of us in the Government as to what exactly is objectionable in the 123 Agreement. I think it is just something a stated position which my friends here have taken. Shri Gurudas Dasgupta and my friends here should at least be patient enough....(*Interruptions*)

श्री रूपचंद पाल (हुगली) : इसे लिखित रूप में सरकार को दिया है लेकिन सरकार ने कुछ रिप्लाई नहीं दिया है।

श्री प्रफुल पटेल : मैं इन मुद्दों पर इसलिए नहीं आना चाहता हूं क्योंकि यह बहस सुबह से चल रही है। आप लोगों की तरफ से बात रखी गई है और मैं समझता हूं कि सरकार की ओर से इसके बारे में पूरी तरह से उत्तर देने की कोशिश की गई है। अगर आप समझना ही नहीं चाहते हैं और यह कहना चाहते हैं कि 123 एग्रीमेंट सिर्फ इंडिया स्पेसिफिक है और हाइड है तो मैं कहना चाहता हूं यह इंडिया स्पेसिफिक जरूर होगा लेकिन सिर्फ यूएस कांग्रेस, यूएस एडमिनिस्ट्रेशन या हमारे लिए लागू होता है, ऐसा इस एग्रीमेंट में कहीं दर्शाया नहीं गया है। अब आप जबरदस्ती किसी चीज को करना चाहेंगे...(<u>व्यवधान</u>) हमारे देश के प्रधानमंत्री ने इस संसद में सात बार लोकसभा और राज्य सभा में बयान दिया और हमारे देश की स्थिति को स्पष्ट किया है। क्या यह बयान और संसद की बहस यूएस कांग्रेस या यूएस एडमिनिस्ट्रेशन तक नहीं जाती?

* Not recorded

हमारे माननीय प्रधानमंत्री यहां जो बहस करते हैं, मुद्दे रखते हैं या आप लोगों को इतना स्पष्ट आश्वासन देने की कोशिश करते हैं ,क्या उसके बारे में, देश की संसद के बारे में...(<u>व्यवधान</u>)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Rupchand Pal, nothing will go on record because you are going to speak when your turn comes.

श्री रूपचंद पाल : मैं राइट ट्रैक पर लाना चाहता हूं।

SHRI PRAFUL PATEL : I do not wish to get into an unnecessary argument with my friends because till yesterday we used to consult them on every issue as was desired by the arrangement which we had to run this Government. I do not understand why in many speeches, the 123 Agreement and the nuclear deal was on the one side but they were criticizing every single aspect of governance of the last four years to which I would say very strongly that they have been a party to all the actions and all the decisions which the Government has taken in the last four years....(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I deny this.

SHRI PRAFUL PATEL: You can deny it now. It is very convenient for you to deny things now....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded except the speech of Shri Praful Patel.

*(Interruptions) â€¦**

SHRI PRAFUL PATEL: You are showing us books. We have also got the publications of the Government. Why do you not read and try to answer instead of raising your voice here. You have never taken time to do that....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please address the Chair. You should also come to the point.

SHRI PRAFUL PATEL: Mr. Deputy-Speaker, Sir, people also have no other work. They only want to try to put issues about the Government. So casually people are talking here that India has got so much reserves of coal; so, we must try to build

* Not recorded

our thermal units and thermal power generation capacity. Of course, we should do it. But that also does not mean that you should mention so casually. Every country has to have its own strategic reserves of whatever natural reserves it has. It does not mean that whatever you have, you expend it and start taking or consuming it overnight. There are issues which Shri Pranab Mukherjee has very rightly said. About 1.6 billion tonnes of coal is supposed to be imported by the year 2050.

Do you know the impact it will have on the global warming and the impact it will have on the logistics of our country? Do you recall an instance of our country importing 1.6 million tonnes of coal? What impact it will have on global prices of imported coal. All these are issues. We are just, as I said, very casually discussing such important issues rather than concentrating on the core issue of India's energy security. My friend, the Petroleum Minister, whenever I see him in this House, he is at pains to explain to the country as to the kind of support the country is getting in terms of my friend, the Finance Minister, has to spend in terms of trying to support India's present energy requirements. I will just give you some figures. I have got those figures. I must give you those figures because my friends of Left have criticised India's Government and the way we are casually trying to ignore the interests of the poor people, the common people. India's requirement of petroleum products in a year is about 135 million tonnes out of which the domestic production of petroleum products is 32 million tonnes. The annual growth of petroleum products requirement is conservatively 8-9 per cent. Last year, the Government's under recovery of petroleum products was a whopping 75000 crores. This year, the under recovery of petroleum products even at today's prices of 130 dollars will be more than 215 lakh thousand crores. Is this the way any Government is taking things so casually? Are you trying to say that we are not looking after India's poor? What are you trying to imply? Speech after speech, you have been trying to say that the Government does not care; the Government is insensitive to the needs of the people of our country. Do you want to know how much loss per litre of petrol that the Government incurs is? It is Rs. 12 per litre. Do you know the loss which the Government incurs on diesel? It is Rs. 25 a litre. The under recovery on kerosene is Rs. 35 a litre. Do you know what the under recovery per cylinder of LPG is. It is Rs. 355 per cylinder. Is this Government insensitive to the common man – I would like to get an answer. Never has any Government of independent India been there in such a difficulty of energy security that we are going through and in spite of that, the Government is committed to see that the country's average human being, the country's average poor people are not burdened because of this extraordinary international situation. In spite of that, my friends here on my right, otherwise the Left, are trying to imply that we are not pro-poor or rather we are anti-poor. ...(*Interruptions*) This entire discussion is being brought down to a very small, a very narrow level which could have been a much broader debate on India's energy security. As the Leader of the Opposition said, we have completed four years and two months and in 10 months, the election is due anyway. It is not a question of our fighting elections or trying to delay the elections. Nothing of that sort is envisaged.
Governments come and go; we also come and go. It is not a question of our worrying about or trying to delay elections. The question here was whether we are moving in the right direction. The question here is that the integrity of the Government and the commitment of the Government towards India's energy security was being questioned. [MSOffice108]

The point here is, the patriotism of our Prime Minister, personally, was being put to question by some sections of the Opposition. That, I would say, is the true test here in this Vote of Confidence, whether India's Prime Minister, India's ruling establishment is truly patriotic or not, I think, that is the central theme of this discussion and this Vote of Confidence which the Prime Minister has sought.

We are not trying to delay election. We know that election will be held as and when it is to be held. But it is a question of trying to see whether all of you are committed to India's poor and all of you are committed to India's future. As my colleague Shri Anand Sharma mentioned earlier, people used to question the wisdom of the late Prime Minister Shri Rajiv Gandhi in terms of computerisation. Today, if India has made its mark in terms of the knowledge economy of the world, it is due to the IT and it is due to the telephony which Shri Rajiv Gandhi introduced in this country. That is why, it is a question of what we are going to offer to India's future generations, the youth of India. All of us know, each and every Member of Parliament knows that if 10 people come to meet you in the morning, 9 out of 10 are coming to ask for their future, for jobs and what are we offering them

in return? Are we going to take India back in time or are we going to look at India moving ahead? With all the education which is coming to our doorsteps and with the kind of educated youth in our country, are we going to give them a good, sound future or are we going to take them back in time? That is the question before this entire House and that is what the Prime Minister has sought today through this Vote of Confidence, not just because the elections are going to be held today or tomorrow. This Vote of Confidence is on the future of India and that is why I urge all of you to understand this.

So, it is for all of you to take a conscience decision as I quoted from the Editorial of *The Times of India*. Therefore, Mr. Deputy-Speaker, Sir, I, with the fullest emphasis at my command, would like to strongly support the Motion of Confidence moved by the hon. Prime Minister.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा (संगरूर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज प्रधान मंत्री जी ने वोट ऑफ कांफिडेंस का जो रिजोल्यूशन यहां रखा है, उस पर चर्चा हो रही है लेकिन इसका मेन सेंटर स्टेज न्यूक्लिअर डील है। हालांकि यहां पर कई वक्ताओं ने महंगाई की बात की है लेकिन चूंकि यूपीए की सरकार को सपोर्ट करने वाली बहुत बड़ी लेफ्ट पार्टी ने इस इश्यू पर सपोर्ट वापस लिया है, इसलिए आज इस मुद्दे पर ज्यादा बहस हो रही है। प्रफुल्ल पटेल जी मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी हैं और आनंद शर्मा जी ने तथा प्रणव जी ने इस डील के हक में बहुत कुछ कहा है और आज नहीं बल्कि दो साल से यह बात चल रही है। इसमें हाइटैक के बारे में इन्होंने भी कहा कि वह हमारे ऊपर कैसे लागू होती है, तो मैं इनसे यही पूछना चाहता हूं कि उसको फिर खत्म क्यों नहीं कर देते क्योंकि और तो कोई इश्यू ही नहीं है। अगर वह इश्यू न होता तो आज इस हाउस में मैं समझता हूं कि या तो यूनैनीमसली डील को पास कर दिया जाता, अगर लेफ्ट न भी करता तो सारा हाउस इसको पास कर देता। ये दो सैक्शंस 103 और 104 जो हैं, इसके रिजल्ट क्या होंगे? मेरी पार्टी पहले से कह चुकी है और मैंने यहां बोलते हुए भी कहा था कि हम डील के खिलाफ नहीं हैं। अमेरिका के साथ दोस्ती हो, हम उसके खिलाफ नहीं हैं। अमेरिका से नहीं, सारे पाकिस्तान के साथ बात शुरु हुई तो सबसे पहले हमने वैलकम किया। हमारा कहना है कि हमारे देश का जो नेबर है, उसके साथ जो बातचीत हो रही है, वह अच्छी होनी चाहिए।

हम चाहते हैं कि चीन के साथ हमारे अच्छे ताल्लुकात हों, सारी दुनिया के साथ अच्छे हों। इसका रिजल्ट क्या होगा कि आपकी इस डील के बाद इसका मतलब यह नहीं होगा कि नया दोस्त बनाने के लिये ईरान जैसे पुराने दोस्त मुल्क की कीमत पर यह डील की जाये...(<u>व्यवधान</u>)

कई माननीय सदस्य : ऐसा नहीं है।

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : इसमें ऐसा है लेकिन आप पाइंट क्लीयर नहीं कर सकते हैं। तभी यह डिसकशन आज हो रही है। तकरीबन दो साल हो गये हैं, आप नहीं कर सके हैं। दूसरी बात, जो एटामिक एनर्जी पर बोलते हुये यहां कही गई है कि हम उसके बाद एटामिक एनर्जी पर तजुर्बे नहीं कर सकेंगे। मैं परमात्मा से दुआ करता हूं कि हमारी किसी देश के साथ जुदाई न हो। लेकिन जिनके पास एटामिक पॉवर है, अगर कल चीन के साथ जंग हो जाती है तो उसके क्या रिज़ल्ट होंगे? हमारी डिफैंस फोर्सेज़ पहले ही से डिमौरलाइज्ड हैं क्योंकि पे-कमीशन की रिपोर्ट के बेस पर प्रोटैस्ट करती हैं। इस हालत में वे कैसे लड़ेंगी कि बाकी मुल्कों के पास एटामिक पॉवर है, हमारे पास नहीं है। हम यह पॉवर पैदा नहीं कर सकते हैं, क्या इस देश को खतरा नहीं होगा, क्या इससे देश का खतरा टल जायेगा? हमारे ये दो मुद्दे ऐसे हैं जिन्हें आप करें। अगर न्युक्लीयर एनर्जी लायेंगे तो हम उसके हक में हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है। इसका मतलब यह हुआ कि आप ये बातें क्लीयर नहीं कर सके। चाहे आप बड़े वकील हैं, चाहे किसी ने कहा हो, यह बात आप आज तक साफ नहीं कर सके।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री कपिल सिब्बल) : क्या हमारा साथ देंगे, अगर हम करते हैं? हम यह आपको आश्वासन देते हैं।

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : आप दो साल से तो कर नहीं सके, आज कैसे करेंगे? हमारी पार्टी के सभी लोग कहते हैं कि देश का प्राइम मिनिस्टर सिक्ख है, आप उसके साथ वोट डालें...(<u>व्यवधान</u>) मैं आपको बता देना चाहता हूं कि मैंने किसी के भाषण में टोका-टाकी नहीं की, इसलिये मैं कोई ऐसी बात नहीं कहना चाहूंगा। हमने अपोज़ीशन में होते हुये भी देश के सिक्ख प्राइम मिनिस्टर बनने पर खुशी मनाई। वह बहुत ही ईमानदार और इकोनोमिस्ट हैं, इस वक्त देश का भला करेगा, उससे हमारी कौम को फख्र होगा। मैं यह भी बता देना चाहता हूं कि जिस कौम ने इतनी खुशी मनाई, उस कौम को इस स्टेट में पिछले साढ़े चार साल में क्या मिला? मैं पूछना चाहता हूं कि उसे क्या मिला?...(<u>व्यवधान</u>)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded, except Shri Dhindsa's submission.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER: Whosoever speaks without my permission should not be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : उपाध्यक्ष जी, मैं अकेले पंजाब के सिक्खों की बात नहीं करता।[s110]

मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब का किसान, जिसकी एग्रीकल्चर इकोनोमी है, वैसे तो देश की है, उसकी डेढ़ परसैंट आबादी है और एक परसैंट, डेढ़ परसैंट जमीन है। हम 50 से 60 परसैंट फुडग्रेन देते हैं। यहां प्रधान मंत्री जी, फाइनेंस मिनिस्टर और एग्रीकल्चर मिनिस्टर बैठे हैं, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि तीन माफिया जो 60 परसैंट पैसा देता है, उसका केवल एक परसैंट ही माफ हुआ। आज की डेट में सबसे ज्यादा पर-किसान, पर-कैमिली पंजाब का किसान कर्जाई है, तो आपने क्या दिया है? पंजाब का किसान हिन्दुस्तान को अनाज देता है।...(<u>व्यवधान</u>) अगर एग्रीकल्चर मिनिस्टर महाराÂट्र को दे सकते हैं तो प्रधान मंत्री जी पंजाब को क्यों नहीं दे सकते?...(<u>व्यवधान</u>)

* Not recorded

श्री प्रफुल पटेल : ढींढसा जी, गेहूं का पंजाब में जो पूरचोरमेंट होता है,...(<u>व्यवधान</u>) हमारी सरकार ने 620 रुपए से एक हजार रुपए करने का काम किया है।...(<u>व्यवधान</u>)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : मैं यह भी बताना चाहता हूं, आपने कहा कि एक हजार रुपए किसान को दे दिए, लेकिन बाहर से कितना मंगवाया, कितना इम्पोर्ट किया? ...(<u>व्यवधान</u>) 1600 रुपए। आगे देखिए, एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन ने राइस की कीमत एक हजार रुपए प्रति-क्विंटल की, कभी भी किसी ने उसकी रिकोमेंडेशन के ऊपर तो दिया होगा, लेकिन नीचे कभी नहीं किया, उसे साढ़े आठ सौ रुपए कर दिया। ...(<u>व्यवधान</u>) आज एक हजार डालर पर-टन राइस की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में है तो फिर हिन्दुस्तान के पंजाब को क्यों नुकसान पहुंचाया जा रहा है, यह मैं पूछना चाहता हूं? ...(<u>व्यवधान</u>) हमने 105 मीट्रिक टन व्हीट दिया है और 90 लाख टन राइस दिया है।

एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब बड़े अच्छे हैं, हमारी बात भी सुनते हैं और किसानों की बात भी करते हैं। हो सकता है कि प्रधान मंत्री जी या फाइनेंस मिनिस्टर न मानते हों, लेकिन इन्होंने कभी साइंटिफिक तरीके से प्राइस फिक्स नहीं की। क्या मैं यह सोच लूं कि सिख प्राइम मिनिस्टर हैं, इसलिए किसान मर जाए तो मर जाए।...(व्यवधान) मैं इसे सपोर्ट करूं! ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Silence please.

...(*Interruptions*)

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : यह मैं किसान की बात कह रहा हूं। फिर इंडस्ट्री की बात आई, हमने कहा कि जो हिली स्टेट्स हैं, उन्हें कंसेशन दिया गया। पंजाब में बहुत नुकसान हुआ, सारी इंडस्ट्रीज़ जा रही हैं, एग्रीकल्चर फेल हो रही है, इसे भी बार्डर डिस्ट्रिक्ट्स को दे दो, क्योंकि हमने बहुत खून बहाया है तो प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि यह आपकी सरकार ने किया था। मैंने कहा कि हम उनका वापस नहीं मांगते, हम चाहते हैं कि वही कंसेशन हमें भी दें। हमारी इंडस्ट्रीज़ क्यों बाहर जा रही हैं? सवा चार साल हो गए, आज तक किसी ने कुछ नहीं किया, बल्कि उसे एक्सटेंड कर दिया।[s111]

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि पंजाबी और सिख के नाते आपने क्या किया, किस बात के लिए आपको सपोर्ट करें? यह तो पंजाबी और सिख की बात हो गई। अब मैं सिख इश्यू लेता हूं। ...(व्यवधान)

* Not recorded

उपाध्यक्ष महोदय : साइलेंस प्लीज।

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : मैं अपने आप नहीं बोल रहा हूं। हमें आदमी मिलते हैं, वे कहते हैं कि यह सिख है, इसलिए इसकी बात मानो और सपोर्ट करो। इसलिए मैं इस बात का जवाब दे रहा हूं। मेरा मकसद यह नहीं था। चूंकि यह सारा कुछ हो रहा है, इसलिए जवाब दे रहा हूं। इसका जवाब यही है कि सिख भी एक कौम है, जिसने इस देश के लिए अपना खून बहाया है। देश को आजाद रखने के लिए सबसे ज्यादा खून बहाया है। उसकी बात क्यों नहीं मानते? उस कौम के लिए कुछ क्यों नहीं करते? ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb him. Please do not waste the time of the House.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : फ्रांस में टरबन इश्यू हुआ। यहां फ्रांस के प्रधान मंत्री आए। हम भी मिले। हमने कहा प्रधान मंत्री जी, सिखों के लिए यह बहुत जरूरी है। आप इस पर उनसे बात कीजिए। सुबह अखबारों में देखा, तो हमें पता लगा कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने श्री एल.एन. मित्तल की बात तो उनके साथ बहुत जोर से उठाई कि उसकी फैक्ट्री के लिए ऐसा करो और वैसा करो, हम भी कहते हैं कि ये अमीर की बात बहुत सुनते हैं, लेकिन गरीब की नहीं सुनते। मित्तल जो दुनिया का सबसे बड़ा स्टील किंग है, उसकी बात तो बड़े जोर से की गई, लेकिन सिखों के टरबन की बात, सिख ने नहीं की। ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF OVERSEAS INDIAN AFFAIRS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI VAYALAR RAVI): Sir, please allow me to make a clarification. ...(*Interruptions*)

SHRI RAJIV RANJAN SINGH 'LALAN' (BEGUSARAI): This is not the way. How can he interrupt him? ...(*Interruptions*)

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, I would like to make only one clarification. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Vayalar Ravi.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष महोदय, क्या कोई भी मंत्री बिना अनुमति के कभी भी उठेगा और बीच में बोलेगा। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have allowed him to speak.

...(*Interruptions*)

SHRI VAYALAR RAVI: Please do not say that the Prime Minister had talked only on Shri Mittal with the President of France. That is not the correct thing. That is the clarification I want to make. â€¦ (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Sukhdev Singh Dhindsa, please continue your speech now.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : उपाध्यक्ष महोदय, सिखों की एक बात और है। 1984 के बाद, जब हरमंदिर साहब पर हमला हुआ, फौज गई, अकाल तख्त को बिलकुल ध्वस्त कर दिया गया। उससे सिखों में बहुत रोष पैदा हुआ। हिन्दुस्तान में ही नहीं, सारी दुनियां में रोष पैदा हुआ। ...(व्यवधान) सरदार खुशवन्त सिंह जैसा व्यक्ति, जो यह कहता था कि मैं धर्म को मानता ही नहीं, उसने भी अपना पद्मश्री अवॉर्ड वापस कर दिया। मैं कहना चाहता हूं कि उस घटना के बाद सारी दुनियां में हर सिख के अंदर इतना रोष था। जितने बाहर सिख हैं, जिन्होंने कोई स्पीच की या इस बारे में बयान दिया, उनके नाम इकट्ठे कर के, 1500 या 1600 सिखों की एक ब्लैक लिस्ट बना ली गई और कहा गया कि इस ब्लैक लिस्ट में जिन सरदारों के नाम हैं, उन्हें हिन्दुस्तान आने की इजाजत नहीं है। हमने कोशिश की और प्रधान मंत्री जी से मिले। जब हमने श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी और श्री अटल बिहारी वाजपेयी साहब से इस बारे में कहा, तो उन्होंने रिव्यू किया और 100-125 सरदारों के नाम उस लिस्ट में रह गए। हम ऐसा बिलकुल नहीं कहते कि जो आदमी देश के खिलाफ प्रचार करे, उसका नाम भी उस लिस्ट में से निकाल दो, लेकिन जिसका कोई कसूर ही नहीं है, जिसने कोई ऐसा काम किया ही नहीं है, उसे आप हिन्दुस्तान आने से क्यों रोकते हैं? क्या हमारी यह बात, प्रधान मंत्री ने मान ली?

गृह मंत्री (श्री शिवराज वि. पाटील) : आपकी बात मान ली है।

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

हमारा एक रिलीजियस इश्यू है। एस.जी.पी.सी. बनाई, वह तो अंग्रेजों ने बनाई। हमने लड़ाई की और बहुत कुरबानियां दीं। हमने 500 शहादतें दीं।

उसके बाद अंग्रेज एक एक्ट बना गए। उसके बाद पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के गुरूद्वारे तो अंडर आ गए, लेकिन हमारी मांग रही है कि जितने भी ऐतिहासिक गुरूद्वारे हैं, वे एसजीपीसी के अंडर होने चाहिए।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Chaudhary Lal Singhji, please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the speech of Shri Dhindsa.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dhindsaji, please conclude now.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : उपाध्यक्ष महोदय, हमारी आर्मी में सिक्ख 25 प्रतिशत हुआ करते थे, लेकिन कई सालों से सभी स्टेट्स का कोटा फिक्स कर दिया है और राज्य की आबादी के अनुसार ही वह होगा। हमारे लोग तो देश की रक्षा में मरने के लिए ही जाते हैं। अब सिक्खों की संख्या 25 प्रतिशत से चार-पांच प्रतिशत रह गई है।...(व्यवधान)

यही तो मैं हमारे सिक्ख प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने सिक्खों के लिए क्या किया है?...(व्यवधान) आप कहते हैं कि सिक्ख प्रधानमंत्री हैं, लेकिन उन्होंने सिक्खों के लिए क्या किया है?...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going on record.

*(Interruptions) â€¦**

उपाध्यक्ष महोदय : लाल सिंह जी, यदि आपको कुछ मालूम नहीं है, तो बैठ जाएं।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप इस प्राब्लम को अंडरस्टैंड नहीं कर सकेंगे, इसलिए बैठ जाएं।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Athawale, please take your seat. Please conclude now.

...(*Interruptions*)

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री जी ने गुरू गोविन्द सिंह जी का एक श्लोक बहुत बोला। वह उन्होंने क्यों बोला? उसका मतलब क्या है? उन्होंने कहा - देह शिवा वर मोहे ऐहो, शुभ कर्मन ते कबहूं न टरूं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइए। आठवले जी आप बैठ जाएं।

â€¦(व्यवधान)

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : उपाध्यक्ष महोदय, उन्होंने जो श्लोक बोला, उसका तो अर्थ ही दूसरा है। वे तो बोल ही नहीं सके, उन्हें पता नहीं किसने लिखवा दिया[r112]?

* Not recorded

उसका अर्थ यह है कि गुरू गोविन्द सिंह जी ने कहा:

देहु शिवा वर मोहे, शुभ करमन ते कबहूं न टरूं,

न डरूं, अरसौं जब जाय लड़ूं, निश्चय कर अपनी जीत करूं।

इसमें क्या आ गया? दूसरा मैं कहूं कि यह भी हमारे गुरू ग्रन्थ साहिब में है...(व्यवधान)

श्री गुरजीत सिंह राणा (जालंधर): आप यहां गुरू ग्रन्थ साहिब के सारे शबद सुना दो।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : ठीक है, मैं यहां शबद भी सुना दूंगा। आप सच्चाई सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। ये शबद की बात कर रहे हैं, लेकिन उसको मानो तो क्यों ऐसा कर रहे हैं? डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने जो ये बात बताई है कि सिक्ख हैं तो हमने तो खुशी मनाई थी, हम तो बहुत खुश हुए थे, हमने तो लड्डू भी बांटे थे, जब वे प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन सिक्खों और पंजाब के लिए इन्होंने क्या किया है, मैं तो यह पूछना चाहूंगा? आपने सिक्खों और पंजाब के लिए क्या किया है?...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down. Do not disturb. Do not waste the time.

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा : इसलिए मैं यह कहूंगा कि ऐसी बातें करने का कोई फायदा नहीं है। ये आज जो वोट ऑफ कॉन्फिडेंस लाये हैं, उसके हम इसलिए खिलाफ हैं कि यह सरकार सवा चार सात में बिल्कुल ही फेल हुई है और इसने कुछ भी काम नहीं किया, इन्फलेशन बहुत हो गई, इसलिए इसको जाना चाहिए, इसलिए हम इनके खिलाफ हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री प्रभुनाथ सिंह।

Before I would request hon. Member, Shri Prabhunath Singh to speak, I want to make an announcement that dinner will be ready by 9.15 p.m. in Room No.70, First Floor, Parliament House.

â€¦(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार): उपाध्यक्ष जी, हम नमक नहीं खाएंगे, हराएंगे, इसलिए नमक खाने की जरूरत नहीं है।...(व्यवधान)

आज सदन में 11 बजे से चर्चा चल रही है और जो चर्चा चल रही है, यह सुनने के बाद लगता है कि सदन पास करेगा कि करार हो या नहीं हो। मैं नहीं समझता हूं कि यह करार पर चर्चा है। करार भी एक मुद्दा हो सकता है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी जिस समय प्रस्ताव रख रहे थे, उस समय वे बोल रहे थे कि चार वर्ष दो महीने में हमारी सरकार का यह लेखा-जोखा है। उस लेखे-जोखे पर चर्चा होनी चाहिए, उस लेखे-जोखे पर विचार-विमर्श करके उन्होंने मंत्रिमंडल में विश्वास मांगा है। अगर उन्होंने सिर्फ अपने सहयोगियों से विश्वास मांगा होता तो उनके सहयोगी राष्ट्रपति भवन में लिखकर देते तो संख्या फूट जाती तो यहां विश्वास मत की जरूरत नहीं पड़ती, लेकिन कहीं न कहीं संशय की स्थिति है कि विश्वास है, विश्वास नहीं है। हो सकता है कि मतदान हो और वे जीत जायें। चूंकि हमारे पास संख्या की गिनती का कोई सही आंकड़ा नहीं है, इसलिए हम इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं करना चाहेंगे। जीतें, हारें, वह दूसरी बात है, लेकिन जब सदन में विश्वास मांगा गया तो सदन को चार वर्ष दो महीने का लेखा-जोखा करना होगा। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व का लेखा-जोखा करना होगा, प्रधानमंत्री के कृतित्व का लेखा-जोखा करना होगा।[R113]

21.00 hrs.[p114]

लेखा-जोखा करना होगा प्रधानमंत्री की नीतियों का और लेखा-जोखा करना होगा प्रधानमंत्री की नीयत का। उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व की चर्चा करना चाहता हूं। जब भी कोई आम चुनाव होता है, तो चाहे वह क्षेत्रीय दल हो या राष्ट्रीय दल हो, चुनाव के मैदान में जाता है, तो अपने नेता की तस्वीर और अपने नेता का नाम लेकर जाता है। वह अपने दल का नाम लेकर जाता है और मतदाताओं से दल और नेता के नाम पर विश्वास मांगता है, भरोसा मांगता है और विश्वास और भरोसा देता है कि

यदि हमारी सरकार बनेगी, तो हम देश के लिए और जनता के लिए ये काम करेंगे। विगत चुनाव याद कीजिए, वर्ष 2004 का जो चुनाव हुआ, उनका नाम भी कहीं नहीं था। आदरणीय मनमोहन सिंह जी का नाम देश के किसी कोने में कांग्रेस के नेता की चर्चा में हमने कहीं सुना था। जो लोग उस चुनाव कांग्रेस के ...(व्यवधान)

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Sir, let him speak on the issue. He is misleading the House. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please listen to him.

...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह : आप हमारी बात सुनिए। जो लोग चुनाव में आमने-सामने लड़ रहे थे, पश्चिम बंगाल में, केरल में, त्रिपुरा में, कई अन्य लोग जब चुनाव जीतकर आए, तो एक गठबंधन बना, यह कहकर कि हम सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए सरकार बना रहे हैं या समर्थन दे रहे हैं। उस समय कौन प्रधानमंत्री बन रहा था? अटल बिहारी वाजपेयी बनने जा रहे थे, लाल कृष्ण आडवाणी बनने जा रहे थे, हमें तो जानकारी नहीं है, हम भी सदन के सदस्य हैं, हमें नहीं मालूम है कि उनको शपथ का कोई निमंत्रण मिला था, जिसे कम्युनिस्ट के लोग रहे थे, कोई किसी को रोक नहीं रहा था, अपना धंधा सीधा करने के लिए वह एक नापाक गठजोड़ था। वह नहीं चला। व्यक्तित्व में कहीं नाम नहीं, कहीं चर्चा नहीं, कहीं पोस्टर में नाम नहीं, वे प्रधानमंत्री बन गए। मैं उनका देश के अर्थशास्त्री के रूप में बड़ा सम्मान करता हूं। जब स्वर्गीय चंदू शेखर जी जिंदा थे, तो उनकी चर्चा करते थे, शायद मनमोहन सिंह जी उनके सलाहकार के रूप में हुआ करते थे, तब वे उनकी बड़ी प्रशंसा करते थे। उस समय से मेरे मन में उनके लिए अर्थशास्त्री के रूप में बड़ा सम्मान है। लेकिन अगर आज विश्वास मत देना है, तो किसी अर्थशास्त्री को नहीं, सदन के नेता को, प्रधानमंत्री को, देश को देना है। जिस व्यक्ति का नाम उसके दल का कोई व्यक्ति चुनाव में चर्चा नहीं करे और वह उम्मीद रखे कि सदन में आम सदस्यों से विश्वास मत हासिल करेंगे, यह क्या हो रहा है? इतना ही नहीं, व्यक्तित्व का निखार कितना हुआ? देश में चुनाव हुए, कई उपचुनाव हुए लोकसभा के, कई राज्यों में चुनाव हुए, आपके राज्य में भी हुआ, कर्नाटक में हुआ, बिहार में हुआ, उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन कहीं किसी कांग्रेसी नेता ने उन्हें नहीं बुलाया। शायद एक जगह पंजाब में बुलाया गया था, इसके अलावा कहीं किसी ने नहीं पूछा। ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI V. NARAYANASAMY): Sir, what is it that he is speaking? ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): Sir, what is this? Sir, this should not be allowed. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will see it.

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कांतिलाल भूरिया) : बहुत ही हल्के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। ...(व्यवधान) सदन को गुमराह कर रहे हैं। ...(व्यवधान)[p115]

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. अगर कुछ अनपार्लियामेंट्री शब्द होंगे, तो मैं देखूंगा।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down now.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded except the speech of Shri Prabhunath Singh.

*(Interruptions) â€¦ **

श्री कांतिलाल भूरिया : उपाध्यक्ष महोदय, ये हल्के शब्दों का प्रयोग कर रहे थे। इन्हें माफी मांगनी चाहिए।...(व्यवधान) इन्हें अपने शब्द वापिस लेने चाहिए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने कहा है कि यदि कुछ अनपार्लियामेंट्री शब्द होंगे तो मैं देखूंगा। What more can I do?

â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record. Nothing should be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down.

...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने पहले भी कहा है कि जो अनपार्लियामेंट्री लपज़ होंगे, उन्हें निकाल दिया जाएगा।

...(*Interruptions*)

---

* Not recorded

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, he is ridiculing the parliamentary system. He does not know how Prime Minister is chosen. The party which has the largest number of MPs has the right to elect anyone as its Prime Minister. ...(*Interruptions*)[SS116]

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, अगर हमारी बात अच्छी नहीं लगती, तो ये लिखकर दे दें, हम वही पढ़ देते हैं। इस तरह बात खत्म हो जायेगी। हमने कोई गाली नहीं दी है, हमने कोई अनपार्लियामैंट्री लेंग्वेज नहीं बोली है। हम उनके व्यक्तित्व की बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ़) : जो बात आप लोगों को अच्छी लगेगी, क्या हम वही कहेंगे? ...(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, हमारी बात इनको बहुत अच्छी नहीं लग रही है। देश की परम्परा रही है कि जितने भी सरकारी दफ्तर होते हैं, उनमें प्रधान मंत्री और राष्ट्रपति की तस्वीर लगायी जाती है। क्या प्रधान मंत्री जी की तस्वीर सरकारी दफ्तरों मे लगायी गयी है? ...(व्यवधान)

21.00 hrs.

(Mr. Speaker in the Chair)

अध्यक्ष महोदय: आप लोग थोड़ा शांत हो जाइये। रेणुका जी, प्लीज शांत हो जाइये।

â€¦(व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (SABARKANTHA): Sir, how can he discuss about his character? ...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: प्रभुनाथ सिंह जी, आप थोड़ा सब्जैक्ट पर बोलिये।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आप लोग बैठिये। हम देखेंगे।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please sit down. Let us carry on with this debate.

...(*Interruptions*)

श्री पवन कुमार बंसल : प्रधान मंत्री जी बार-बार कहते हैं कि उनकी तस्वीर अखबारों में नहीं देनी है। इसी चीज पर ये बार-बार जोर देते हैं और उन्होंने ही ये हिदायतें दी हैं। पोस्टर्स का आज जो जिक्र किया है, वह उस तरह से नहीं आया है। उससे पहले राज्य सभा में आ जाता है। प्रभुनाथ सिंह जी बोल रहे हैं कि ये लोकतांत्रिक परम्पराएं हैं। उनको मालूम नहीं है कि कैसे प्रधान मंत्री चुना जाता है और कौन सी पार्टी अपना चुनाव कैसे लड़ती है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Mr. Bansal, the next speaker from your Party is Shri Sibal. I will call him, and he will deal with this point if something is to be said.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: आपका समय काफी खराब हो गया है।

â€¦(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष जी, आज का जो विषय है, हम उसी पर बोल रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने स्वयं कहा था। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: ठीक है, आप छोड़िये। आप लोग थोड़ा धीरज रखिये, कपिल सिब्बल जी यहां बैठे हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : प्रधान मंत्री जी ने स्वयं चार वर्ष दो महीने के लेखा-जोखा पर चर्चा करने के लिए कहा था। आज करार पर कोई बहस नहीं हो रही है। लेखा-जोखा में प्रधान मंत्री जी के व्यक्तित्व की चर्चा है और यह होगी। ...(व्यवधान) यह उनके व्यक्तित्व की चर्चा है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बैठिये।

â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please sit down. Please do not bring in personal issues here. After all, everybody is entitled to respect all over the House and all over the country. ठीक है। आप सब्जैक्ट पर आइये।

â€¦(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, हम पूरा सम्मान करते हैं। हमने कोई आपत्तिजनक बात नहीं की है। वैसे भी परम्परा रही है। स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी एक बार प्रधान मंत्री और राज्य सभा की सदस्य थी, तो उन्होंने इस्तीफा देकर चुनाव लड़कर लोक सभा की सदस्यता प्राप्त की। आपको उनसे कुछ सीखना चाहिए। आप हल्ला कर रहे हैं। ...(व्यवधान) आप उन नेताओं से कुछ सीखिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग बैठ जाइये।

â€¦(व्यवधान)

